* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

24 जुलाई, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 274

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

कूनो में 11 चीते बड़े बाड़े में शिफ्ट स्पेशलिस्ट कर रहे हैं चेकअप








## मणिपुर घटना के विरोध में रांची में मानव शृंखला



मणिपुर में दो महिलाओं के साथ बर्बरतापूर्ण व्यवहार को लेकर हो रहा विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस घटना को लेकर हर वर्ग के लोगों में आक्रोश है। राज्य भर के मसीही समुदाय ने रविवार को रांची के सुजाता चौक, सर्जना चौक से डंगरा टोली तक मानव शृंखला बना कर विरोध दर्ज कराया। मौके पर संत मरिया महागिरजाघर के बिशप फेलेक्स टोप्पो ने कहा कि मणिपुर में हुई घटना काफी दर्दनाक है। पीड़ित परिवार को ईश्वर शक्ति प्रदान करे। उन्होंने लोगों से अपील की कि मणिपुर में हो रही हिंसा को रोकने के लिए ईश्वर से प्रार्थना करें। जीइएल चर्च के बिशप सीमांत तिर्की ने कहा कि ऐसी घटनाओं को रोकने की जरूरत है। प्रशासन के रहते हुए इस तरह की घटना घटित होना काफी दुखद है। इस घटना से हर समाज और वर्ग के लोग मर्माहत हैं। उन्होंने जल्द से जल्द मणिपुर में शांति बनाने की अपील की।

### मणिपुर को लेकर सी वोटर का सर्वे

## बलात्कारियों को फांसी हो राज्य में राष्ट्रपति शासन लगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** मणिपुर की स्थिति किसी से छुपी नहीं है। लगभग तीन महीने से जारी हिंसा के चलते वहां सब कुठ अस्त-व्यस्त हो गया है। वीडियो इतने भयावह, दर्दनाक और शर्मसार हैं कि कहा नहीं जा सकता। पूरे देश में इसे लेकर गुस्सा है। इस बीच भारत की प्रमुख चुनाव एजेंसी सी वोटर की ओर से किये गये एक विशेष सर्वे में यह सामने आया है कि अधिकांश भारतीयों की राय है कि मणिपुर की सरकार विफल हो गयी है। गौरतलब है कि ज्यादातर लोगों की राय है कि मई की शुरुआत से राज्य में फैली हिंसा को रोकने के लिए राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाये जाने की जरूरत है। सर्वे में शामिल 87 फीसदी लोगों ने मणिपुर के बलात्कारियों को फांसी देने की मांग की है।

सी वोटर सर्वे के दौरान पूछा गया कि क्या आपको लगता है कि मणिपुर में हिंसा राज्य में भाजपा की सरकार की पूरी विफलता को दर्शाती है? कुल मिला कर, लगभग 57 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने सकारात्मक उत्तर दिया, जबकि लगभग 30 प्रतिशत ने असहमति जतायी। 58 प्रतिशत लोग मानते हैं कि राजनीतिक कारणों से मणिपुर में हिंसा रोकने में सरकार विफल हो रही है।

### 87 फीसदी लोग बलात्कारियों के लिए मृत्युदंड के पक्ष में

सी वोटर सर्वे के दौरान पूछा गया कि मणिपुर में हो रही हिंसा के दौरान महिलाओं के साथ क्रूरता और सामूहिक बलात्कार के कुछ भयावह वीडियो सामने आये हैं। आपके अनुसार क्या ऐसे कृत्यों के दोषियों को मौत की सजा मिलनी चाहिए? कुल 87 प्रतिशत उत्तरदाताओं के विशाल बहुमत ने सकारात्मक उत्तर दिया, जबकि चार प्रतिशत से भी कम इससे असहमत थे।

### 62 फीसदी ने कहा : राष्ट्रपति शासन लगाया जाये

सर्वे में पता चला है कि करीब 62 फीसदी उत्तरदाता चाहते हैं कि राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाया जाये। एनडीए समर्थकों का बड़ा बहुमत 54 प्रतिशत चाहता है कि राष्ट्रपति शासन लगाया जाये, जबकि एक तिहाई से भी कम लोग इस तर्क से सहमत नहीं हैं। पूर्वोत्तर राज्य तीन मई से अनियंत्रित हिंसा की चपेट में है। जब मणिपुर उच्च न्यायालय ने आदेश दिया कि स्वदेशी मैतेई जनजाति को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिया जाये तो कुकी जनजाति के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश पर रोक लगा दी और मणिपुर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को फटकार लगायी।

बता दें कि मणिपुर में कुकी समुदाय के सदस्यों का विरोध जल्द ही भयानक हिंसा में बदल गया, क्योंकि दोनों समुदायों के उग्रवादी वर्गों ने एक-दूसरे पर हमले शुरू कर दिये, पुलिस चौकियों और शस्त्रागारों पर हमला किया और हथियार लूट लिये। इससे भी बुरी बात यह है कि महिलाओं पर बेरहमी से हमला किया गया और उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया, जिससे देशभर में आक्रोश और गुस्सा फैल गया। सुप्रीम कोर्ट ने यौन उत्पीड़न के मामलों पर स्वतः संज्ञान लिया है। इस मुद्दे पर हंगामे के कारण संसद का मानसून सत्र बाधित हो गया है। मणिपुर हिंसा में अब तक 115 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है और 600 से ज्यादा लोग घायल हो चुके हैं। घरों में आग लगाये जाने के कारण सैकड़ों लोग बेघर हो चुके हैं।

### झारखंड प्रदेश भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की विशेष बैठक

## सभी आरक्षित सीटों पर कमल खिलाने का संकल्प ले एसटी मोर्चा : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि पार्टी का अनुसूचित जनजाति मोर्चा राज्य की सभी आरक्षित सीटों पर कमल खिलाने का संकल्प ले। उन्होंने कार्यकर्ताओं को टास्क देते हुए कहा कि मोर्चा अपने संगठन को मजबूत करे। रविवार को मोर्चा की विशेष बैठक में उन्होंने कहा कि झारखंड में जनजातीय समाज आठ लोकसभा और 40 विधानसभा क्षेत्र में निवास करते हैं। मोर्चा कार्यकर्ता इन सभी क्षेत्रों में काम करें तथा देश और राज्य में भाजपा सरकार बनाने में जुट जायें। उन्होंने कहा कि आज राज्य सरकार आदिवासियों पर हो रहे शोषण, अत्याचार, बलात्कार जैसे मुद्दों को दरकिनार कर रही है। मुद्दों को भटकाने के लिए भाजपा शासित प्रदेशों को बदनाम करने का प्रयास कर रही है। इसलिए आगामी चुनाव में मौजूदा राज्य सरकार को उखाड़ फेंकना है। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव ने की। राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद समीर उरांव ने मोर्चा के आगामी कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अगस्त से दिसंबर तक झारखंड के सभी जिलों में सघन कार्यक्रम चलाये जायेंगे। राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में आदिवासी समाज सुरक्षित नहीं है। अगर अमन-चैन लाना है, तो भाजपा की सरकार केंद्र और राज्य में लानी होगी। इस सरकार को उखाड़ फेंकना होगा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र जी ने कहा कि प्रदेश से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें और कार्यकर्ता जिलों और मंडलों में प्रवास करें। संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि बूथ मजबूती पर विशेष जोर देने की आवश्कता है। उन्होंने 'बूथ जीते तो चुनाव जीते' फार्मूला पर चलने का निर्देश दिया। बैठक में गंगोत्री कुजूर, अवधेश सिंह चेरो, ताला मरांडी, मेनका सरदार, राजेंद्र मुंडा, लक्ष्मण टुडू, अरुण उरांव, जेबी तुबिद, बड़कुंवर गगराई, जयप्रकाश भोक्ता, रवि मुंडा, अन्नू लकड़ा उपस्थित थे। संचालन प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव ने तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश उपाध्यक्ष सुकमणि हेंब्रम ने किया।

## न्यूज रील्स

### दुनिया भर के मंदिरों में एक जैसा हो मैनेजमेंट

वाराणसी। नटराज की धरती काशी जैसे पवित्र स्थान पर विश्व के छोटे बड़े सभी मंदिरों के प्रबंधन में एकरूपता के लिए मंथन शुरू हो चूका है। इसमें 41 देशों के हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन धर्म के करीब 700 प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। इस प्रयास को ठीक उसी तरह से देखा जा रहा है, जैसे पाणिनी ने भगवान भोलेनाथ के डमरू से निकली ध्वनियों को संकलित कर व्याकरण की रचना कर डाली थी।

### वनखंडी नाथ मंदिर के पास कांवड़ियों पर पथराव

बरेली। बरेली में सावन के तीसरे सोमवार से पहले माहौल खराब करने की कोशिश की गयी। वनखंडी नाथ मंदिर के पास रविवार दोपहर को अराजकतत्वों ने कांवड़ियों पर पथराव कर दिया, जिससे अफरातफरी मच गई। घटना का वीडियो भी वायरल हुआ है। सूचना मिलते ही भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गयी है।

### आज होगा बाबा विश्वनाथ का अमृत वर्षा शृंगार

वाराणसी। वैसे तो श्री काशी विश्वनाथ का प्रतिदिन फूल मालाओं से शृंगार होता है, लेकिन सावन के सभी सोमवार पर बाबा अलग-अलग रूपों में भक्तों को दर्शन देते हैं। सावन के तीसरे सोमवार को बाबा का अर्धनारीश्वर का शृंगार सुगंधित फूलों से करने की परंपरा है। लेकिन इस बार मलमास के कारण सावन के तीसरे सोमवार पर बाबा विश्वनाथ का अमृत वर्षा शृंगार होगा। चौथे सोमवार को बाबा विश्वनाथ का भागीरथी शृंगार होगा। पांचवें सोमवार को तपस्यारत पार्वती शृंगार, छठवें सोमवार को शंकर पार्वती और गणेश शृंगार के दर्शन भक्तों को होंगे। सातवें सोमवार को अर्द्धनारीश्वर स्वरूप में भगवान शिव गर्भगृह में विराजमान होंगे। अंतिम और आठवें सोमवार को बाबा विश्वनाथ का रुद्राक्ष शृंगार कराया जायेगा।

### दरभंगा में डबल मर्डर से सनसनी

दरभंगा । बिहार के दरभंगा में अपराधियों ने सनसनीखेज घटना को अंजाम दिया है। बहेड़ी थाना क्षेत्र के सोनवा गांव में शनिवार की रात बदमाशों ने दादी-पोते की बेरहमी से हत्या कर दी। बदमाशों ने तेज धारदार हथियार से सिर और शरीर में जगह-जगह घोंप कर दोनों को मार डाला है। मृतकों की पहचान दिलीप सिंह की मां तारा देवी (75) और पुत्र आदर्श कुमार सिंह (15) के रूप में हुई। घटना के पीछे भूमि विवाद बताया जा रहा है।

### आजसू के प्रमंडल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में किया उत्साहवर्धन

## सबसे ज्यादा विकास की जरूरत पलामू प्रमंडल को है: सुदेश महतो

- राज्य सरकार ने चुनावी वादों को पूरा करने की बजाय उसे खुद स्थगित कर दिया
- राज्य की वर्तमान सरकार ने आइजी से लेकर सिपाही तक का बदल दिया आचरण

आजाद सिपाही संवाददाता



### पलामू में अकाल व सुखाड़ : देवशरण भगत

आजसू के केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत ने कहा कि पलामू में अकाल और सुखाड़ है, लेकिन यहां बौद्धिक क्षमता बहुत ज्यादा है। पलामू की धरती नेतृत्व पैदा करती है। पूर्व विधायक शिवपूजन मेहता ने कहा कि आजसू झारखंड का भावी खेवनहार है। केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी ने कहा कि आजसू पंचायत में जाकर लगातार जनता के बीच काम करेगी।


**मेदिनीनगर।** आजसू के पलामू प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन में केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि पूरे प्रदेश में अगर किसी प्रकार के विकास की जरूरत किसी को है, तो वह है पलामू प्रमंडल। यहां बहुत से लोग ऐसे हैं, जिनको दो जून की रोटी नसीब नहीं होती है। उनके बच्चे पढ़ने-लिखने के बजाय दो जून की रोजी-रोटी के लिए काम करते हैं, जिसके चलते वे नहीं पढ़ पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के मुखिया ने आइजी से लेकर सिपाही तक का आचरण बदल दिया है। ये लोग अपराध पर अंकुश लगाने की बजाय स्वयं इसके नीति निर्धारक बन गये हैं।

सुदेश महतो ने कहा कि 2019 से लेकर आज तक किसी भी बीडीओ-सीओ ने पंचायत का मुंह तक नहीं देखा है। भला ऐसे में विकास की परिकल्पना कैसे की जा सकती है। उन्होंने कहा कि राज्य के मुखिया ने जिन वादों के साथ सरकार बनायी, उन वादों को उन्होंने खुद स्थगित कर दिया। आज राज्य की स्थिति ऐसी है कि यहां अपराध, उग्रवाद, भ्रष्टाचार मुंह बाये खड़ा है। उन्होंने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि राज्य सरकार का एक कार्यक्रम चल रहा था। उसमें बीडीओ, सीओ को पंचायत स्तर पर जाकर लोगों की समस्या को सुनने का निर्देश दिया गया था। लेकिन उसका क्या नतीजा हुआ, सबके सामने है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले झामुमो ने वादा किया था कि अगर हमारी सरकार बनी, तो पांच लाख युवाओं को रोजगार देंगे।

सुदेश ने कहा कि सरकार के पास ना तो कोई सोच है और ना ही कोई विजन। अगर इनके पास विकास करने का कोई विजन होता, तो दिखता, लेकिन पूरे झारखंड में कहीं भी इस सरकार के द्वारा एक भी चिमनी नहीं जली है और जो चिमनी जल भी रही थी, उसे भी बुझा दिया गया। इससे करीब 12 लाख लोग बेरोजगार हो गये। उन्होंने कहा कि आज सरकार के हाथ में लगाम नहीं है। अगर लगाम होती, तो वह गाड़ी गिनने की बजाय अपराध की गिनती करती। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य खनिज संपदा से भरा पड़ा है। इसके बावजूद यहां के लोग भूखे हैं। वे केवल राशन दुकान के भरोसे हैं। उसमें भी गरीबों को तीन-तीन महीने बाद राशन और पेंशन मिलती है।

हाल ही में सुदेश महतो की कार्यशैली और आजसू की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए जयपुर के बड़े कारोबारी और पलामू निवासी बबन सिंह ने मौके पर कहा कि पलामू के विकास के लिए आजसू पार्टी कटिबद्ध है। यहां की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए हमलोग तन-मन-धन से तैयार हैं। शिक्षा त्वरित विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। यहां स्त्रियों की साक्षरता अन्य राज्यों से कम है। आजसू नारी शिक्षा के विकास में अहम योगदान देगा। खनिजों के मामले में पलामू का देश में अहम स्थान है। राजहरा का कोयला तथा यहां के ग्रेनाइट और ग्रेफाइट अच्छे किस्म के हैं। इसका विकास करना होगा। यहां के भाग आज भी नक्सलवाद से प्रभावित हैं। उनको मुख्य धारा में लाना हमारा कर्तव्य होगा। रोजगार के साधन उपलब्ध कराने से कई समस्याओं का समाधान स्वतः हो जायेगा।

पलामू जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी ने मंच का संचालन किया, वहीं धन्यवाद ज्ञापन आजसू नेता सतीश कुमार ने किया। इस मौके पर गढ़वा जिला अध्यक्ष, लातेहार जिला अध्यक्ष, नजम अंसारी, बबन कुमार, राकेश कुमार सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में राकेश सिंह, प्रवीण तिवारी समेत दर्जनों ने आजसू पार्टी का दामन थामा।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,300 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 24 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in


# अपराजेय क्यों हैं बीजू जनता दल के मुखिया नवीन पटनायक

## ■ 23 साल से अधिक समय तक मुख्यमंत्री रहने का बना लिया है रिकॉर्ड

## ■ पिछड़े राज्यों की सूची से बाहर निकाल कर ओड़िशा को किया विकसित

आजाद सिपाही विशेष

भारतीय राजनीति में आमतौर पर ऐसा माना जाता है कि प्रभावी भाषण देने और लगातार चर्चा में बने रहनेवाले नेता ही लंबे समय तक सत्ता में रह सकते हैं, लेकिन ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस परिपाटी को झूठा साबित किया है। अपनी शांत और निर्विवाद छवि के साथ नवीन पटनायक क्षेत्रीय राजनीति में अभी तक अजेय बने हुए हैं। केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी, यूपीए की सरकार हो या फिर नरेंद्र मोदी की पूर्ण बहुमत वाली मजबूत सरकार, लेकिन कोई भी ओड़िशा की राजनीति में नवीन पटनायक से पार नहीं पा सका है। रविवार को नवीन पटनायक देश के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहनेवाले दूसरे नेता बन गये हैं। मुख्यमंत्री रहते हुए नवीन पटनायक को 23 साल 139 दिन का समय हो गया है और ओड़िशा की राजनीति में उनके कद को देखते हुए पूरी उम्मीद है कि अगले कार्यकाल में भी वह राज्य का नेतृत्व करेंगे। नवीन पटनायक ने माकपा के दिग्गज नेता ज्योति बसु का रिकॉर्ड तोड़ा है, जो 23 साल 137 दिनों तक पश्चिम बंगाल के सीएम रहे। सबसे लंबे समय तक सीएम रहने का रिकॉर्ड अभी सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग के नाम है, जो 12 दिसंबर 1994 से लेकर 26 मई 2019 तक करीब साढ़े 24 साल इस पद पर रहे। नवीन पटनायक की ओड़िशा की राजनीति पर पकड़ को देखते हुए माना जा रहा है कि वह चामलिंग का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। नवीन पटनायक ने जब पहली बार सत्ता संभाली थी, उस समय ओड़िशा देश के पिछड़े राज्यों की सूची में शुमार था, लेकिन आज ओड़िशा देश के विकसित राज्यों में शामिल है और कालाहांडी के अकाल और चक्रवाती तूफानों से हुई तबाही के दौर को पीछे छोड़ शिक्षा, उद्योग और पर्यटन का हब बन चुका है। नवीन पटनायक के बारे में कहा जाता है कि वह अभी भी धाराप्रवाह उड़िया भाषा नहीं बोल पाते, लेकिन हमेशा सादे कुर्ते-पायजामे में रहनेवाले बीजद प्रमुख ने अपनी सादगी, जनकल्याणकारी योजनाओं और निर्विवाद छवि से राज्य के लोगों का भरोसा जीता है। नवीन पटनायक के बारे में अच्छी बात यह है कि उनके सभी पार्टियों के नेताओं के साथ अच्छे संबंध रहे हैं। अपनी सरकार की नीतियों से पटनायक ने ग्रामीण महिलाओं, बुजुर्गों और किसानों का ऐसा वोट बैंक तैयार किया है, जो हमेशा से उनके प्रति वफादार रहा है। आखिर नवीन पटनायक ने ऐसा क्या कर दिया है और वह अपराजेय क्यों हैं, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक रविवार को देश के दूसरे सबसे लंबे समय तक सेवा करनेवाले सीएम बन गये हैं। पश्चिम बंगाल के दिवंगत कम्युनिस्ट मुख्यमंत्री ज्योति बसु को पछाड़ कर पटनायक ने यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय में 23 साल और 139 दिन पूरे कर लिये हैं, जो राज्य की राजनीति पर उनके पूर्ण प्रभुत्व को दर्शाता है। नवीन पटनायक 76 साल के हैं। 1997 में नवीन के पिता और पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक के निधन के बाद उनके विरोधियों ने उन्हें नौसिखिया कह कर खारिज कर दिया था, लेकिन आज उन्होंने इन सभी को प्रशंसा के साथ शांत बैठने के लिए मजबूर कर दिया है। वह लगातार अपने विरोधियों को ध्वस्त करते जा रहे हैं।

### चामलिंग के नाम है सबसे लंबा समय का रिकॉर्ड

सिक्किम के पवन कुमार चामलिंग के पास दिसंबर 1994 और मई 2019 के बीच 24 साल और 166 दिनों तक सबसे लंबे समय तक सीएम रहने का रिकॉर्ड है। बसु ने लगातार 23 वर्षों तक पूर्वी राज्य पर शासन करने के बाद 2000 में बंगाल के सीएम का पद छोड़ दिया था। वहीं चामलिंग हिमालयी राज्य पर शासन करने के बाद मई 2019 में विधानसभा चुनाव हार गये थे।

### 1997 में पहली बार चुने गये सांसद

एक एक्सीडेंटल पॉलिटिशियन, दून स्कूल और सेंट स्टीफंस से पढ़े-लिखे नवीन पटनायक ने राजनीति की कला बहुत जल्दी सीख ली। उन्होंने पहली बार 1997 में अस्का से लोकसभा उपचुनाव जीता था। यह सीट उनके पिता बीजू पटनायक के निधन के बाद खाली हुई थी। भाजपा की मदद से पटनायक और अन्य लोग जनता दल से अलग हुए और बीजू जनता दल का गठन किया। यह नाम उनके पिता के नाम पर रखा गया। अगले साल लोकसभा चुनावों में उनकी पार्टी ने भाजपा से गठबंधन कर लिया। पटनायक प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में इस्पात और खान मंत्रालय में कैबिनेट मंत्री बने।

### महाचक्रवात से तबाही और फिर नवीन ने संभाली कमान

अक्टूबर, 1999 में महाचक्रवात आया था। इसमें 10 हजार से अधिक लोग मारे गये




और तटीय ओड़िशा के अधिकांश हिस्से तबाह हो गये। अगर यह तबाही न आती, तो शायद पटनायक केंद्रीय मंत्री बने रहते। उस वक्त कांग्रेस शासन ऑस्ट्रेलियाई मिशनरी ग्राहम स्टेंस और उनके दो युवा बेटों की हत्या सहित कई विवादों में घिरा हुआ था। ओड़िशा के तत्कालीन मुख्यमंत्री गिरिधर गमांग ने ऐसे समय में अपने हाथ खड़े कर दिये, जब लाखों उड़िया लोग चक्रवात में अपना घर और चूल्हा खोने के बाद भोजन और आश्रय की तलाश में थे।

### 2009 में कंधमाल दंगों के बाद छोड़ा भाजपा का साथ

बीजद का भाजपा के साथ गठबंधन 2009 तक जारी रहा। हालांकि, कंधमाल दंगों के बाद यह गठबंधन टूट गया, जिससे उनकी धर्मनिरपेक्ष छवि पर दाग लगने का खतरा था। उसके बाद नवीन पटनायक को पद से हटाने के लिए कई प्रयास हुए, मगर सफलता नहीं मिली। कई लोक लुभावन पहलों, मजबूत और अच्छी तरह से स्थापित पार्टी कैडर के कारण उनकी लोकप्रियता में कभी कमी नहीं आयी।

### हमेशा साफ-सुथरी छवि रही है नवीन पटनायक की

एक तरफ जहां नवीन पटनायक की साफ-सुथरी छवि वाले राजनेता की छवि उन्हें अच्छी स्थिति में रखती है, वहीं उनकी सबसे बड़ी ताकत चुनौती के सामने राजनीतिक गतिशीलता है। 2019 के चुनावों से पहले उन्होंने नगद सहायता कार्यक्रम शुरू किया। साथ ही स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए धन और सहायता मुहैया कराने की पहल हुई। ये सब उनके वोट बैंक का बड़ा हिस्सा हैं। पटनायक ने अपने जनाधार को बरकरार रखने के लिए हरसंभव प्रयास किया है। राज्य ने पांच साल में दो बार पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी की। साथ ही भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीम को प्रायोजित किया। पटनायक ने अपने 23 साल के शासन में मतदाताओं के बीच व्याप्त सत्ता विरोधी भावना से लड़ने के लिए खेलों का भी इस्तेमाल किया है।

### चरमरा गयी वित्तीय स्थिति में बड़ा सुधार

मार्च 2000 में नवीन पटनायक ने चक्रवात से प्रभावित ओड़िशा की कमान संभाली। पिछले शासनों की अक्षमता और भ्रष्टाचार से ग्रस्त वित्तीय फिजूलखर्ची के कारण राज्य की वित्तीय स्थिति चरमरा गयी थी। 2001-02 के अंत तक राज्य अपने सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 6.06 फीसदी की सीमा तक राजस्व घाटे में पहुंचा। मगर पिछले 23 वर्षों में राज्य की प्रति व्यक्ति आय 1999-2000 में 10 हजार 662 रुपये से बढ़ कर 2022-23 में एक लाख 50 हजार 676 रुपये हो गयी है। 1950 और 1980 के बीच ओड़िशा की विकास दर लगभग 2.77 फीसदी थी, जबकि देश की विकास दर 3.5 फीसदी थी। 2012-13 से ओड़िशा की जीडीपी 8.10 फीसदी की औसत वार्षिक दर से बढ़ रही है, जो 2014-15 व 2017-18 को छोड़कर पिछले सात वर्षों में राष्ट्रीय जीडीपी से ज्यादा है।

### अकाल मौतों और बच्चों की बिक्री के लिए कुख्यात था राज्य

80 और 90 के दशक में भुखमरी से होनेवाली मौतों और बच्चों की बिक्री के लिए ओड़िशा कुख्यात रहा। इस स्थिति ने निवाले पर गुजारा करनेवाले दुर्बल पुरुषों और महिलाओं की छवि को जन्म दिया। 60 के दशक में सूखा प्रभावित कालाहांडी-कोरापुट जिलों से हजारों लोगों की भूख से मौत हो गयी थी। इसमें उस उक्त बड़ा बदलाव आया, जब सरकार ने 2008 से 55 लाख बीपीएल परिवारों को दो रुपये प्रति किलोग्राम चावल उपलब्ध कराना शुरू किया।

2013 में इसने दरों को घटा कर एक रुपये प्रति किलोग्राम कर दिया। इसी हफ्ते की शुरुआत में नीति आयोग की एक रिपोर्ट आयी है। इससे पता चला कि ओड़िशा ने पिछले आधे दशक में राज्यों के बीच बहुआयामी गरीबी में चौथी सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की है। बहुआयामी गरीबों का अनुपात 2015-16 में 29.34 प्रतिशत से गिर कर 2019-2021 में 15.68 प्रतिशत पहुंच गया।

### शिक्षा और उद्योग का बिछ रहा जाल

आज ओड़िशा की पहचान शानदार सड़कों, बिजली की निर्बाध आपूर्ति व्यवस्था और विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ शिक्षा के हब और उद्योगों के लिए भी होती है। विकास के इतने अध्याय लिखने के बावजूद आज तक नवीन पटनायक पर कभी भ्रष्टाचार या भाई-भतीजावाद का एक भी आरोप नहीं लगा और यही उनके अपराजेय रहने का असली कारण हो सकता है।

---

## ओपन मैगजीन सर्वश्रेष्ठ कॉलेज 2023 रैंकिंग

# बीबीए, बीसीए कार्यक्रमों के लिए झारखंड में नंबर वन स्थान पर उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी

विश्वविद्यालय ने झारखंड में इंजीनियरिंग कार्यक्रमों के लिए दूसरी रैंक भी हासिल की है

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भारत के अग्रणी उच्च शिक्षा संस्थानों में से एक, उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी (यूएमयू) ने ओपन मैगजीन बेस्ट कॉलेज 2023 रैंकिंग में अपने असाधारण बीबीए और बीसीए कार्यक्रमों के लिए झारखंड में सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय का प्रतिष्ठित खिताब हासिल किया है। इसके अतिरिक्त, यूएमयू ने ओपन मैगजीन बेस्ट कॉलेज 2023 रैंकिंग में अपने इंजीनियरिंग कार्यक्रमों के लिए राज्य में दूसरा स्थान हासिल किया। ये उत्कृष्ट उपलब्धियां अकादमिक उत्कृष्टता और शैक्षिक परिदृश्य में अग्रणी प्रगति के प्रति यूएमयू की अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती हैं।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा मान्यता प्राप्त, उषा मार्टिन विश्वविद्यालय आइएसओ 9001:2015 प्रमाणित है। एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआइयू) के सदस्य, विश्वविद्यालय को क्यूएस आइ गेज द्वारा ई-लीड प्रमाणन प्रदान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, यूएमयू झारखंड का पहला विश्वविद्यालय है, जिसे डिजिटल क्षमता के लिए प्रमाणित किया गया है।

हाल की उपलब्धियों पर टिप्पणी करते हुए, अध्यक्ष हेमंत गोयल ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति और समर्पित संकाय पर बहुत गर्व व्यक्त किया। श्री गोयल ने कहा कि ये प्रशंसाएं हमारे छात्रों के लिए एक पोषण और बौद्धिक रूप से प्रेरक वातावरण प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती हैं। हम बीबीए और बीसीए कार्यक्रमों के लिए प्रमुख विश्वविद्यालय और ओपन मैगजीन बेस्ट कॉलेज 2023 रैंकिंग में झारखंड में इंजीनियरिंग के लिए दूसरे सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय के रूप में मान्यता प्राप्त होने पर बेहद सम्मानित महसूस कर रहे हैं। श्री गोयल ने कहा कि जैसा कि उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी बनी हुई है, संस्थान समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और आत्मविश्वास के साथ छात्रों को सशक्त बनाने के अपने मिशन में दृढ़ है।

शैक्षणिक पेशकशों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ, उषा मार्टिन विश्वविद्यालय कई विषयों में शिक्षा में उत्कृष्टता चाहनेवाले छात्रों के लिए एक आदर्श स्थान है। विश्वविद्यालय डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर, एकीकृत और डॉक्टरेट पाठ्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है, जिसमें कला और मानविकी, कृषि, पत्रकारिता और जनसंचार, इंजीनियरिंग और अनुप्रयुक्त विज्ञान, व्यवसाय प्रबंधन और वाणिज्य, कंप्यूटिंग और सूचना प्रौद्योगिकी, कानून और व्यावसायिक विज्ञान शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं। समग्र विकास, अत्याधुनिक अनुसंधान और नवाचार की भावना को बढ़ावा देने पर ध्यान देने के साथ यूएमयू झारखंड में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी के रूप में अपनी स्थिति बनाये रखने के लिए तैयार है।

---

# श्रावणी मेला ड्यूटी में तैनात 506 पुलिसकर्मी पुरस्कृत, 39 निलंबित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**देवघर।** झारखंड के विभिन्न जिलों से देवघर श्रावणी मेला के दौरान प्रतिनियुक्ति पर बेहतर काम करनेवाले पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही ड्यूटी में लापरवाह और अनुशासनहीन पुलिसकर्मियों को निलंबित होना पड़ा है। मेला ड्यूटी में प्रतिनियुक्त 506 पुलिसकर्मी ऐसे हैं, जिन्हें बेहतर काम करने के लिए पुरस्कृत किया गया, जबकि अस्थायी टीओपी, रूट लाइन और विधि व्यवस्था में लगे 39 पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है।

मेला के लिए बनाये गये अस्थायी ओपी, यातायात ओपी और रूट लाइनिंग में तैनात कई पुलिसकर्मी अनुपस्थित होने, शराब पीकर ड्यूटी करने, लोगों को भड़काने सहित कई आरोप में पुलिसकर्मी निलंबित किये गये हैं। निलंबित होनेवाले जवानों में रांची, बोकारो, धनबाद, सिमडेगा, गिरिडीह, लोहरदगा, जामताड़ा, गढ़वा, देवघर, विशेष शाखा, प्रशिक्षण केंद्र नेतरहाट के पुलिसकर्मी शामिल हैं। बोकारो और सिमडेगा के सबसे अधिक पुलिसकर्मी निलंबित हुए हैं।



देवघर श्रावणी मेला ड्यूटी में प्रतिनियुक्ति पर तैनात पुलिसकर्मी ने एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान एक देसी पिस्टल के साथ हर्ष राज सिन्हा और पवन कुमार यादव को गिरफ्तार गिरफ्तार किया। इसमें शामिल विभिन्न जिले से मेला ड्यूटी में प्रतिनियुक्त सभी पुलिसकर्मी को 1000 रुपये से पुरस्कृत किया गया। एसआइ विजय कुमार किंडो, आरक्षी निरंजन उरांव, अनिल कुमार साहू, राजू साहू और अमर कुमार का नाम शामिल हैं।

### ये पुलिसकर्मियों हुए निलंबित

आरक्षी सत्येंद्र कुमार, रांची जिला बल, एएसआइ उग्रीव पासवान, रांची जिला बल, आरक्षी बिरसु उरांव, बोकारो जिला बल, आरक्षी उमेश कुमार बोकारो जिला बल, आरक्षी सुमंत यादव बोकारो जिला बल, आरक्षी चंदन कुमार सांडिल्य, बोकारो जिला बल, आरक्षी पप्पू कुमार यादव जैप-03 गोविंदपुर धनबाद, आरक्षी मो शाहीद अंसारी, धनबाद जिला बल, आरक्षी दुखराज उरांव धनबाद जिला बल, एएसआइ अक्षयवर राम, सिमडेगा जिला बल, हवलदार अनुज कुमार सिमडेगा जिला बल, हवलदार अनुज कुमार सिमडेगा जिला बल, आरक्षी अशोक कुमार दिग्वार सिमडेगा जिला बल, आरक्षी शंभू कुमार, गिरिडीह जिल ाबल, आरक्षी अरशद अजीज, गिरिडीह जिला बल, आरक्षी सुखनाथ प्रधान लोहरदगा जिला बल,आरक्षी बुदीराम बास्की, जामताड़ा जिला बल, एएसआइ सुशांत लकड़ा गढ़वा जिला बल, आरक्षी अमित गौरव, देवघर जिला बल, आरक्षी पतरस मलतो जैप-5, आरक्षी फैयाज अहमद, विशेष शाखा, आरक्षी विनोद कुमार महतो प्रशिक्षण केंद्र नेतरहाट।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.0 °c | 22.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.36 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.16 बजे |



# नेतरहाट आवासीय विद्यालय ने बचाये झारखंड सरकार के 1.37 करोड़ रुपये

## प्राचार्य डॉ प्रसाद पासवान ने कहा : राष्ट्रीय स्तर पर मैट्रिक और इंटर का रिजल्ट देने का रहेगा प्रयास



देवानंद

**महुआडांड़ (आजाद सिपाही)।** नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्राचार्य के रूप में 19 जून को डॉ प्रसाद पासवान ने प्रभार लिया। इसके बाद उनके द्वारा पठन-पाठन की सामग्री, पोशाक, खाद्य सामग्री समेत बच्चों के उपयोग की चीजों में पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में इस वित्तीय वर्ष में लगभग 1 करोड़ 37 लाख रुपये की सरकार को बचत करायी गयी। इन सभी सामग्रियों की पूर्ति के लिए टेंडर किया जाता था और संवेदकों के द्वारा इन सारी सामग्रियों की आपूर्ति की जाती

### जरेडा की सोलर लाइट से पूरा स्कूल कैंपस होगा रोशन

थी। शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने बताया कि इसे लेकर मैंने स्कूली शिक्षा सचिव और निदेशक से मुलाकात कर नेतरहाट आवासीय विद्यालय के मैट्रिक और इंटर के रिजल्ट को राष्ट्रीय स्तर पर लाने के लिए प्रयासरत रहने की बात कही है। मेरी कोशिश रहेगी कि इस विद्यालय का रिजल्ट राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा हो और शैक्षणिक क्षेत्र में विभिन्न तरह के क्रियाकलाप कराने की भी योजना है। वहीं दूसरी ओर जरेडा के द्वारा पूरे स्कूल कैंपस में सरकारी योजना के तहत सोलर एनर्जी आपूर्ति करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, यह कार्य निःशुल्क रूप से किया जा रहा है। जब जरेडा के द्वारा पूर्ण रूप से स्कूल कैंपस में सोलर एनर्जी लाइट लगा दी जायेगी, तब स्कूल में लाइट की समस्या से निजात मिल जायेगी और पूरा स्कूल परिसर लाइट से जगमगाने लगेगा। उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश होगी कि नेतरहाट की जो गरिमा है, उसमें दिनोंदिन इजाफा हो और यह शिक्षण संस्थान पूरे देश में एक नंबर पर रहे।

# रिम्स से फरार गोली लगने से घायल महिला पकड़ी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गोली लगने से घायल लातेहार की रहनेवाली महिला को रिम्स की पुरानी इमरजेंसी के पास से शनिवार देर रात पकड़ा गया। इसके बाद उसे रिम्स के हृदय रोग विभाग के पांचवें तल्ले में भर्ती कराया गया है। गोली लगने के बाद महिला को रिम्स में भर्ती कराया गया था। लेकिन शनिवार देर शाम वह वहां से फरार हो गयी थी, जिसके बाद पुलिस महिला की तलाश में जुटी थी।

उल्लेखनीय है कि लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र स्थित बरियातू की रहनेवाली विनीता कुमारी को शुक्रवार देर रात रिम्स की इएनटी यूनिट में भर्ती कराया गया था। महिला को रांची के कटहल मोड़ के पास अपराधियों ने गोली मारी थी। हालांकि महिला की नाक को छूते हुए गोली निकल



गयी थी। इससे महिला घायल हो गयी थी, जिसके बाद उसे रिम्स में भर्ती कराया गया था।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — कर्मक्षेत्र में जो रुकावट बनी हुई है, बकाये रकम की प्राप्ति होगी।
- **वृष** — धन लाभ व कार्यों में आशानुकूल सफलता मिलेगी, प्रियजनों का सहयोग।
- **मिथुन** — आपको किसी काम में अनुपम कीर्ति मिलेगी, चारों ओर आपकी वाहवाही होगी।
- **कर्क** — सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी, महत्वपूर्ण कार्य सफल, सुखद दांपत्य जीवन।
- **सिंह** — किसी प्रभावशाली व्यक्ति के सहयोग से अधूरा काम पूरा होगा, गुप्त शत्रुओं पर विजय।
- **कन्या** — प्रेम प्रसंगों में सफलता मिलेगी, वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।
- **तुला** — आर्थिक पक्ष कुछ हद तक बेहतर बनेगा, परिवार में मांगलिक कार्य का संपादन होगा।
- **वृश्चिक** — रोजी-रोजगार के उचित अवसर प्राप्त होंगे, आयु-आरोग्य की रक्षा होगी।
- **धनु** — परिश्रम का पूरा-पूरा लाभ मिलेगा, आर्थिक-योजनाओं में सफलता मिलेगी।
- **मकर** — शुभ समाचार मिलेंगे, संपत्ति संबंधी विवाद हल होंगे, पारिवारिक उलझनें दूर होंगी।
- **कुंभ** — घर में कोई मंगल कार्य हो सकता है, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों की स्थिति लाभप्रद रहेगी।
- **मीन** — कार्यक्षेत्र की जिम्मेदारियां बढ़ेगी, आमदनी के नये स्रोत तैयार होंगे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने राज्य सरकार की मंशा पर उठाये सवाल

# धर्मांतरण रोकने और लव जिहाद पर लायें विधेयक : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 28 जुलाई से शुरू होने जा रहे झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में मॉब लींचिंग पर राज्य सरकार विधेयक ला सकती है। राज्यपाल की ओर से इस विधेयक में कई कमियां बता कर इसे वापस कर दिया गया था। खबर है कि सरकार ने इन कमियों को दूर कर लिया है। कैबिनेट की मंजूरी भी मिल चुकी है। इसी बीच पूर्व सीएम और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इसे लेकर सरकार की मंशा पर सवाल उठाये हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि आखिर मुख्यमंत्री जी इस विधेयक के लिए इतना व्याकुल क्यों हैं?

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने लिखा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मॉब लीचिंग पर फिर एक बार विधेयक लाने जा रहे हैं। पिछले विधेयक को राज्यपाल ने लौटा दिया था। अगर मन में तनिक भी ईमानदारी है, तो



धर्मपरिवर्तन रोकने के लिए भी विधेयक लाइए। लव जिहाद से पूरा झारखंड विशेष कर संथालपरगना और संताल समुदाय तबाह हो रहा है। दम है तो इस पर विधेयक लाइए।

### ऐसा नहीं करेंगे, क्योंकि वोटर नाराज होंगे

बाबूलाल ने लिखा है कि धर्मपरिवर्तन रोकने और लव जिहाद पर विधेयक लाने की बात आप नहीं करेंगे। इन पर विधेयक आप नहीं लायेंगे। आपका घुसपैठिया वोटर नाराज हो जायेगा। झारखंड की हजारों संताल/आदिवासी लड़कियों समेत अन्य की लव जिहाद, धर्मपरिवर्तन ने जिंदगी छीन ली। हम इस मुद्दे को छोड़नेवाले नहीं हैं। सरकार में आयेंगे तो सबक सिखायेंगे।

### मॉब लींचिंग विधेयक पर राजभवन की आपत्ति

- विधेयक के अंग्रेजी संस्करण में धारा दो के उपखंड (1) के उपखंड 12 में गवाह संरक्षण योजना का जिक्र किया गया है, लेकिन हिंदी संस्करण में इसका जिक्र ही नहीं है।
- राज्यपाल ने इसी धारा के उपखंड (1) के उपखंड 6 में दी गयी भीड़ की परिभाषा पर भी आपत्ति की थी। कहा गया था कि दो या दो से अधिक व्यक्तियों के समूह को अशांत भीड़ नहीं कहा जा सकता।
- दोषी को आजीवन कारावास और 25 लाख तक जुर्माने का था प्रावधान
- मॉब लींचिंग निवारण विधेयक-2021 में दोषी पाये जाने पर तीन साल के सश्रम आजीवन कारावास और 25 लाख रुपये जुर्माने के साथ संपत्ति की कुर्की तक का प्रावधान था।
- गंभीर चोट आने पर भी 10 साल से लेकर उम्र कैद तक की सजा का प्रावधान किया गया था। वहीं भीड़ को उकसाने वालों को दोषी मानते हुए उन्हें तीन साल की सजा देने की व्यवस्था थी।
- विधेयक में पीड़ित परिवार को मुआवजा देने और पीड़ित के मुफ्त इलाज की व्यवस्था का प्रावधान भी किया गया था।

## मणिपुर की घटना पर प्रदेश कांग्रेस ने प्रेस कांफ्रेंस की

# जो कुछ मणिपुर में हुआ है, उससे वीभत्स कुछ नहीं हो सकता: दीपिका पांडेय सिंह

### कांग्रेस विधायक ने पीएम पर जमकर साधा निशाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस की विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि जिसके मन में जरा भी महिलाओं के लिए सम्मान होगा, जो कुछ मणिपुर में हुआ है, उससे वीभत्स कुछ नहीं हो सकता। पूरा देश का सिर झुकाने वाला पूर्वोत्तर जल रहा है। हमारे प्रधानमंत्री सात देशों का दौरा कर आये, लेकिन मणिपुर के लिए समय नहीं निकाल पाये या उनको ऐसा लगता होगा कि मणिपुर में घट रही घटनाएं इतनी महत्वपूर्ण नहीं हैं। विदेशों में प्रधानमंत्री मोदी भाषण देते हैं पर मणिपुर के लिए दो शब्द नहीं थे उनके पास। जब सर्वोच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लिया, तब विवश होकर मीडिया से मुखातिब हुए। मणिपुर पर कम राजस्थान और छतीसगढ़ पर भाषण देकर इस तरह की घटना पर भी राजनीति करने का काम किया। कम से कम अपील ही कर लेते शांति स्थापित होनी चाहिए।

मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ हुए दुर्व्यवहार



और अमानवीय घटना को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देश पर रविवार को राज्य के सभी प्रमंडलों में महिला सांसद, विधायक औरनेत्री के द्वारा संवाददाता सम्मेलन आहूत किया गया। इसी कड़ी में झारखंड प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, रांची में विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने प्रेस को संबोधित करते हुए उक्त बातें कहीं।

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस सेवादल की अध्यक्ष नेली नाथन, सुंदरी तिर्की, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ कुमार राजा मौजूद थे। दीपिका ने कहा कि हमें गर्व है अपने नेता राहुल गांधी पर। तमाम व्यवधान के बीच वह गये और उनको हर समुदाय ने गले से लगाया, उन्हें रोकने की कोशिश सरकार की ओर से हुई, किंतु न वह रुके ना वह झुके और ना डरे। प्रश्न यह उठता है कि उनकी गुप्त एजेंसियां क्या कर रही थीं। विपक्ष के विधायकों को डराने के लिए भाजपा में सम्मिलित कराने के लिए जो तत्परता दिखाती है, वह तत्परता मणिपुर में कहां चली गयी। जबकि महिला आयोग, मणिपुर की राज्यपाल तक चिंता व्यक्त कर चुकीं, लेकिन मणिपुर की हिंसा नहीं रुकी। दुख इस बात का भी है कि मणिपुर में शांति स्थापित करने के बजाय मणिपुर के मुख्यमंत्री यह कहते हैं कि ऐसी घटना सैकड़ों की संख्या में होती है, यह बयान नैतिक पतन की पराकाष्ठा है। एक बात यह भी तय है कि सत्ता के अहंकार में कौरवों ने भी द्रौपदी का अपमान किया था और उसका परिणाम आज हम सब जानते हैं कि पूरा कौरव वंश का विनाश हो गया।

# सरकार की वादाखिलाफी के विरुद्ध होगा चरणबद्ध आंदोलन: विनोद विश्वकर्मा

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रविवार को झंडा मैदान गिरिडीह में झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ की बैठक जिला अध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वप्रथम मनरेगा संघ गिरिडीह के सचिव और कोषाध्यक्ष का सर्वसम्मति से चयन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से सचिव पद के लिए बेंगाबाद के रोजगार सेवक नवीन कुमार और कोषाध्यक्ष के रूप में गिरिडीह के रोजगार सेवक बसंत मंडल का चयन किया गया। जिला अध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा दर्जनों बार मनरेगा कर्मियों की सेवा स्थायी करने और मानदेय में बढ़ोतरी सहित अन्य सुविधा देने का वादा किया गया था। कहा कि सरकार की इस वादा खिलाफी के खिलाफ मुख्य रूप से 23 जुलाई से 22 दिसंबर तक चरणबद्ध आंदोलन किया जायेगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा, पूर्व सचिव टहल रविदास, रामकिशोर वर्मा, बालेश्वर रविदास, राजदेव विश्वकर्मा, सुरेश प्रसाद वर्मा उपस्थित थे।

# योग केवल व्यायाम नहीं, यह एक समग्र जीवनशैली है: राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि योग सदियों से किया जाता रहा है। इसकी जड़ें हमारी भारतीय विरासत में गहरी हैं और यह अब वैश्विक बन गयी हैं तथा इसे दुनिया भर में लाखों लोगों ने अपनाया है। यह पूरे विश्व को भारत का एक अमूल्य उपहार है। राज्यपाल रविवार को आइएमए में इंडियन योग एसोसिएशन-झारखंड स्टेट चैप्टर की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल ने कहा कि योग केवल शारीरिक आसन या व्यायाम नहीं है, यह एक समग्र जीवनशैली है, जो हमें स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है, तनाव को कम करता है और विचारों में स्पष्टता लाता है। इसे भावी पीढ़ियों तक पहुंचाना हम



सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वैश्विक मंच पर योग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। उनकी उल्लेखनीय पहल से संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया तथा इससे पूरे विश्व में योग के प्रति जागरूकता में वृद्धि हुई।

राज्यपाल ने कहा कि हमारे देश में बहुत से लोग मधुमेह और उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं, जो अन्य बीमारियों को भी जन्म देती है। बदलती जीवनशैली के कारण युवाओं में भी विभिन्न व्याधियां देखने को मिल रही हैं। ऐसे में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है, यह जीवन में अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने सभी से योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने का आह्वान किया। कहा कि इसे अपना कर लोग अपनी सेहत पर इसके गहन सकारात्मक प्रभाव का अनुभव कर सकते हैं।

## राजधनवार में सदानी झंडा घरों और चौक-चौराहों पर लहरा

# सदानों की पहचान मिटाने की साजिश हो रही: राजेंद्र प्रसाद

### सदानों को यूपी, बिहार, दिल्ली, महाराष्ट्र से राजनीतिक दल लोकसभा और विधानसभा में उम्मीदवार बनायें तो जानें

### कहा: नियोजन नीति और स्थानीय नीति परिभाषित नहीं होने से सबसे ज्यादा नुकसान मूलवासी सदानों को

आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार।** मूलवासी सदान मोर्चा की केंद्रीय समिति की ओर से सदानों के अधिकार को लेकर लगातार महापंचायत, सम्मेलन और सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। अधिकार, आस्था और पहचान को लेकर सदानी झंडा लगाओ अभियान का भव्य आयोजन रविवार को राजधनवार में किया गया। सदानी झंडा को अपने घरों में लगाने को लेकर मूलवासी सदान काफी उत्साहित दिखे। इस मौके पर मुख्य अतिथि मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने राजनेताओं को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि राज्य में बननेवाली सरकारों ने मूलवासी सदानों के अधिकार को छीना है और अब हमारी पहचान को मिटाने की साजिश हो रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में बाहरी लोगों को लोकसभा और विधानसभा में राजनीतिक दल उम्मीदवार बना कर सांसद-विधायक बना रहे हैं। इससे



मूलवासी सदानों की राजनीतिक उपेक्षा हो रही है। राजनीतिक दल मूलवासी सदानों को बिहार, यूप, दिल्ली और महाराष्ट्र जैसे राज्यों से उम्मीदवार बनायें, तब हम जानें? प्रसाद ने कहा कि सदान झारखंड के सबसे पुराना वाशिंदे हैं। उन्होंने कहा कि हम जरूर मूलवासी हैं, लेकिन प्राचीन काल से सदान शब्द से हमारी पहचान है। उन्होंने कहा कि सदानी झंडा हमारी पहचान और आस्था का प्रतीक है। इस झंडे को हर घर और प्रतिष्ठानों में लगाने का आह्वान उन्होंने किया। उन्होंने झारखंड में विधानसभा सभा की सीटों की संख्या 160 और लोकसभा की सीटों की संख्या 28 करने की मांग केंद्र सरकार से की है, जिससे सदानों को भी विधानसभा और लोकसभा में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल सके। उन्होंने कहा कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने पिछड़ी जाति को 36 से पच्चास प्रतिशत तक आरक्षण देने की अनुशंसा की है। सरकार पहल करे। प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान समुदाय से आनेवाले सवर्णों को 10% मिलनेवाले आरक्षण का लाभ झारखंड के सदान सवर्ण को भी मिले।

रोबिन साहू ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि सदान मोर्चा जाति की नहीं, जमात की बात करता है। हिंदू और मुस्लिम दोनों सदान समुदाय से आते हैं, ऐसे में दोनों समुदाय धर्म के नाम पर आपस में कभी ना उलझें। शाम सुंदर साहा ने कहा कि मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद को मूलवासी सदानों को साथ देना होगा। गोविंद साहू ने कहा कि राजेंद्र प्रसाद ही ऐसे नेता हैं, जिन पर हमें भरोसा है। कार्यक्रम में दिनेश संथालिया, प्रकाश गुप्ता, भीम साव, सतार मियां, बालेश्वर राम, राजेंद्र मोदी, रोहित दास, दयानंद कुमार, राम रतन साहू, सुरेश साहू, अनिल कुमार, अमित कुमार, मुकेश कुमार, सूरज कुमार ,प्रेम कुमार ,अनमोल कुमार, मनोज कुमार ,गोपाल साव ,राजेश कुमार, विजय गुप्ता, सीता राम, गौतम कुमार के अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित थे। अध्यक्षता रोबिन कुमार और संचालन दिलीप कुमार साहू ने किया।

## आज चतरा में महासम्मेलन का आयोजन, शामिल होंगे स्कूल के प्रिंसिपल और डायरेक्टर

# शिक्षा सचिव के फरमान से राज्य के चालीस हजार से अधिक निजी विद्यालय बंद हो जायेंगे : आलोक दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने कहा है कि जिस प्रकार शिक्षा सचिव यूडआइस और मान्यता को लेकर निजी विद्यालयों को एक प्रकार से बंद करने की धमकी दे रहे हैं, वह काफी चिंताजनक है। शिक्षा सचिव के फरमान के बाद राज्य में संचालित 40 हजार से अधिक छोटे-छोटे निजी विद्यालय बंद हो जायेंगे। लाखों बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो जायेगा। हजारों शिक्षक, कर्मचारियों का रोजगार समाप्त हो जायेगा। पिछली भाजपा रघुवर दास सरकार ने शिक्षा के अधिकार कानून में संशोधन कर विद्यालयों को बंद करने की साज़िश रची थी, पांच हजार से अधिक सरकारी स्कूलों को बंद करके बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का षड्यंत्र रचा गया था। वर्तमान सरकार के अधिकारी रघुवर दास सरकार से दो कदम आगे बढ़ कर पूरी शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त करने पर



आमादा हैं, जो काफी खतरनाक हो सकता है। शिक्षा सचिव और विभागीय अधिकारी किनके इशारे पर शिक्षा विरोधी फैसले ले रहे हैं, सरकार को स्पष्ट करना चाहिए।

आलोक दुबे ने कहा कि पासवा 24 जुलाई को चतरा में महासम्मेलन आयोजित कर सरकार के इस फैसले को लेकर चर्चा करेगी। पासवा के इस महासम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद शामिल होंगे और निजी विद्यालयों के प्रिंसिपल और डायरेक्टर भी मौजूद रहेंगे। सोमवार को होनेवाली बैठक में सरकार के इस फैसले को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जा सकते हैं। पूरे राज्य में आग लग चुकी है। पासवा की ओर से यूडआइस और मान्यता को लेकर शिक्षा सचिव, मुख्यमंत्री तक को निजी विद्यालयों में पढ़नेवाले बच्चों, अभिभावकों की चिंता से अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद लगातार परेशानी कम होने के बजाय समस्याएं उलझती जा रही हैं, जो अच्छे संकेत नहीं हैं।

## जिला प्रशासन की कार्रवाई के विरोध में माइका मजदूरों का धरना प्रदर्शन आज

कोडरमा(आजाद सिपाही)। माइका के अवैध कारोबार के खिलाफ जिला प्रशासन की कार्रवाई के विरोध में माइका मजदूरों द्वारा 24 जुलाई को जिला मुख्यालय में विधायक अंबा प्रसाद, मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, बरही विधायक उमा शंकर अकेला और पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की के अलावा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर शामिल होंगे।

## शिक्षा ऋण पर ब्याज की दर घटायी जाये : आरके बसंत

कोडरमा(आजाद सिपाही)। सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई हेतु शिक्षा ऋण पर बैंकों द्वारा 11 प्रतिशत ब्याज लिए जाने पर रोष प्रकट किया है। नियमित शिक्षा ऋण स्वीकृति उपरांत फीस हेतु निकाले गए रुपए पर 11 प्रतिशत की दर से ब्याज शुरू हो जाता है, जिसे नहीं देने पर चक्रवृद्धि ब्याज लगता है। पढ़ाई समाप्ति के 1 वर्ष उपरांत चक्रवृद्धि ब्याज सहित पूरा रुपया किस्त के रूप में देना होता है। इस तरह आकलन करने पर यह रकम दोगुना हो जाता है। नौकरी पाने उपरांत आधी उम्र तो बैंक का किस्त देते बीत जायेगी। इस कारण बहुत से बच्चे शिक्षा ऋण लेने में असमर्थ रहते हैं और उच्च शिक्षा पाना उनका सपना बन जाता है।

## मेरा मठ मेरा मंदिर बचाव समिति छोटा अखाड़ा में करेगी झूलन महोत्सव का आयोजन



इचाक(आजाद सिपाही)। मेरा मंदिर मेरा अभिमान के तहत मेरा मठ मेरा मंदिर बचाव समिति की बैठक छोटा अखाड़ा परिसर में रविवार को हुई। कमिटी के द्वारा एक निर्णय लिया गया की इस बार राम जानकी छोटा अखाड़ा में भव्य तरीके से झूलन महोत्सव मनाया जायेगा। उपस्थित समिति के लोगों ने कहा की सनातन धर्म की रक्षा के लिए सभी धर्म प्रेमियों को एकजुट होकर धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना होगा। इस बैठक में कमिटी के अध्यक्ष सुजित कुमार, महा सचिव मनोज मेहता, आर्दश युवा संगठन के अध्यक्ष गौतम कुमार, उपाध्यक्ष उमेश गुप्ता, रुपेश कुमार, अविनाश कुमार, परमेश्वर यादव, सुनिल बैध, प्रदीप मेहता, शिव, मंटु मेहता, दीपक, सुनिल समेत कई उपस्थित थे।

## बड़कागांव की नेहा अब तक नहीं लौटी है घर



बड़कागांव(आजाद सिपाही)। प्रखंड के बसरिया टोला निवासी मुकेश पासवान की पुत्री नेहा कुमारी 22 जुलाई के 10:30 बजे पूर्वाहन से हजारीबाग से गायब है। माता-पिता के अनुसार हर दिन की तरह वह हजारीबाग के रोमांस कॉलेज में पढ़ाई करने के लिए घर से 9:00 बजे निकली थी। माता-पिता द्वारा नेहा कुमारी से 10:30 पूर्वाहन तक बातचीत हुई। इस दौरान नेहा कुमारी ने अपनी माता को जानकारी दी कि वह हजारीबाग पहुंच गई है। वह कॉलेज जा रही है। लेकिन जब कॉलेज की पढ़ाई की टाइमिंग 2:30 खत्म हुई। तब माता-पिता द्वारा पुनः फोन लगाया गया।लेकिन उसका फोन स्विच बताया।घर नहीं लौटने पर नेहा कुमारी के माता पिता देर शाम को हजारीबाग पहुंचकर खोजबीन करने लगे। हजारीबाग के सदर थाना में 11:30 बजे रात्रि में माता पिता द्वारा लिखित आवेदन देकर सूचना दी गई।

## डिवाइन स्कूल में एनसीसी का रैंक समारोह संपन्न



बरकट्ठा(आजाद सिपाही): डिवाइन पब्लिक स्कूल में एनसीसी का रैंक वितरण समारोह संपन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता निदेशक इंद्रदेव प्रसाद भारती ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप से उपस्थित गंगपाचो मुखिया चिंता देवी ने बच्चों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया और समाज कल्याण में सहयोग प्रदान करने की बात की। राष्ट्रीय कैडेट कोर युवाओं में असीम ऊर्जा का संचार करता है। उक्त बाते प्रधानाचार्या स्वाती रंजन ने कहा। इसके उपरांत मनीषा कुमारी, अनीश, सागर, मुकेश, करण, पियूष, कृष्णा राणा , अनिशा कुमारी को रैंक प्रदान किया गया। वक्ताओं ने एनसीसी की अवधारना को बताया। निदेशक महोदय ने कैडेटों को देश के सम्मान और कल्याण के लिए अत्यंत समर्पण के साथ काम करने का आग्रह किया। विधालय द्वारा नवनियुक्त कैडेटों को अपने कर्तव्यों को जिम्मेदारी और उत्साह के साथ पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। समारोह को सफल बनाने में विमल किशोर, अनिल उपाध्याय, अविशेष कौशल, प्रीती प्रभा, संजीव सिन्हा, विवेक कुमार, पूनम कुमारी और राणा तेजस्वी का अहम योगदान रहा।

## चलकुसा में मोदी समाज की बैठक, कमिटी का हुआ गठन



चलकुसा (आजाद सिपाही)। प्रखंड में होली एंजल स्कूल के प्रांगण में राष्ट्रीय मोदी विकास संघ की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जागेश्वर मोदी व संचालन अशोक वर्णवाल मनैया ने किया। निर्णय लिया गया की समाज का पुन: निर्माण को लेकर 21 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया जाये। सर्वसम्मति से पूर्व मुखिया चलकुसा कुमार मोदी को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पूर्व पंचायत समिति सदस्य खरगू किशोर मोदी, सचिव अशोक वर्णवाल मनैया, उपसचिव विपिन मोदी अलगडीहा, कोषाध्यक्ष लखन मोदी चलकुसा और मीडिया प्रभारी शशि रंजन प्रसाद वर्णवाल सुदन का चयन किया गया। इस चुनाव में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा 26 जुलाई को होने वाले पलोजिया के महासम्मेलन में लोगों ने अत्यधिक संख्या में जाने का निर्णय लिया। मौके पर संतोष मोदी, भीम मोदी, विजय मोदी, विनय मोदी, विवेक मोदी, सोनू कुमार वर्णवाल, आनंद बरनवाल, रामचंद्र, सुरेंद्र आदि उपस्थित थे।

## डहरभंगा में मिला पैक्स अध्यक्ष को प्रभार गोदाम में यूरिया और दवा हुई खराब



टाटीझरिया(आजाद सिपाही)। 18 फरवरी 2023 को डहरभंगा पैक्स अध्यक्ष का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ था। जिसके अध्यक्ष सुरेश प्रसाद कुशवाहा को चयनित किया गया। उस वक्त से पांच माह तक इन्होंने कई बार प्रभार की मांग किया पर उन्हें प्रभार नहीं मिला। पैक्स के निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद ने आधे-अधूरे सामग्री के साथ वर्तमान अध्यक्ष को प्रभार आधे मन से दिया। उन्होंने पिछले सत्र में नैनो यूरिया, सागरिका और अन्य दवाईयें लगभग एक लाख चौदह हजार रुपये का खरीदा था, जो यूं ही रखा रह गया। कुछ दवाओं का डेट भी एक्सपायर हो था। जिसका प्रभार नहीं लिया गया। कंप्यूटर का प्रिंटर, मौसचराइजर मशीन, वेटिंग मशीन, लाइसेंस रजिस्टर आदि कई समान वर्तमान अध्यक्ष को नहीं दिया गया। प्रभार के समय प्रमुख संतोष मंडल, सांसद प्रतिनिधि मिथलेश पाठक, मुखिया सुरेश यादव, मुखिया प्रतिनिधि रविन्द्र यादव, पंसस प्रतिनिधि परमेश्वर प्रसाद यादव, महेश अग्रवाल, बीसी ई ओ थ्योफिल टुडू, योधी प्रसाद यादव, लक्ष्मी सिंह, जगदीश यादव, चोलो प्रजापति समेत अन्य उपस्थित थे।

### मणिपुर घटना पर बड़कागांव की कांग्रेस विधायक ने की प्रेस वार्ता

# सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान लेने के बाद पीएम का बोलना दुखद : अंबा प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** आदिवासी महिलाओ के साथ मणिपुर में हुई शर्मनाक घटना के खिलाफ जिला कांग्रेस कार्यालय सभागार कृष्ण बल्लभ में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बड़कगांव की विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि हर महिला का सम्मान बराबर हो लेकिन जब वो महिला किसी भारतीय सेना के उस जवान के साथ हो, जिसने कारगिल की रक्षा की हो, जिसने श्रीलंका में जाकर भारत का मान बढ़या हो तो उस महिला के प्रति अगर हृदय में भाव है और उसकी एक लाईन जो मुझे चुभ गई पीड़ा दे गई कि मैने कारगिल तो बचा लिया पर अपनी पत्नी, अपने बच्चे, अपना गांव नही बचा पाया, ये बात बहुत दूर तक छूती है। हमारे आदरणीय



प्रधानमंत्री जी 7 देशों का दौरा मेरी जानकारी में कर आये लेकिन प्रधानमंत्री जी मणिपुर के लिए समय नही नही निकाल पाये या उनको एसा लगता होगा कि मणिपुर में घट रही घटनाएं इतनी महत्वपूर्ण नही है। एक बात याद आती है कि जब रोम जल रहा रहा था तो नीरो बांसुरी बजा रहा था। मणिपुर पर कम राजस्थान और छत्तीसगढ़ पर भाषण देकर इस तरही की घटना पर भी राजनीतिकरण करने का काम किया। कम से कम अपील ही कर लेते शांति स्थापित होनी चाहिए। हमे गर्व है अपने नेता राहुल गांधी पर, तमाम व्यवधान के बीच वो गए और उनको हर समुदाय ने गले से लगाया। मणिपुर की राज्यपाल तक चिंता व्यक्त कर चुकी लेकिन मणिपुर की हिंसा नही रूकी। यह बयान नैतिक पतन की पराकाष्ठा है। यह बात बिल्कुल साफ हो गई कि भाजपा में महिलाओं का सम्मान नही है। युपीए सरकार में थोड़ी से पेट्रोल और गैस की कीमत बढ़ने पर गैस का सिलेंडर माथे पर रखकर सड़को पर आंदोलन करने वाली महिला बाल विकास मंत्री स्मृति इरानी खामोश क्यों है क्या उन्हे भी बोलने का आदेश नही है जो स्वयं एक महिला है। अगर आप महिला होकर भी एक महिला पर इस तरह की घटना की निंदा नही कर सकते तो लानत है आपको अविलंब इस्तीफा देना चाहिए। संवाददाता सम्मेलन में महिला कांग्रेस की अध्यक्ष कुमारी बाखला, मनिषा टोप्पो, उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, बेबी देवी, मुक्ति लता तिडू, असगरी अंजूम, कोमल कुमारी, अर्चना तिर्की, पुष्पा एक्का, ज्योति टोप्पो, मगदली होरो, रेजिना बड़ा, प्रीति टोपनो के अलावा कई वरिष्ठ कांग्रेसी मौजूद थे।

# आठ करोड़ की लागत से होगा हुटपा से गुरहेत होते हुए चंदवार तक पथ का निर्माण

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत टीओ-2 हुटपा से गुरहेत होते हुए पीडब्लूडी पथ चंदवार तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास रविवार को हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा और सदर विधायक मनीष जायसवाल ने शिलापट्ट का अनावरण कर और नारियल फोड़कर शिलान्यास किया । यह सड़क करीब 8 करोड़ की लागत से 11.2 किमी पथ का निर्माण होगा, जो हजारीबाग - बगोदर पथ एन एच 522 से हुटपा से गुरहेत पंचायत को जोड़ेगा। इस पथ से करीब 20 हजार लोगों को आवागमन और परिवहन में सहूलियत होगी। सदर प्रखंड के



तीन पंचायत हुटपा, चुटियारो और गुरहेत के ग्राम हुटपा, बानाहप्पा, सरौनी और गुरहेत के ग्रामीणों को सीधा फायदा होगा।इस मौके पर सांसद जयंत सिन्हा ने सड़क के शिलान्यास की ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा की हेमंत सोरेन की सरकार विकाश योजनाओं को लटका कर रखती है। संसद ने केंद्र सरकार की योजनाओं के द्वारा जनता तक पहुंचाई जा रही लाभ व योजना की जानकारी दी। संसद ने जनता से आगामी चुनाव में भाजपा की सरकार केंद्र के साथ साथ राज्य में भी बनाने की बात कही। सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की इस सड़क के बन जाने से लोगों के आवागमन और परिवहन में सुविधा होगी। मौके पर सदर पूर्वी जिला पार्षद सदस्य सुनीता देवी , हुटपा पंचायत के मुखिया कविता सिंह, सदर पूर्व उपप्रमुख बृजेश भूषण सिंह, मुखिया प्रतिनिधि राजेश सिंह सदर विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार, दारू विधायक प्रतिनिधि बालदेव बाबू, गुरमीत पंचायत के मुखिया महेश तिग्गा, अमनारी पंचायत के मुखिया कृष्णा मेहता, सांसद प्रतिनिधि कुमार अरविंद पप्पू, जुगनू सिंह, बिपिन सिन्हा, रणधीर पांडेय, भाजपा युवा मोर्चा के सदस्य अध्यक्ष रंजीत पाठक, महेंद्र राम बिहारी, मानवेंद्र वर्मा, भुनेश्वर पासवान, उमेश शर्मा, मोहम्मद सोनू सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ ग्रामीण मौजूद रहे ।

## झुंडे से बिछड़े हाथी के फिर आने से दहशत में हैं ग्रामीण, जम कर मचा रहा उत्पात

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर प्रखंड क्षेत्र में झुंड से बिछड़ा एक हाथी के एक बार फिर क्षेत्र में आ जाने से यहां के ग्रामीणों किसान काफी दहशत में है। यहां कुछ दिन पूर्व आया हाथी पिछले बार काफी उत्पात मचा चुका है जिसमें हाथी ने एक महिला की पटक कर जान ले ली थी। यह हांथी दारु ,कटकमदाग, बड़कगांवों, केरेडारी व मुफस्सिल थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में जंगली हाथी का आतंक पिछले एक महीने से लगातार जारी है। हांथी ने शनिवार की रात्रि को मेरु गावों में कई किसानो की फसलों को बर्बाद करने के बाद बगल के तरवा खरवा के जंगलो में चल गया। जंगली हाथी जंगल की ओर से गांव के तरफ प्रवेश कर गया और गांव के कई किसानों के फसल को बर्बाद किये, वही आइसेक्ट यूनिवर्सिटी के अलावे अन्य किसान के चारदिवारी को भी तोड़ दिया। हांथी इस रास्ते में आकर खड़ा हो गया जहाँ से गुजर



रहा एक ट्रेक्टर चालक और मजदुर हांथी को देखकर वाहन को छोड़कर फरार हो गए। ट्रेक्टर के पास पहुंचकर हाथी ने ट्रैक्टर को छतिग्रस्त कर दिया कहाथी का आतंक से ग्रामीणों के बीच दहशत का माहौल देखा जा रहा है। इसकी जानकारी ग्रामीणों के द्वारा वन विभाग के कर्मियों को भी दी गई लेकिन वन विभाग के कर्मी भी हाथी को भगाने में असमर्थ नजर आ रहे हैं। पिछले एक महीने में हाथी ने एक व्यक्ति की कुचल कर मौत के घाट उतार दिया और कई लोगों को घायल भी किया है एवं कई घरों को भी तोड़फोड़ किया है। ग्रामीण जंगली हाथी को गांव से दूर भगाने के लिए वन विभाग से लगातार अपील कर रहे हैं।

## कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय विजेता और उच्च विद्यालय रूपायडीह उपविजेता बना

आजाद सिपाही संवाददाता

**जयनगर।** प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय जयनगर के मैदान में सुब्रतो मुखर्जी प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन प्रमुख अंजू देवी, उप प्रमुख राज नारायण सिंह, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राधा सिंह, मुखिया राजकुमार यादव सहित कई लोगों ने फीता काटकर उद्घाटन किया। सुब्रतो मुखर्जी प्रखण्ड स्तरीय फुटबॉल टूनार्मेंट खेलो झारखंड प्रतियोगिता के अन्तर्गत प्रखंड जयनगर के विभिन्न विधालयों से बालिकाओं की अण्डर 17 में लगभग 7 टीमें भाग ली थी। फाइनल मुकाबला में कस्तूरबा विद्यालय जयनगर विजेता तथा उच्च विद्यालय रूपायडीह उपविजेता रही। वहीं बालक वर्ग अण्डर-14 में भी 6 टीमें भाग ली थी इसमें भी उच्च विद्यालय रूपायडीह के टीम फाइनल में जगह बनाई और इसका मुकाबला उच्च विद्यालय नईटांड के टीम से हुई। कडे मुकाबले में पेनाल्टी



शूटआउट में 1-0 से उच्च विद्यालय नईटांड की टीम विजयी रही। उप विजेता उच्च विद्यालय रूपायडीह रहा। विद्यालय के खेल शिक्षक सह कोच राजेश कुमार राणा के कुशल नेतृत्व में इस प्रतियोगिता में भाग लिए। इन्होंने कहा कि हमारी टीम भले इस बार हार गई है परन्तु अगले बार विजेता बन कर आएगी। मैदान हारे हैं, हौसला नहीं। मौके पर प्लस टू उच्च विद्यालय जयनगर के प्रधानाध्यापक वरुण कुमार सिंह, प्रधानाचार्य प्रदीप यादव, वीरेंद्र साव, सुरेंद्र कुमार ठाकुर, शक्ति कुमार दास, पंकज कुमार, जितेंद्र कुमार, रामस्वरूप यादव उपस्थित थे।

# चौपारण में जेसीबी से विधवा का घर किया ध्वस्त, मशीन जब्त

### महिला को मारपीट कर किया घायल, सदर अस्पताल किया गया रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता

**चौपारण।** चौपारण थाना प्रखंड के पांडेयबारा पंचायत के ग्राम आरापगार निवासी मसोमात सुशीला देवी पति स्व. लालू साव ने आवेदन देकर जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगायी है। पीड़िता ने आवेदन में लिखा है कि मेरा अर्ध निर्मित मकान को गांव के ही कुछ दबंग लोग जेसीबी मशीन लगाकर 12 बजे रात में ध्वस्त कर



दिया। जेसीबी मशीन के साथ 15 से 20 की संख्या में मुंह में काला कपड़ा बांधे हुए थे। जेसीबी मशीन के द्वारा अर्धनिर्मित मकान तोड़ने का विरोध किये तो मारपीट करने लगा। लोहे की रॉड से वार करने से माथा फट गया और लहूलुहान हो गये। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी घर तोड़ने और जान मारने की धमकी दी थी, जिसकी लिखित शिकायत थाना में की थी। उसके बाद थाना में कांड संख्या 232/23 के तहत मामला दर्ज किया था। मामला दर्ज करने के उपरांत कार्रवाई की गयी होती, हमारे साथ मारपीट नहीं होती और अर्द्ध निर्मित मकान ध्वस्त नहीं हुआ होता। जेसीबी मशीन जब्त कर ली गयी है।

## मणिपुर की घटना मन को झकझोरने वाली आरोपियों को फांसी मिले : अंजुम बानो



हजारीबाग(आजाद सिपाही)। ह्यूमन राइट काउंसिल के जिला अध्यक्ष अंजुम बानो ने मणिपुर में दो महिलाओं को नग्न जबरन घुमाने के दोषियों को फांसी की सजा दिये जाने की मांग की है। समाजसेवी अंजुम बानो ने कहा कि यह घटना मन को झकझोरने वाली है, जिससे भारत के सभी लोगों को दुख पहुंचा है। साथ ही कहा की जिस देश की राष्ट्रपति एक आदिवासी महिला है जिस राज्य मे घटना हुई है वहाँ कि राज्यपाल महिला है और देश कि महिला बाल विकास मंत्रि महिला है वहाँ पर जनजातीय महिला के साथ ईस तरह की घटना होना शर्मनाक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह है की दोषियों को मृत्यु दंड की सजा दिलाने के लिए कार्रवाई करे। ताकि भविष्य में उसे काम करने से हजार बार सोंचे।

## अच्छे स्वास्थ्य के लिए खेलकूद जरूरी: बीडीओ

विष्णुगढ़(आजाद सिपाही)। खेलो झारखंड अंतर्गत प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 विष्णुगढ़ का आयोजन किया गया। विष्णुगढ़ प्रमुख जैबुन निशा, बीडीओ संजय कुमार कोंगारी, सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में अंडर-17 के बालक बालिका एवं अंडर -14 के बालको ने भाग लिया। इसमें पहला मैच परियोजना उच्च विद्यालय बनासो और उत्क्रमित उच्च विद्यालय सारूकुदर के बीच खेला गया जिसमें परियोजना विद्यालय बनासो ने 1-0 से बढ़त हासिल किया। दूसरा मैच कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय विष्णुगढ़ और उत्क्रमित उच्च विद्यालय चानो के बीच खेला गया जिसमें कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के छात्राओं ने 1-0 से बढ़त बनाया। इसी तरह कुल 12 मैच हुए और 22 जुलाई 2023 शनिवार को अंडर-17 में बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय विजेता घोषित हुई। अंडर 17 बालक वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय चानो की टीम विजेता बनी। अंडर -14 उत्क्रमित मध्य विद्यालय ब्रह्मोरिया के छात्रों ने विजय हासिल की। बीडीओ संजय कुमार कोंगारी ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा है। वहीं सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद ने कहा कि खेल से हमारा मानसिक और शारीरिक वृद्धि होती है। इसके बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा खेलो झारखंड का समापन किया गया।

## बीडीओ ने कटहाडीह मतदान केंद्र का निरीक्षण किया



जयनगर(आजाद सिपाही)। प्रखंड के सहायक निर्वाचक पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी जयनगर अरुणा कुमारी ने हाउस टू रोल सत्यापन किया। सबसे पहले ग्राम पंचायत कटहाडीह के मतदान केंद्र संख्या 51 में हाउस टू रोल सत्यापन में कलीम खान, जमाल खान, मोहम्मद फरमान खान, कृष्णा लाल मोदी, मुमताज खान, जीनत परवीन कुल 6 घरों का सत्यापन किया। बताते चलें कि 6 घरों में कुल 3 लोग फॉर्म 6 भरने के योग्य पाये गये। उपस्थित बीएलओ अनीता देवी को निर्देश दिया गया कि हाउस टू हाउस निरीक्षण के समय ही सभी प्रकार के फॉर्म ऑनलाइन भरे। वहीं मतदान केंद्र संख्या 52 हाउस टू रोल सत्यापन में कुल छात्रों का सत्यापन किया। जिसमें 2 फॉर्म भरने योग्य पाये गये। उपस्थित बीएलओ रिहाना फातमा को सभी प्रकार के फॉर्म ऑनलाइन भरने का निर्देश दिया गया। इसी दौरान मतदान केंद्र संख्या 50, 51, 52 और 53 का भौतिक सत्यापन किया गया। ए एम एफ का सत्यापन भी किया गया। भौतिक सत्यापन में सारी सुविधाएं संतोषजनक पाई गई। मौके पर प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## टाटीझरिया में अरघवा नदी पुलिया के पास 20 फीट गहरी खाई



टाटीझरिया (आजाद सिपाही )। टाटीझरिया एन एच 522 में आये दिन दुर्घटना होती रहती है सड़क में गड्ढे बन जाने के कारण भी अनेकों बार दुर्घटना हुई है। हजारीबाग-टाटीझरिया एन एच 522 के कई स्थानों पर बने पूल-पूलिया का गार्डवाल नही है। इससे सड़क पर चलने वाले साइकिल ओर वाहन के हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। टाटीझरिया के अरघवा नदी पर बने पूल का मुंडर नही है। वही सड़क पर बने पुल के करीब 20 फिट गहरी खाई है। यह एक बड़े दुर्घटना का संकेत दे रहा इस पूलिये के दीवार के कुछ हिस्सा भी टूट चुके है। इस रास्ते से हजारीबाग से बगोदर, गिरिडीह, सरिया, धनबाद, बोकारो, गोमिया के लिए बसे सहित छोटे बड़े सैकड़ों गाड़ियों का आवागमन होता है। यहां पर छोटी बडी दुर्घटना होती रहती है।

## पिपचो में गाना बजाने के दौरान अनियंत्रित हुआ बोलेरो, स्कूटी सवार समेत दो लोग घायल

दारू( हजारीबाग )(आजाद सिपाही)। दारू थाना क्षेत्र के पिपचो में एक अनियंत्रित बोलेरो ने सड़क किनारे खड़े स्कूटी सवार को अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें कुल 2 लोग घायल हो गए। बोलेरो वाहन बोकारो से रांची जा रहा था जबकि स्कूटी सवार एनुल अंसारी अपने घर से निकलकर क्रसर की तरफ जा रहे थे बोलेरो चालक ने तेजी से गाड़ी चलाते हुए वाहन में पैन ड्राइव लगाकर गाना बजाने का प्रयास कर रहे थे तभी गाड़ी अनियंत्रित होकर दाहिनी ओर मुड़ गई जिसमें स्कूटी सवार घायल हो गये। इस घटना के बाद पहुंचे लोगों ने इसकी जानकारी दारू थाना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल लड़की को ले जाकर इलाज कराया। जबकि दूसरे घायल व्यक्ति को हाँथ और पैर में हल्की चोटें आयी थी उन्होंने अपना मलहम पाटिया स्थानीय स्तर पर करवाया दारू थाना पुलिस बोलेरो वाहन को अपने साथ थाने ले गयी।

## हिंदू राष्ट्र संघ की बैठक बुढ़वा महादेव मंदिर में हुई



हजारीबाग(आजाद सिपाही)। हिन्दू राष्ट्र संघ की और से 5 अगस्त को चौथे स्थापना दिवस को लेकर बुढ़वा महादेव मंदिर में बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शशि भुषण केशरी ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि संगठन के चौथे स्थापना दिवस के अवसर पर 5 अगस्त को सुबह 11 बजे बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण से हिन्दू एकता बाइक रैली निकाला जायेगा। जो शहर के कई मार्ग से होते हुए पुनः बुढ़वा महादेव मंदिर में समापन किया जायेगा। संगठन महासचिव दीप प्रकाश नारायण ने कहा कि चौथे स्थापना दिवस के बाद पूरे प्रदेश में संगठन सदस्यता अभियान जोर शोर से शुरू किया जायेगा। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी तथा नगर पदाधिकारी और कार्यकर्तागण मौजूद थे।

## कोडरमा घाटी में हाइवा पलटा, चालक और उप चालक घायल

कोडरमा(आजाद सिपाही)। कोडरमा थाना क्षेत्र के कोडरमा घाटी में बीती रात गिट्टी लोड हाइवा के अनियंत्रित होकर पलट जाने से चालक और उप चालक घायल हो गये। घायल चालक की पहचान मुकेश यादव (उम्र 32 वर्ष, पिता मुंशी यादव, ग्राम इंदरवा बस्ती) और उपचालक सुरेंद्र यादव (उम्र 30 वर्ष, पिता बिरेंद्र यादव, डोमचांच) के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की सहायता से दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया।

### लघु उद्योग भारती का प्रांतीय अधिवेशन संपन्न, उद्योग उन्नति को राष्ट्र की प्रगति से जोड़ने का दिया संदेश

# उद्योगों की उन्नति से ही भारत का वैभव लौटाया जा सकता है : ओमप्रकाश मित्तल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** लघु उद्योग भारती के प्रांतीय अधिवेशन दो सत्रों में रविवार होटल शिवम्-ईन में संपन्न हुआ। अधिवेशन में राष्ट्र-हित सर्वोपरि का संदेश दिया गया। साथ ही उद्योग हित और संगठन को सशक्त करने का निर्णय लिया गया। साथ ही आगे बेहतर कार्य कर संगठन और मजबूत करने करने का संकल्प लिया गया। अधिवेशन की शुरूआत अतिथियों ने मां भारती और भगवान विश्वकर्मा की तस्वीर पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलित कर किया।

**पहले सत्र में हुआ आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत :** प्रांतीय अधिवेशन के प्रथम पाली में बीते सत्र के आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। साथ ही संगठन द्वारा प्रदेश व ज़िले में किए गये उल्लेखनीय कार्यों पर प्रकाश डाला गया । प्रदेश भर में किए गये कार्यों को प्रदेश के महामंत्री विजय छापरिया व रामगढ़ ज़िले के कार्यों का उल्लेख सचिव अनिल गोयल ने किया।

**सामाजिक दायित्वों को बखूबी निभाती है रामगढ़ जिला इकाई : विजय छापरिया**

नव निर्वाचित अध्यक्ष विजय छापरिया ने रामगढ़ ज़िला इकाई के कार्यों की जमकर तारीफ की। श्री छापरिया ने नवगठित ज़िला इकाईयों की ताकत पर हीं प्रदेश में विकास की अविरल धारा बहेगी। श्री छापरिया ने कहा पूरे देश में लघु उद्योग भारती का विस्तार और लोगों में विश्वास बहुत तेजी से बढ़ रहा है।

**हमारा संगठन प्रदेश में सबसे मजबूत और जिम्मेदार संगठन है:विजय मेवाड़ :** प्रदेश के नव निर्वाचित महामंत्री विजय मेवाड़ ने कहा कि प्रदेश स्तर पर मिली नई ज़िम्मेदारी का राष्ट्रीय पदाधिकारियों से मिलने वाले निर्देश व प्रदेश के सभी साथियों के सहयोग से पूरी तन्मयता से निभायेंगे। उन्होंने नई ज़िम्मेदारी के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रांतीय प्रभारी के प्रति आभार जताया। श्री मेवाड़ ने कहा कि फि लहाल रामगढ़ पूरे प्रदेश में एक मजबूत और ज़िम्मेदार संगठन के रूप में स्थापित हो चुका है।

**इन्हें भी मिली जिम्मेवारी :** इस दौरान प्रवीण झा को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया। जबकि ललित केडिया रांची, विनोद अग्रवाल रांची , चतुर्भुज केडिया को भी जिम्मेवारी दी गई। ज़िला इकाइयों के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व सचिव को अंग वस्त्र और फल देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा झारखंड के अन्य जिला के अध्यक्ष भी नियुक्त किए गये। जिसमें दुमका के अध्यक्ष माणिक बागड़ी, मंत्री मनोज सिंघानिया, धनबाद के अध्यक्ष अनिल गुप्ता, मंत्री राणा रवि सिंह, बोकारो के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार पांडेय मंत्री अभय रंजन श्रीवास्तव, पूर्वी सिंहभूम के अध्यक्ष अमलेश झा मंत्री राजेश्वर जयसवाल, सराइकेला के अध्यक्ष ज्ञान जायसवाल व मंत्री सपन मजूमदार, रांची के अध्यक्ष सुनील गुप्ता मंत्री सत्यप्रकाश पांडेय, कोकर के अध्यक्ष रतन अग्रवाल मंत्री विकास विजयवर्गीय, तुपुदाना के अध्यक्ष रामचंद्र प्रसाद मंत्री निशांत प्रकाश, नामकूम टाटासिलवे के संयोजक मधु अग्रवाल, रामगढ़ के अध्यक्ष अनिल कुमार गोयल सचिव अखिलेश्वर सिंह आदि शामिल है।




#### दूसरे सत्र में प्रदेश और जिला इकाई पदाधिकारियों की हुई घोषणा

दूसरी पाली में प्रदेश व ज़िला इकाई के पदाधिकारियों की घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष -सह- पूर्व व पूर्वोत्तर क्षेत्र के प्रभारी ओम प्रकाश मित्तल ने किया। साथ ही प्रदेश के ज़िला इकाइयों के पदाधिकारियों व सदस्यों का परिचय कराया गया। श्री मित्तल ने कहा कि लघु उद्योग भारती देश के छोटे उद्योगों के हितों और उनके संरक्षण के लिए सदैव प्रयत्नशील है । उद्योगों की उन्नति से हीं भारत का वैभव लौटाया जा सकता है । इसीलिए पूरे देश में संगठन का तेजी से विस्तार हो रहा है। श्री मित्तल ने ज़िला इकाइयों को अपने अपने क्षेत्र में सामाजिक दायित्वों के निर्वहन करने का निर्देश दिया।

#### उद्यमियों व मजदूरों के बीच सेतु का काम करती है लघु उद्योग भारती : इंद्र अग्रवाल

प्रांतीय प्रभारी इंद्र अग्रवाल ने कहा लघु उद्योग भारती हीं देश का एकमात्र ऐसा संगठन है। जो उद्यमियों व मजदूरों के बीच सेतु का काम करता है। यह संगठन मजदूरों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के तौर पर करती है। यह एक ऐसा मंत्र है जो प्रबंधन के विकास के रास्ते से मजदूरों के खुशियों के दरवाजे खोलते हैं।

#### लघु उद्योग भारती के बनाये गये नये सदस्य

अधिवेशनी नए सदस्यों को जोड़ा गया। जिसमें डॉक्टर दिनेश कुमार, तनिष्क शोरूम के निदेशक आदित्य साहू, विनोद साव, नंदकिशोर प्रसाद, मनोज कुमार मंडल, इनलाइटमेंट इंस्टिट्यूट की हरमीत कौर, रोहित पंसारी, जन्मजय प्रताप सिंह, रूपेश गुप्ता, पंकज मिश्रा, सुरेश गणक, राजेश अग्रवाला, विकास अग्रवाल, रामप्रवेश गुप्ता, जितेंद्र अग्रवाल शामिल है। जिसे अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

#### कौन-कौन थे उपस्थित

अधिवेशन में डॉक्टर शरद जैन, सचिन अग्रवाल, राजेश अग्रवाला, डॉक्टर अभिषेक अग्रवाल, सूरज अग्रवाल, मनमोहन सिंह लांबा, उमेश राजगढ़िया, मनोज मंडल, रवि चौधरी, रोहित पंसारी, रामप्रवेश गुप्ता, नरेंद्र सिंह सहित रांची, टाटा , बोकारो, दुमका, धनबाद, बरही व रामगढ़ से ओम प्रकाश अग्रवाल, ललित केडिया, प्रकाश हेतामसरिया, अजय दधीचि, अखिलेश्वर नारायण राय, रामचंद्र प्रसाद, ज्ञान जयसवाल, संजय शर्मा , डॉक्टर मीना सिंह, आशा सिन्हा, नीतू सिंह, गोविंद मेवाड़, जितेंद्र प्रसाद डब्लू , गुरुद्वारा प्रधान परमजीत कालरा, हरमीत कौर, योगेन्द्र तुलस्यान, राणा रवि सिंह,भाजपा रामगढ़ ज़िला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, रणजीत सिन्हा , छोटन सिंह आदि उपस्थित थे।

---

### अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ बरका-सयाल क्षेत्रीय कमेटी की हुई बैठक

# महाधरना की तैयारियों पर हुई चर्चा


आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ बरका-सयाल क्षेत्रीय कमेटी की बैठक रविवार को सयाल स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष इन्द्रदेव राम व संचालन क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा ने किया। यह बैठक 26 जुलाई को महाप्रबंधक कार्यालय सयाल में होने वाले महाधारना की तैयारी को लेकर बुलाई गई। बैठक में क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा ने बताया कि महाधारना में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष रोशन लाल चैधरी व विशिष्ट केंद्रीय महासचिव सतीश सिन्हा उपस्थित होंगे। यह महाधरना बरका-सयाल क्षेत्र के कोल कर्मचारियों के विभिन्न समस्याओं को लेकर की जा रही है। इसमें बरका-सयाल में खुल रहे नये परियोजनाओं में विस्थापित एवं स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने, सयाल एवं भुरकुण्डा परियोजना में रोड सेल चालू करने, कैटेगरी 1 के मजदूरों को प्रमोशन देने, सभी परियोजनाओं में बिजली-पानी की व्यवस्था दुरूस्त करने, संवेदनशील पदों पर कार्यरत कर्मचारियों का स्थनांतरण 3 वर्ष के उपरांत करने, हाई पावर कमेटी के फैसले के अनुसार ठेका मजदूरों को पेमेंट देने, दोमुहानी दामोदर नदी घाट पर शव दाहगृह बनाने, सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल भुरकुंडा में वर्षों पुराना जो एक्सरे मशीन है उसकी जगह डिजीटल मशीन लगाने आदि मांगे शामिल है। संजय मिश्रा ने कहा कि महाधरना की तैयारी पूरी कर ली गई है। यह महाधरना ऐतिहासिक होगा। मौके पर संजय मिश्रा, इंद्रदेव राम, गुरूदयाल ठाकुर, विनोद कुमार, रणधीर साव, विनोद सिंह, शंकर कुमार, सन्नी कुमार, एसएस डे, कमल सिंह, रंजीत कुमार, विकास कांत सिन्हा, धर्मेंद्र मिश्रा, शंकर सिंह, शिवनंदन दास असदि मौजूद थें।




### 74वें वन महोत्सव के अवसर पर श्रम मंत्री ने कहा -वन जीवन का आधार है

**चतरा (आजाद सिपाही)।** श्रम नियोजन एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत हंटरगंज प्रखंड के राजकीय बुनियादी उत्क्रमित उच्च विद्यालय दंतार में दीप प्रज्जवलित कर 74 वें वन महोत्सव का उद्घाटन किया। इस मौके पर विद्यालय के छात्राओ ने पारंपरिक तरीके से मंत्री का स्वागत किया। मंत्री समेत अन्य गणमान्य लोगों ने पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने सभी को वन महोत्सव का बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि वन जीवन का आधार है। हम सभी को विवाह, जन्म दिन, साल गिरह समेत अन्य अवसरों पर अवष्य पौधा लगाना चाहिए और उसका संरक्षण करना चाहिए। वन है तभी जीवन संभव है। उन्होनें कहा कि आज ग्लोबल वार्मिंग की समस्या विकराल रूप धारण करते जा रही है। इन सब से बचने का एकमात्र उपाय है पेड-पौधे और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण। इस मौके पर उत्तरी वन प्रमंडल पदाधिकारी राहुल मीणा, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला षिक्षा पदाधिकारी दिनेष मिश्रा, सदर अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



---

### मणिपुर घटना पर ऑल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा की नकारी में बैठक

# दोषियों पर कार्रवाई की हुई मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** मणिपुर की घटना को लेकर शनिवार को ऑल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के प्रधान कार्यालय नकारी में मोर्चा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष राजेश वर्मा व संचालन मोर्चा के केंद्रीय महासचिव नरेश नायक ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए ऑल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह इंडिया गठबंधन नेता डॉ. आशीष कुमार ने कहा कि मणिपुर में जिस तरह (दो महिला) पूर्व सैनिक की पत्नी व अन्य एक और महिला को निर्वस्त्र घुमाया गया यह पूरे देश का अपमान है। ऐसी घटना के बाद भी मणिपुर सरकार मूकदर्शक बनी हुई इससे शमार्नाक बात और क्या हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस घटना की हमारी मोर्चा कड़ी शब्दों में निदा करती है। उन्होंने सरकार से पूरे मामले की उच्चस्तरीय सीबीआई से न्यायिक जांच करा कर दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही मणिपुर के मुख्यमंत्री व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस्तीफा देने की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासित राज्य में इस तरह की शर्मनाक घटना आए दिन घटित होते रहता है। वहीं मोर्चा के नेताओं ने मणिपुर घटना की निंदा करते हुए कहा कि केंद्र सरकार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाती है लेकिन महिलाओं की सुरक्षा करने में केंद्र सरकार पूरी तरह विफल साबित हो रही है। इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए कम है। मौके पर देवनारायण कोल, राजेश पासवान, श्याम महतो, नकुल प्रसाद, सुभाष दास उर्फ काला बाबू, मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष रघु मांझी, मधु बावरी, किशोर नायक आदि मौजूद थें।




### मणिपुर घटना के विरोध में आइसा ने किया प्रदर्शन




**रामगढ़ (आजाद सिपाही )।** मनीपुर घटना के विरोध में आइसा ने सुभाष चौक पर विरोध प्रदर्शन किया गया। आइसा के नेताओं ने कहा कि मनीपुर की घटना पुरे देश को शर्मशार कर दिया है। पिछले तीन महीने पहले की घटना है और जिसकी उजागर 18 जुलाई को सोसल मीडिया पर हुई। इतने दिनों तक वहां के मुख्यमंत्री घटनाओं को दबाए रखा। यह घोर निंदनीय है। इस दौरान मनीपुर में हुए घटना पर प्रधानमंत्री शर्म करो, महिलाओं के साथ अत्याचार पर रोक लगाओ, मनीपुर के मुख्यमंत्री इस्तीफा दो आदि नारेबाजी किया। इस अवसर पर आइसा के जिला सचिव अंजलि कुमारी, जिलाध्यक्ष सावित्री कुमारी, सावन टुडू, विशाल मुंडा, अनामिका घोषाल शामिल थी।

---

### रेलवे और बिजली की समस्याओं से निजात दिलाने को लेकर सांसद से मिला चेंबर प्रतिनिधिमंडल

# रेल मंत्री से मिलकर राजधानी एक्सप्रेस पर करेंगे ठोस पहल : सांसद

> कहा कि कि अब जब रांची बरकाकाना के बीच नई रेल लाइन पर आवागमन शुरू हो गया है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल चेंबर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल के अगुवाई में सांसद जयंत सिन्हा से मिला। मौके पर चेंबर के पदाधिकारी और सदस्यों ने बुके व प्रतीक चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने सांसद को ज्ञापन सौंपा। कहा कि कि अब जब रांची बरकाकाना के बीच नई रेल लाइन पर आवागमन शुरू हो गया है। ऐसे में राजधानी एक्सप्रेस को सप्ताह में कम से कम 2 दिन पुनः बरकाकाना होकर चलाने का रेल मंत्री से मिलकर प्रयास किया जाए माँ। साथ ही शक्तिपुंज एक्सप्रेस के समय में जो परिवर्तन किया गया हैं उससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ आसपास के आम जनों को कभी परेशानी हो रही है। जिसको पूर्व की भांति ही समय में परिवर्तन कराया जाए। साथ ही रांची रोड के यात्री शेड को बढ़ाना एवं भुरकुंडा में रेलवे सुविधा बढ़ाने संबंधित मुद्दों पर गंभीरतापूर्वक सोचा जाये। झारखंड बिजली वितरण विभाग के लिए कांकेबार में जगह चिन्हित कर सब स्टेशन बनवाने का अनुरोध किया।



#### सांसद ने दिया आश्वासन

जिसपर सांसद ने आश्वस्त किया है कि शीघ्र ही रेल मंत्री से मिलकर वे राजधानी एक्सप्रेस सप्ताह में 2 दिन बरकाकाना होकर चले। इसके लिए प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि बहुत जल्द इंटरसिटी एक्सप्रेस गिरिडीह से बरकाकाना होते हुए रांची चलेगी।उन्होंने चेंबर को आश्वस्त किया कि झारखंड बिजली वितरण विभाग के सब स्टेशन के लिए के लिए जगह चिन्हित कर सब स्टेशन स्थापित किया जाएगा।

#### कौन-कौन थे उपस्थित

इस अवसर पर चेंबर के उपाध्यक्ष मनजीत सिंह साहनी मानद सचिव मानू चतुर्वेदी कोषाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह सैनी पूर्व उपाध्यक्ष अमरेश गणक पूर्व अध्यक्ष राजू चतुर्वेदी एवं अन्य उपस्थित थे।

---

### पुतला जला कर विरोध जताया



**बरकाकाना।** मणिपुर की घटना से आहत होकर बरकाकाना क्षेत्र के आदिवासी समुदाय आदिवासी सेवा समिति के बैनर तले रामगढ पतरातू मुख्य मार्ग घुटुवा थाना चौक में मणिपुर के मुख्य मंत्री बिरेन सिंह का पुतला जलाया। पुतला दहन कार्यक्रम का नेरतित्व कर रहे गोविंद बेदिया ने कहा पिछले तीन महीनों से मणिपुर में आदिवासी महिलाओं पर अत्याचार, बलात्कार एवम उसकी हत्या कर दी जा रही है।इस शर्मनाक घटना के बाद भी मणिपुर सरकार चुप्पी साधी हुई है।घटना के बाद केन्द्र सरकार की कोई पहल नहीं दिख रही है। हम आदिवासी समाज घटना की निंदा करते हुए केन्द्र व राज्य सरकार से कारवाई की मॉंग करते हैं। इसके पूर्व आदिवासी समुदाय ने केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना के फुटबॉल मैदान से रैली निकाली व थाना चौक पहुँच कर मणिपुर मुख्यमंत्री का पुतला जलाया। मौके पर छोटेलाल करमाली,पंचदेव करमाली, शिव नारायण बेदिया, रमण बेदिया, दिलीप ओरॉंव, मुकेश मुंडा,बिनोद बेदिया, मदन बेदिया, महेश मुंडा,दिनेश करमाली, मोतीलाल बेदिया, रवींद्र करमाली, राम किशुन मुंडा,मोहित मुंडा, टिकेन्द्र बेदिया, दिलीप बेदिया, रामदयाल बेदिया, दिवाकर बेदिया सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय मल्टी स्टेक कंसल्टेशन कार्यशाला का आयोजन




**रामगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सौजन्य से जिला स्तरीय मल्टी स्टेक कंसल्टेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार ब्रजेश कुमार गौतम थे। इस कार्यशाला में पोक्सो एक्ट, पोक्सो रूल, पोक्सो से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय, पोक्सो एक्ट के अंतर्गत विक्टिम कंपनसेशन, मेडिकल ऑफिसर के लिए जारी निर्देश एवं जेजे एक्ट के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला के पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, सभी न्यायिक पदाधिकारी, सिविल सर्जन, पुलिस पदाधिकारी, डीसीपीओ, सीडब्ल्यूसी के सदस्य, एलएडीसी के सदस्य, डालसा पैनल अधिवक्ता, पारा लीगल वॉलिंटियर्स, डालसा कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

### कारगिल विजयोत्सव महोत्सव 26 को: एचएन यादव



**भुरकुंडा।** पूर्व सैनिक एचएन यादव के आवास परिसर में आगामी 26 जुलाई को कारगिल विजयोत्सव समारोह पूर्वक धूमधाम से मनाया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए पूर्व सैनिक एचएन यादव ने बताया कि 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसमें अनेको सैनिकों की शहादत, वीरता और बलिदान के बाद भारत ने धोखे से कब्जा की गई अपनी पोस्टों को पाकिस्तान से छिनकर पुनः उनपर तिरंगा फहराया था जो कि पूरे देश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले देश के वीर शहीदों के लिए 26 को आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में समाजसेवी, बुद्धिजीवी, जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग शामिल होंगे। श्री यादव ने क्षेत्रवासियों को इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### सीसीएल सीकेएस सौंदा डी कार्यालय में धूमधाम से मना भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस



**भुरकुंडा।** सीसीएल सीकेएस सौंदा डी कार्यालय में रविवार को बरका-सयाल क्षेत्र द्वारा भारतीय मजदूर संघ का धूमधाम से समारोह पूर्वक स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राम विनय त्रिपाठी एवं शिवशंकर सिंह द्वारा झंडोत्तोलन कर किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों के बीच मिठाई का वितरण कर स्थापना दिवस की बधाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष हरीनाथ महतो एवं संचालन क्षेत्रीय सचिव शंभू प्रसाद सिंह ने किया। मौके पर श्रीकांत गुप्ता, संतोष पांडेय, सुखचैन सिंह, प्रदीप कुमार, सुभाष ओझा, जेपी अग्रवाल, सुधीर सिंह, ललन प्रसाद, अनिल पासवान, नौशाद आलम, सिराजुद्दीन आलम, पालेश्वर दांगी, प्रहलाद गोप, राजकुमार, प्रयाग प्रसाद सहित क्षेत्र के दर्जनों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थें।

### युवाओं को हुनरमंद बना कर रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता : सत्यानंद भोक्ता




**चतरा।** हंटरगंज प्रखंड के गोदोवार गांव में श्रम नियोजन एवं कौषल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत बिरसा केन्द्र का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर मंत्री द्वारा कई युवक-युवतियों को विभिन्न निजी संस्थानों का नियुक्ति प्रदान किया तथा श्रम विभाग द्वारा चयनित लाभार्थियों के बीच परिसंपतियों का वितरण भी किया। अपने संबोधन में सत्यानंद भोक्ता ने लोगों से श्रम विभाग द्वारा क्रिन्यावित विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने की अपील करते हुए कहा कि सरकार युवाओं को कौषल विभाग के माध्यम से रोजगारपरक प्रषिक्षण दिला रही है। पूरे राज्य में व्यापक स्तर पर प्रषिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। युवाओं को हुनरमंद बनाकर रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, उपविकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, सदर अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, मंत्री प्रतिनिधि चंद्रिका यादव तथा अजय राम, श्रम अधीक्षक अरविन्द कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिषेक पांडेय समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### भाजयुमो मांडू ने निकाली बाइक रैली



**कुजू।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मांडू मंडल के तत्वावधान में भाजपा का महाजनसम्पर्क अभियान व पीएम मोदी के 9 वर्ष पूर्ण कार्यकाल को लेकर बाइक रैली निकाली गयी। आयोजित रैली का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष रवि साहू ने किया। रैली में बतौर मुख्य अतिथि भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी शामिल रहे। बाइक रैली कुजू ट्रांसपोर्ट नगर से प्रारंभ होकर कुजू चौक, डटमामोड, बाजारटांड, केबीगेट, श्रीराम चौक, कुजू कोलियरी, मुरपा मे समापन हुआ। मौके पर माण्डू प्रखंड अध्यक्ष रवि साहू ने जानकारी देते हुए कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महाजनसम्पर्क अभियान के माध्यम से पीएम नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष पूर्ण कार्यकाल का जनकल्याणकारी योजना को जन- जन तक पहुँचाना है। साथ ही, समाज के प्रबुद्धजनो को सम्मानित किया गया। ततपश्चात कुजू पूर्वी पंचायत मे नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। रैली में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीरज झा, प्रदेश कार्यक्रम समन्वयक राकेश सिंह, जिलाध्यक्ष अभितेश सिंह, माण्डू मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह, मंडल महामंत्री अशोक महतो, रतन प्रसाद साहू, अक्षय प्रसाद, मनोज महतो, पंचीत महतो, धर्मेन्द्र सिंह, सूरज महतो, श्रवण कुमार, मोहित, राहुल पटेल, त्रिलोकी, शुभम, संजय, आशीष, डिम्पल, मुकेश, नवरतन, राहुल, धीरेन्द्र, शशि शेखर, नीतीश समेत कई भाजपाई शामिल रहे।

### आम आदमी पार्टी ने चलाया सदस्यता अभियान, सैकड़ों समर्थकों के साथ बिरसा हांसदा ने थामा पार्टी का दामन



**रामगढ़।** आम आदमी पार्टी जिला कमेटी के द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज कुमार बेदिया एवं संचालन राजेश कुमार वर्मा ने किया। इस दौरान रांची हाई कोर्ट के अधिवक्ता दुर्गा शरण शर्मा एवं बिरसा हंसदा ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ पार्टी का दामन थामा। मौके पर बिरसा हांसदा ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कुशल कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया है। उनके मार्गदर्शन में हमलोग जिला और झारखंड में राजनीति को नई दिशा देंगे। कहा कि विधानसभा चुनाव में सभी पार्टियों के लिए आम आदमी पार्टी के चुनौति बनकर उभरेगा। इन्होंने ली पार्टी की सदस्यता : सदस्यता ग्रहण करने वालों में बबलू गंझू, वीरेंद्र गंझू, देवला टूडू, बिरजू नायक, आजम खान, रोहित कुमार, अनवर अंसारी, बबलू अंसारी मां, अर्जुन हंबरून, शिवलाल मरांडी, चिरंजीत, ललिता देवी, डोली देवी, विनोद हेंब्रोम, प्रिंस नायक, नंदकिशोर, कृष्णा मुर्मू, राजीव तुरी, विश्वनाथ सोरेन, विनोद हेब्रोम, शिवजी टुडू, शहंशाह खान, जोगेश्वर बेदिया, नरेश हांसदा, लालू उरांव सहित अन्य ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया।

# एक-दूसरे को खत्म करने की लड़ाई क्यों

मणिपुर में दो जनजातियां, जो अलग-अलग धर्मों को मानती हैं, लेकिन आस्था क्या है? क्या यह ईश्वर में विश्वास नहीं है? और आप जिस भी भगवान में विश्वास करते हैं, क्या हर आध्यात्मिक मार्ग शांति की बात नहीं करता? फिर यह एक-दूसरे को खत्म करने की लड़ाई क्यों? अब समय आ गया है कि हम अपने विश्वास को एक अलग स्तर पर ले जायें। शांति और प्रेम का स्तर, जिसके बारे में अंततः सभी धर्म बात करते हैं और जिसके लिए हर पुरुष या महिला प्रयास करती है। दूसरे के प्रति क्रोध या घृणा सहते हुए आप अपने मन की शांति प्राप्त नहीं कर सकते। क्या यह हर व्यक्ति की आस्था का आधार नहीं बनना चाहिए? पवित्र कम्युनियन के ईसाई अनुष्ठान में यह कहा गया है कि यदि आपके मन में अपने भाई, अपनी बहन, पड़ोसी या लगभग किसी के भी खिलाफ कोई गुस्सा है, तो आप कम्युनियन टेबल में भाग नहीं ले सकते। जाओ! उन लोगों के साथ शांति स्थापित करो, जिनसे तुम क्रोधित हो और उसके बाद ही खाने-पीने में हिस्सा लो। पुजारी प्रभु के भोज में भाग लेने वालों में प्याला बांटने से पहले कहते हैं। मुझे यकीन है कि हर धर्म शायद अलग-अलग शब्दों में एक ही बात कहता है, तो फिर हम धर्म के नाम पर एक-दूसरे से लड़ने की इजाजत कैसे दे रहे हैं, जबकि हमारा अपना धर्म ही इसकी मनाही करता है? एक व्यक्ति के रूप में, हमें जिस चीज को विकसित करने की आवश्यकता है, वह है विश्वास की परिपक्वता! हमें इसे प्रचारित करने का प्रयास करने से पहले अपने स्वयं के विश्वास का निर्माण करने की आवश्यकता है। हमारे राजनीतिक नेताओं के लिए भी यही संदेश है, जो निर्वाचित होने के अलावा किसी अन्य कारण से एक धार्मिक संप्रदाय को दूसरे के खिलाफ भड़काने की कोशिश करते हैं। अब समय आ गया है कि हम मतदाता कहें, बस! परिपक्व बनें और अपनी आध्यात्मिकता को उस भाईचारे में प्रदर्शित होने दें, जो आप लाते हैं! किसी भी राजनीतिज्ञ को उसके अपने पुजारियों द्वारा दूसरे को चोट पहुंचाने के साधन के रूप में अपने धर्म का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। हमारे धार्मिक नेताओं में यह कहने का साहस होना चाहिए कि उनके धर्म के शिक्षक और मार्गदर्शक के रूप में ऐसा नहीं किया जा सकता और मतदाताओं के रूप में हमें भी ऐसा ही कहने की जरूरत है, क्योंकि हम इस तरह की ईशनिंदा को अस्वीकार करते हैं। यहां तक कि हिटलर ने भी आस्था का इस्तेमाल नहीं किया, उसने नस्ल का इस्तेमाल किया। हां, दूसरों को चोट पहुंचाने के लिए आस्था का इस्तेमाल करना वास्तव में ईशनिंदा है। परिवारों को खत्म किया जा रहा है और शेष भारत में लाखों लोगों को असुरक्षित महसूस कराया जा रहा है। इसे तुरंत रोकें और हमें अपने देश में शांति और प्रेम लाने के लिए अपने विश्वास को परिपक्व होने दें...!

**अब समय आ गया है कि हम मतदाता कहें, बस! परिपक्व बनें और अपनी आध्यात्मिकता को उस भाईचारे में प्रदर्शित होने दें, जो आप लाते हैं! किसी भी राजनीतिज्ञ को उसके अपने पुजारियों द्वारा दूसरे को चोट पहुंचाने के साधन के रूप में अपने धर्म का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**इस दौर में जबकि जल संकट लगातार गहराता जा रहा है, हम जागरूक रहकर काफी मात्रा में पानी बचा सकते हैं। पिछले दिनों संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी विश्व जल रिपोर्ट में जल संकट को लेकर चिन्ता व्यक्त की गई थी। इस रिपोर्ट में कहा गया था कि कृषि की बढ़ती जरूरतों ,खाद्यान्न उत्पादन ,ऊर्जा उपभोग, प्रदूषण और जल प्रबंधन की कमजोरियों की वजह से स्वच्छ जल पर दबाव बढ़ रहा है।**

# जरूरी हैं जल संरक्षण के प्रयास

रोहित कौशिक

इस समय देश के कई हिस्से बारिश और बाढ़ से जूझ रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हम मानसून के दौरान बारिश के पानी को बचाने का कोई प्रयास नहीं करते हैं। इसलिए बारिश में बड़ी मात्रा में जल बेकार बह जाता है। इस बारिश में हम जल संरक्षण के माध्यम से बारिश के पानी का सदुपयोग कर सकते हैं। इससे एक तरफ जल संकट कम होगा, तो दूसरी तरफ हम जल को बेकार बह देने के पाप से भी बच जायेंगे।

इस दौर में जबकि जल संकट लगातार गहराता जा रहा है, हम जागरूक रह कर काफी मात्रा में पानी बचा सकते हैं। पिछले दिनों संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी विश्व जल रिपोर्ट में जल संकट को लेकर चिंता व्यक्त की गयी थी। इस रिपोर्ट में कहा गया था कि कृषि की बढ़ती जरूरतों, खाद्यान्न उत्पादन, ऊर्जा उपभोग, प्रदूषण और जल प्रबंधन की कमजोरियों की वजह से स्वच्छ जल पर दबाव बढ़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार विश्व के कई देश गंभीर जल संकट से जूझ रहे हैं। ऐसी स्थिति में यदि पानी की बर्बादी नहीं रोकी गयी, तो यह समस्या विकराल रूप ले सकती है। हमारे देश में भी वैज्ञानिकों ने घोषणा की है कि भू-जल स्तर घटने के कारण जल्दी ही देश को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ेगा।

**दुनिया के क्षेत्रफल का लगभग 70 फीसदी भाग जल से भरा हुआ है, लेकिन पीने लायक मीठा जल सिर्फ 3 फीसदी ही है।**

बुद्धिजीवियों द्वारा जब भी जल संकट की चर्चा की जाती है, तो इस चर्चा में वर्षा जल के संग्रहण की सलाह दी जाती है। सरकार जन-जागरण अभियान के तहत सरकारी औपचारिकताओं को निभाने के लिए पत्र-पत्रिकाओं में भी वर्षा जल संग्रहण के विज्ञापन प्रकाशित कराती है।



**प्रत्येक बारिश के मौसम में सौ वर्ग मीटर आकार की छत पर 65000 लीटर वर्षा जल एकत्रित किया जा सकता है जिससे 4 सदस्यों वाले एक परिवार की पेयजल और घरेलू जल आवश्यकताएं 160 दिनों तक पूरी हो सकती हैं।**

लेकिन इस मामले में अभी तक नतीजा ढाक के तीन पात ही है। गौरतलब है कि भारत में मात्र 15 प्रतिशत जल का ही उपयोग होता है शेष जल बेकार बहकर समुद्र में चला जाता है। इस मामले में इसराइल जैसे देश ने, जहां वर्षा का औसत 25 सेमी से भी कम है, एक अनोखा उदाहरण पेश किया है। वहां जल की एक बूंद भी खराब नहीं जाती है।

अतिविकसित जल प्रबंधन तकनीक के कारण वहां जल की कमी नहीं होती है। जल संकट से निपटने के लिए हमें भी अपने देश में ऐसा ही उदाहरण पेश करना होगा। वर्षा के जल को जितना हम जमीन के अंदर जाने देंगे उतना ही हम जल संकट को दूर रखेंगे। इस विधि से मिट्टी का कटाव भी रुकेगा और हमारे देश को सूखे और अकाल का सामना भी नहीं करना पड़ेगा। एक आंकड़े के अनुसार यदि हम देश के जमीनी क्षेत्रफल में से सिर्फ 5 फीसदी क्षेत्र में होने वाली वर्षा के जल का संग्रहण कर सकें तो एक बिलियन लोगों को प्रति व्यक्ति सौ लीटर पानी प्रतिदिन मिल सकता है।

आज हालात यह हैं कि वर्षा का 85 फीसदी जल बरसाती नदियों के माध्यम से समुद्र में बेकार बह जाता है। फलस्वरूप निचले इलाकों में बाढ़ आ जाती है। यदि इस जल को जमीन के भीतर पहुंचा दिया जाये तो इससे एक ओर बाढ़ की समस्या काफी हद तक समाप्त हो जायेगी वहीं दूसरी ओर भू-जल स्तर भी बढ़ेगा। जनसंख्या में हुई तीव्र वद्धि से हमारे देश में जल की खपत लगातार बढ़ती जा रही है। हालांकि सतही एवं भूमिगत दोनों ही स्त्रोतों से जल का उपयोग किया जा रहा है, लेकिन भूमिगत जल पर हमारी निर्भरता कुछ अधिक ही है। भूमिगत जल की अत्यधिक निकासी से इसका जल स्तर लगातार नीचे खिसकता जा रहा है। गौरतलब है कि दुनिया के क्षेत्रफल का लगभग 70 फीसदी भाग जल से भरा हुआ है, लेकिन पीने लायक मीठा जल सिर्फ 3 फीसदी ही है। शेष खारा जल है। इसमें से भी हम सिर्फ एक फीसदी मीठे जल का ही उपयोग करते हैं।

धरती पर उपलब्ध संपूर्ण जल, जलचक्र में चक्कर लगाता रहता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि औद्योगीकरण एवं जनसंख्या विस्फोट के कारण जहां एक ओर जल प्रदूषण बढ़ रहा है, तो वहीं दूसरी ओर जल चक्र भी बिगड़ता जा रहा है। हालांकि विश्व में उपलब्ध कुल जल की मात्रा आज भी उतनी ही है, जितनी कि 2 हजार साल पहले थी। अन्तर है, तो बस इतना कि उस समय पृथ्वी की जनसंख्या आज की तुलना में सिर्फ 3 फीसदी ही थी। हमारे देश में समस्त उपलब्ध जल के 90 प्रतिशत का उपयोग कृषि उत्पादन में किया जाता है, जिसमें खाद्य उत्पादन का अनुपात 35 प्रतिशत है। यदि कृषि उत्पादन में समुचित जल निकासी एवं जल उपयोग के वैज्ञानिक तरीकों का इस्तेमाल किया जाए तो 20 फीसदी तक जल की बचत हो सकती है। इसी प्रकार दुनिया का लगभग 22 फीसदी जल उद्योगों में उपयोग किया जाता है। यदि औद्योगिक क्षेत्र पानी की बचत करना शुरू करें और पानी का दोबारा उपयोग सुनिश्चित करें तो इस संकट से काफी हद तक बचा जा सकता है।

हालांकि जल संकट से निपटने हेतु जल संग्रहण के प्रति आम जनता जागरूक नहीं है, लेकिन कुछ स्थानों पर स्थानीय लोगों ने जल संग्रहण के सराहनीय प्रयास किए हैं जो अनुकरणीय है। जल संरक्षण के क्षेत्र में सुंदर लाल बहुगुणा और जलपुरुष राजेंद्र सिंह जैसे व्यक्तित्व भी हमें प्रेरणा दे सकते हैं। आज हमने भले ही विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कितनी भी तरक्की क्यों न कर ली हो लेकिन मौजूदा जल संकट से निपटने हेतु आज भी हमें अपनी पुरानी तकनीक को ही अपनाना होगा। हम स्वयं भी अपने मकान की छत पर वर्षा जल को एकत्रित करके मकान के नीचे भूमिगत अथवा भूमि के ऊपर टैंक में जमा कर सकते है।

प्रत्येक बारिश के मौसम में सौ वर्ग मीटर आकार की छत पर 65000 लीटर वर्षा जल एकत्रित किया जा सकता है, जिससे 4 सदस्यों वाले एक परिवार की पेयजल और घरेलू जल आवश्यकताएं 160 दिनों तक पूरी हो सकती हैं। भारत जैसे देश में जहां पानी का प्रमुख स्त्रोत बरसात ही है, वहां पर रेन वॉटर हार्वेस्टिंग या पानी को जमा करना बेहतर उपाय है।

## बाबाजी स्मृति दिवस पर विशेष

# अमर गुरु महावतार बाबाजी का अविस्मरणीय वचन

संध्या एस नायर



श्रीश्री परमहंस योगानंद ने अपने गौरव ग्रंथ 'योगी कथामृत' में आधुनिक भारत के महावतार बाबाजी के इस वचन का उल्लेख किया है, मैं अपने भौतिक शरीर का कभी त्याग नहीं करूंगा। मेरा यह भौतिक शरीर इस पृथ्वी पर कम से कम कुछ लोगों को सदा दिखाई देता रहेगा। इसी पवित्र पुस्तक के माध्यम से इस संसार को पहली बार महान एवं अमर अवतार बाबाजी के बारे में पता चला था। तब तक दैवी आदेश अथवा गहन विनम्रता के कारण ये एकांतवासी महान गुरु शताब्दियों से या संभवतः सहस्राब्दियों से बद्रीनारायण के आसपास के उत्तरी हिमालय पर्वतों के पूर्ण निर्जन प्रदेश में अपने स्थूल शरीर में वास कर रहे थे।

अमर बाबाजी के शरीर पर आयु का कोई लक्षण दृष्टिगोचर नहीं होता है तथा वह अधिक से अधिक 25 वर्ष के युवक दिखते हैं। उनके सुंदर बलिष्ठ शरीर पर सहज ही दिख पड़ने योग्य तेज विद्यमान है।

अद्वितीय महागुरु अपने शिष्यों के एक छोटे से समूह के साथ हिमालय के निर्जन पर्वतों में एक स्थान से दूसरे स्थान तक भ्रमण करते रहते हैं। अनासक्त महागुरु के रहस्यमय शब्द 'डेरा डंडा उठाओ' उनके शिष्यों के समूह के लिए सूक्ष्म शरीर के माध्यम से तत्क्षण किसी अन्य स्थान पर पहुंचने का संकेत होते हैं।

जनवरी 1894 में प्रयागराज कुंभ मेले में बाबाजी ने स्वामी श्रीयुक्तेश्वरजी से भेंट की थी और उन्हें वचन दिया था कि वह उनके पास एक शिष्य को भेजेंगे, जिसे उनको क्रियायोग परंपरा में प्रशिक्षित करना होगा। वह विशेष शिष्य थे श्रीश्री परमहंस योगानंद, जिन्होंने कालांतर में योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया/ सेल्फ-रियलाइजेशन फेलोशिप की स्थापना की, जिसके माध्यम से एक शताब्दी से अधिक समय से ईश्वरीय सेवा की भावना के साथ प्राचीन क्रियायोग विज्ञान का प्रसार कार्य किया जा रहा है। अपना पवित्र कार्य प्रारंभ करने के लिए पाश्चात्य जगत को प्रस्थान करने से पूर्व योगानंदजी को दैवी आश्वासन की आवश्यकता अनुभव हुई। जैसा कि उन्होंने अपनी पुस्तक 'योगी कथामृत' में लिखा है, अमेरिका जाने का संकल्प तो मेरे मन ने कर लिया था, पर साथ ही ईश्वर की अनुमति और आश्वासन-वाणी सुनने के लिए वह और भी अधिक कृतसंकल्प था। 25 जुलाई, 1920 को योगानंदजी प्रातःकाल से ही अत्यंत दृढ़ संकल्प के साथ प्रार्थना करने बैठ गये। जब उनकी प्रार्थना की उत्कटता पराकाष्ठा तक पहुंच गयी, ठीक उसी क्षण उनके कोलकाता स्थित घर के दरवाजे पर दस्तक सुनाई दी। युवा शिष्य को हिमालय के सर्वव्यापी महागुरु का तेज सहस्त्रों सूर्यों के उदय के समान प्रतीत हो रहा था। स्तब्ध युवक से उन्होंने मधुर स्वर में हिंदी में बात की, हां, मैं बाबाजी हूं। हम सबके परमपिता ने तुम्हारी प्रार्थना सुन ली है। उन्होंने मुझे तुमसे यह बताने का आदेश दिया है : अपने गुरु की आज्ञा का पालन करो और अमेरिका चले जाओ। डरो मत; तुम्हारा पूर्ण संरक्षण किया जायेगा। यह अनुभव श्रीश्री लाहिड़ी महाशय के दृढ़ विश्वास का साक्षी है कि जब भी कोई श्रद्धापूर्वक बाबाजी का नाम लेता है, तो उस भक्त को तत्क्षण आध्यात्मिक आशीर्वाद प्राप्त होता है। उस महत्वपूर्ण दिवस की स्मृति में संपूर्ण विश्व के भक्त प्रत्येक वर्ष 25 जुलाई को बाबाजी स्मृति दिवस के रूप में मनाते हैं।

अनेक वर्षों के पश्चात सन 1963 में बाबाजी ने वाइएसएस/एसआरएफ की तीसरी अध्यक्ष श्री दया माता को अपनी पूरी महिमा के साथ दर्शन दिये थे, जब वह हिमालय में द्वाराहाट के निकट पवित्र गुफा की तीर्थयात्रा पर गयी हुई थीं, जहां ऐसा माना जाता है कि बाबाजी ने कुछ समय तक निवास किया था। इसी पवित्र स्थल पर उन्होंने श्रीश्री लाहिड़ी महाशयजी को क्रियायोग के लुप्त विज्ञान की दीक्षा प्रदान की थी। दया माताजी ने महागुरु से उनके सच्चे स्वरूप के विषय में जानने की इच्छा व्यक्त की थी और बाबाजी ने दिव्य प्रेम की अत्यंत तीव्र आभा को प्रकट करते हुए उनके इस मधुर प्रश्न का उत्तर दिया था, मेरी प्रकृति प्रेम है, क्योंकि केवल प्रेम ही इस संसार को परिवर्तित कर सकता है।

## जमशेदपुर की खबरें

# असंगठित मजदूरों को न्याय दिलाने के लिए झारखंड श्रमिक संघ ने सीएम से लगायी गुहार

**भाजपा देश भर में केंद्र सरकार के 9 साल बेमिसाल की बात करते है। वैसे लोगो को शर्म आनी चाइए।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड श्रमिक संघ (झामुमो) के जॉइंट संयुक्त केंद्रीय महासचिव शैलेंद्र कुमार मैती ने झारखंड में असंगठित मजदूरों को न्यायसंगत हक व अधिकार दिलाने के लिए पहल शुरू कर दी। मैती ने झारखंड में असंगठित मजदूरों को उनका हक और अधिकार दिलाने के लिए मुख्यमंत्री से आग्रह किया। रविवार को आजाद सिपाही के संगवाददाता से वार्ता के दौरान मैती ने कहा औद्योगिक क्षेत्र में मजदूरों को समान काम का सामान वेतन मिले, भारत के लगभग राज्य में मजदूरों का न्यूनतम वेतन 1000 है। झारखंड के औद्योगिक क्षेत्र में भी न्यूनतम वेतन 1000 लागू करने के लिए विधान सभा मे पहल हो, आउट सोर्स में कार्यरत मजदूरों के कार्य का प्रतिसिद्ध करने के लिए कमिटी का गठन हो, पीएफ ईएसआई के कटौती में नियोजक व प्रबंधन के हेरा - फेरी का उच्च स्तरीय जांच हो, ठेका कर्मियों का ईएसआई योजना के तहत मिलने वाले बीमा घोटाला पर जांच हो, ताकि ठेका मजदूरो को सभी सुविधा उपलब्ध हो सके। मैती ने कहा कोल्हान में 3-4 ग्रेड के कर्मचारी वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थापित है। लौहनगरी सह आदित्यपुर इंद्रास्ट्रियाल एरिया में जरूरतमंद मजदूरों को अपने हक और अधिकार के लिए दौड़ते दौड़ते चप्पल जिस जाता है। उन्होंने सभी कर्मचारियो का जिला बदल की मांग की। ताकि भस्टाचार कम हो सके और मजदूरों को अपना हक और अधिकार आसानी से मिल सके। उन्होंने कहा सूचना व अधिकार के तहत झारखंड में 2014 से 2019 में नियोजन लगभग नील है। भाजपा देश भर में केंद्र सरकार के 9 साल बेमिसाल की बात करते है। वैसे लोगो को शर्म आनी चाइए। उन्होंने कहा भाजपा झारखंड में 3.5 करोड़ जनता को झूठा अस्वासन देकर सरकार चलाये। लेकिन मजदूरों के लिए कुछ नही किया। मैती ने कहा झारखंड बने 22 साल बीत गया लेकिन आज भी उधोगपतियों व मान्यता प्राप्त यूनियन के सौतेला व्यवहार से 75 से 90% असंगठित मजदूरो को लाभांश का हिस्सा नहीं मिलता। बोनस के दौरान यूनियन और प्रबंधन की मनमानी से ठेका मजदूर को उचित उपहार (बोनस) नही मिलता। मैती ने कहा देश के सबसे बड़ी इंडस्टियल हब के नाम से जाना जाने वाले कोल्हान में कंपनियो के मान्यता प्राप्त यूनियन और प्रबंधन की मिली भगत से मजदूरों को वार्षिक उत्पादन में मिलने वाले बोनस का हिस्सा नहीं मिलता। यह असंगठित मजदूरों के लिए बहुत बड़ा विसंगतियां है। इस पर सरकार व श्रम विभाग को संज्ञान में लेने की जरूरत है।

## पारंपरिक विधि-विधान के साथ वार्षिक आषाढ़ी पूजा का आयोजन



**खरसावां।** सरायकेला खरसावां जिले के कुचाई प्रखंड स्थित पारलवादी गांव में पारंपरिक विधि विधान से वार्षिक आषाढ़ी पूजा का आयोजन किया गया। रविवार को ग्राम देवरी कृष्णा हेम्ब्रम ने ग्रामीणों के संघ ग्राम देवता के समक्ष बलि चढ़ा कर पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि के साथ अच्छी बारिश व अच्छी फसल की कामना की। प्रत्येक वर्ष गांव में पारंपरिक पूजा-अर्चना ग्रामीणों के सहयोग से की जाती हैं। इस अवसर पर रंजीत महतो, अंगद महतो, रविप्रकाश महतो,प्रदीप महतो,मिहिर चंद्र महतो,गुंजेश्वर महतो,किशोर कौशल,हेमराज महतो,शंकर महतो,अमन महतो,मुकेंदर महतो,सीताराम महतो,मुनिलाल महतो,पुरान महतो,जयसेन महतो,दिवाकर महतो,सदानंद महतो सहित अन्य मौजूद रहे।

## सरकारी शराब दुकान में वसूल रहे अधिक कीमत, नहीं है विभाग का खौफ



**आदित्यपुर।** जिले में सरकारी शराब दुकानदार बेलगाम होने का अनुमान लगाया जा रहा है। कर्मचारी सरकार का नियंत्रण होने के बावजूद तय दर से अधिक उगाई में लगे है। उन्हें न विभागीय अधिकारियों का खौफ है न ही पुलिस-प्रशासन का। विरोध करने पर धमका ने का प्रयास करने में भी पीछे नहीं रहते। वैसे शराब के शौकीन बेज्जती से बचने व मुंह लगाने के बजाय दस- पांच अधिक कीमत चुकाते है। वैसे बीते दिनों राज्य के मुख्यमंत्री अवैध कारोबार पर शिकंजा कसने का सख्त निर्देश दिए थे। वही विभागीय अधिकारियों की अगर बात करें तो उनका ध्यान अवैध शराब भट्ठियों पर रहता है। उन्हें सरकारी शराब की दुकानों से कोई लेना देना नहीं। हालांकि इस बजह से पैसा ऊपर तक जाने का अनुमान लगाया जा सकता है। वैसे इस मामले में रविवार को आदित्यपुर सिटी पैलेस के पास एक सरकारी शराब दुकान का वीडियो साझा होने लगी है। जिसमें बियर के एवज में खुलेआम दुकानदार ग्राहक से प्रिंट रेट से ज्यादा वसूल रहा है। साथ ही ग्राहक को खुलेआम कह रहा है। वीडियो बनाने से क्या होगा जो करना है कर लीजिए। अब सवाल उठता है आखिर इनमें इतनी ताकत आई कहां से, इनके संरक्षण में कौन है। उत्पाद विभाग भी कार्रवाई से खामोश है।

# मिलन समारोह : सेवा समर्पण ही आजसू की पहचान : सहिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बागबेड़ा ट्राफिक कॉलोनी में आजसू पार्टी का कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। रविवार को पार्टी के जिला संगठन सचिव ललन झा के नेतृत में आयोजित समारोह में पूर्व मंत्री सह आजसू पार्टी के प्राधन महासचिव रामचन्द्र सहिस शामिल हुए। मौके पर आजसू पार्टी के अभिषेक यादव,अमन सिंह, विकास चंद्रवंशी, सूरज रजक के विकास यादव के नेतृत्व में झामुमो से युवाओ ने आजसू पार्टी का दामन थामा। सभी कार्यकर्ताओ ने पार्टी के नीति व सिद्धांतो से अवगत होकर संविधान का शपथ लिया। मौके पर जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा झारखंड के युवा अब जाग चुके है। युवाओ का आजसू के तरफ रुझान बढ़ा है। उन्होंने कहा पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो व पूर्व मंत्री सह पार्टी के प्राधन सचिव रामचंद्र सहिस के विचार धारा से संतुष्ट है। उन्होंने सभी युवा साथियों को बधाई दी। केंद्रीय प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कहा राज्य में दिशा व गति देने के लिए युवाओं को आगे आना होगा।राज्य में समुचित विकास व रोजगार के साथ क्षेत्र की मूलभूत सुविधा के लिए संघर्ष करना होगा। वर्तमान सरकार वायदों को भूल चुकी है। आजसू युवाओं का राजनीतिक संगठन है। उन्हे सीखने समझने व करने का अवसर मिलता है। मौके पर श्री सहिस ने सभी के उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अप्पू तिवारी, अरूप मल्लिक, ललन झा, हेमंत पाठक, संजय करुआ, कामेश्वर प्रसाद, साहेब बागती, स्वरूप मल्लिक, ओमप्रकाश बनर्जी, अभिषेक यादव, अमन सिंह, विकास चंद्रवंशी, सूरज रजक, विकास यादव, मोनू यादव, आकाश पांडेय, सूरज सिंह, सुभम पांडेय, रवि प्रसाद, अश्विनी, प्रभाकर कुमार, सन्नी, सूरज सिंह, मृत्युंजय सिंह, गुलशन कुमार, नरेंद्र दास, राहुल चौबे, जस्सी सिंधु, जय मारडी, शिवम यादव, कौशिक कुमार, भारत यादव, अनुराग दुबे, रोहित भगत, विशाल यादव, हर्ष यादव, मनोज यादव, चंदन यादव, समीर कुमार, ब्रोकन, आयुष कुमार, राहुल यादव, जीतू यादव, पीयूष ठाकुर, राहुल कुमार यादव, सोनू यादव, विकास यादव, सौरव सिंह, शिव यादव, सुमंत यादव, आयुष कुमार, नीतीश यादव, दिलीप ठाकुर, सोनू यादव, विवेक सिंह, राजीव ठाकुर, देवेंद्र राव सहित अन्य शामिल रहे।

कार्यक्रम : बसपा की विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक सह सम्मान समारोह में गया चरण दिनकर ने कहा

# बहुजन समाज के पास सत्ता आने पर ही होगा विकास

**प्रदेश प्रभारी ने लोकसभा चुनाव की तैयारी युद्ध स्तर पर करने का किया आह्वान**

**जिप सदस्य अजय कुमार चौधरी हजारों समर्थकों के साथ हुए बसपा में शामिल**





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** बहुजन समाज पार्टी का विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक सह सम्मान सामारोह का आयोजन उत्सव गार्डन गढ़वा में जिलाध्यक्ष सुनील कुमार गौतम की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महासचिव मनीष कुमार सिंह ने किया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश के प्रभारी गया चरण दिनकर (पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष उत्तर प्रदेश) एवं विशिष्ट अतिथि झारखंड प्रदेश प्रभारी रामबाबू चिरगईया, प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम में उपस्थित अजय कुमार चौधरी उर्फ अजय मेटल जिला परिषद सदस्य डंडा अपने हजारों समर्थकों के साथ बहुजन समाज पार्टी में औपचारिक रूप से शामिल हुए। इनको तथा इनके साथ शामिल होने वाले सभी लोगों को बहुजन समाज पार्टी में स्वागत किया गया और उन्हें गढ़वा विधानसभा प्रभारी मनोनीत किया गया। इस कार्यक्रम में उपरोक्त के अलावा प्रदेश महासचिव सुनीता देवी, प्रदेश सचिव शिवकुमार विश्वकर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरूण कुमार व वरिष्ठ नेता पुनीत कुमार, अंबेडकर जिला प्रभारी जितेंद्र कुमार चन्द्रवंशी, जिला प्रभारी नंदा पासवान, जिला उपाध्यक्ष श्रवण कुमार कुशवाहा, जिला महासचिव शिवशंकर मेहता, सुदेश्वर राम, जिला सचिव गरीबुल्लाह अंसारी, जिला कोषाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह खरवार, सेवानिवृत्त अंचल निरीक्षक नथूनी राम, दिनेश चौधरी, शिवकुमार चौधरी, ब्रह्मदेव राम, ज्ञानी राम, गढ़वा विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर राम, मेराल प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र राम, गढ़वा सुरेंद्र राम, रमकंडा विद्या कुमार रवि, चिनिया रामलाल राम, रंका नन्दू राम, डंडा रामक्याश राम, अशोक राम, श्रीराम रवि, विनोद चौधरी, बिहारी चौधरी, मानदेव चौधरी, संतोष राम, प्रमोद कुमार, संजय राम, राजेश कुमार, गोपाल चौधरी, समसुल अंसारी, रैमुल अंसारी, कमलेश चौधरी, लक्ष्मण भुईयां सहित हजारो लोग उपस्थित थे।

वहीं कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए गया चरण दिनकर ने कहा कि बहुजन समाज के गुरुओं और महापुरूषों खासकर महात्मा ज्योतिबा राव फूले, नरायणा गुरु छत्रपति साहू महाराज, बिरसा मुंडा, बाबा साहब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर एवं मान्यवर कांशीराम के संघर्ष से प्रेरणा लेकर जाति के आधार पर तोड़े गए लोगों के बीच भाईचारा पैदा कर बहुजन समाज बनाने की जरूरत है। बहुजन समाज बनाकर वोटों का सही इस्तेमाल करके राजनीतिक सत्ता हासिल करने की जरूरत है क्योंकि संपूर्ण विकास की कुंजी राजनीतिक सत्ता में है। जब तक इस देश के बहुजन समाज के हाथों में राजनीतिक सत्ता नहीं आएगी तब तक इनका सर्वांगीण विकास नहीं होगा।

प्रदेश प्रभारी रामबाबू चिरगईया ने अगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी युद्ध स्तर पर करने का अह्वावान किया।

प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर कमेटी बनाने का अह्वान किया।

कार्यकर्ता सम्मेलन से पूर्व प्रदेश प्रभारी एवं सभी नेतागण एवं कार्यकर्ता संविधान निर्माता डाक्टर भीमराव अम्बेडकर एवं जननायक कपूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए माल्यार्पण के बाद जूलुस की शक्ल में उत्सव गार्डन में पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा, बहन मायावती जी जिन्दाबाद, कांशीराम अमर रहें आदि नारे जम कर लगाए।

## लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पदाधिकारी कमर कस लें : ओबैदुल्लाह हक अंसारी

**जिला कांग्रेस कमेटी की संगठन सशक्तीकरण को लेकर बैठक आयोजित**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा संगठन सशक्तीकरण को लेकर बैठक गढ़वा जिला कांग्रेस कार्यालय में की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ई. ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने की।

मौके पर जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने कहा की आज संगठन सशक्तीकरण को लेकर गढ़वा जिला के तमाम प्रखंड अध्यक्ष, सभी प्रखंड प्रभारियों, 20 सूत्री समिति के अध्यक्षों, जिला कमिटी के पदाधिकारियों की बैठक की गई। उन्होंने कहा कि आने वाले 2024 में लोकसभा और विधानसभा दो दो चुनाव होने हैं। इसलिये पार्टी के सभी पदाधिकारी कमर कस लें। पंचायत और बूथ स्तर तक कमेटी 15 अगस्त तक बनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही उन्होंने कहा की कार्यकर्ताओं की ताकत पर लोकसभा चुनाव लड़ा जाएगा।

इस बैठक में प्रदेश सचिव प्रभात दुबे ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ता तैयार रहें। कांग्रेस की जो पारम्परिक सीट है वहां कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। कार्यकर्ता गांव गांव जाएं और कांग्रेस पार्टी की नीति और सिद्धांतों को लोगों के बीच रखने का काम करें। पूर्व प्रदेश सचिव सुरेंद्रनाथ तिवारी ने कहा की राहुल गांधी की ओर देश की जनता उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है। भाजपा की झूठ अब जनता समझ चुकी है। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी उदय नारायण तिवारी ने कहा कि यहां दो विचारधारा की लड़ाई है, एक गोडसे की और एक गांधीवादी की। आज भाजपा सरकार में सभी लोग महंगाई से त्रस्त हैं लेकिन सरकार सोई हुई है। इसका जवाब इस बार लोकसभा में जनता देगी। मौके पर पूर्व प्रदेश सचिव बाबर खान, जिला उपाध्यक्ष शैलेश चौबे, राम करेश चौबे, शिव प्रसाद गुप्ता, जिला प्रवक्ता अभय नारायण श्रीवास्तव, जिला महासचिव त्रिपुरारी सिंह, राजू ठाकुर, ओम प्रकाश चौबे, डॉक्टर परवेज आलम, अचुतानंद त्रिपाठी, जे.खान, भवनाथपुर 20 सूत्री अध्यक्ष इंद्रदेव बैठा, खरौंधी 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश बैठा, डंडई 20 सूत्री अध्यक्ष केयामुद्दीन, केतार 20 सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह खरवार, जिला सचिव दिवाकर चौबे, मानिक राम, आसिफ खान, भोला राम, गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष योगेन्द्र चौबे, रंका प्रखंड अध्यक्ष बृजेंद्र चौधरी, मेराल अध्यक्ष मोती राम, डंडई अध्यक्ष श्याम सुंदर सिंह, बरडिहा अध्यक्ष रत्नेश शाह, रमना अध्यक्ष मंसूर अंसारी, कांडी अध्यक्ष झरी प्रसाद, धुरकी अध्यक्ष अरबिंद यादव, नगर उंटरी अध्यक्ष संजय प्रसाद, चिनिया अध्यक्ष अमनुल्लाह, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अभिजीत कमल, एनएसयूआइ के जिला अध्यक्ष पीयूष चौबे, जफर एकबाल, उमेश त्रिपाठी, सतेन्द्र कोरवा सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## कसौधन वैश्य युवा मंच ने श्री रामलला मंदिर परिसर में किया पौधरोपण




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** कसौधन वैश्य युवा मंच टीम के अध्यक्ष उत्तम कश्यप के अध्यक्षता में श्री रामलला मंदिर परिसर में पौधारोपण का कार्य किया गया। जिसमें आंवला, नीम, करंज इत्यादि वृक्षों का पौधरोपण किया गया। बहुत खुशी की बात है कि कसौधन वैश्य समाज की तीनों इकाई कसौधन वैश्य समाज गढ़वा, महिला मंच एवं युवा मंच ने पौधरोपण का कार्य संपन्न कराया। मौके पर मुख्य रूप से समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप, उप कोषाध्यक्ष मनीष कश्यप, युवा टीम के अध्यक्ष उत्तम कश्यप, सचिव हर्ष सीटू, कोषाध्यक्ष अभिषेक कश्यप, सदस्य अभिनव, नैतिक, मोहित, राजकुमार गुप्ता, आर्यमन केसरी, बिट्टू कश्यप उपस्थित थे।

## शिवपहाड़ी गुफा समिति के लोगों ने विधायक भानु प्रताप शाही को चार सूत्री मांगपत्र सौंपा



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** शिवपहाड़ी गुफा समिति के लोगों ने स्थानीय विधायक भानु प्रताप शाही को शिवपहाड़ी गुफा परिसर में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर चार सूत्री मांगपत्र सौंपा। बता दें कि भवनाथपुर प्रखंड में पंडरिया पंचायत के सेल प्रक्षेत्र अवस्थित रहस्यमयी शिवपहाड़ी गुफा पर्यटन के लिहाज से बहुत कुछ होने के बावजूद उपेक्षित है। स्थानीय लोगों ने शिवपहाड़ी गुफा परिसर के उत्थान एवं पर्यटन स्थल का दर्जा दिलाने को लेकर जनप्रतिनिधियों सहित पर्यटन विभाग को कई बार पत्र लिखा है। हालांकि स्थानीय लोगों की मदद से समिति परिसर एवं गुफा के अंदर कुछ न कुछ विकास के कार्य करती रहती है। समिति ने विधायक को दिए मांग पत्र में शिवपहाड़ी गुफा को पर्यटक स्थल का दर्जा दिलाने, शिव पहाड़ी गुफा तक सड़क निर्माण कराने, शिव पहाड़ी गुफा परिसर में बिजली की व्यवस्था कराये जाने एवं शिव पहाड़ी गुफा परिसर में पीने का पानी की व्यस्था कराने को लेकर मांग पत्र सौंपा। इस मौके पर ब्रजेश गुप्ता, सोहन साह, छोटेलाल कुमार, विमलेश कुमार, विनय कुमार, शिव साह, आशीष कुमार, अरुण कुमार सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

## सरोज चौधरी बने विकासशील इंसाफ पार्टी के जिलाध्यक्ष

**लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव मजबूती से लड़ेगी पार्टी : चंदन साहनी**

**पार्टी सुप्रीमो करेंगे उत्तर प्रदेश, बिहार एवं झारखंड में संकल्प यात्रा : प्रो. राजकुमार**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** विकासशील इंसान पार्टी के तत्वावधान में स्थानीय राम दुलारी होटल के सभागार में बैठक की गई। जिसमें सर्वसम्मति से वीआईपी के जिला अध्यक्ष सरोज चौधरी को चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष महावीर चौधरी, सुभाष विश्वकर्मा एवं महासचिव ब्रह्मदेव चौधरी, सचिव राजू कुमार चौधरी, विजय राम और कोषाध्यक्ष महावीर चौधरी, संतोष चौधरी को बनाया गया। इसके अलावा गढ़वा विधानसभा प्रभारी बचनदेव चौधरी, बिश्रामपुर विधानसभा प्रभारी मंदीप मल्लाह, भवनाथपुर विधानसभा भरदुल चौधरी, डालटनगंज विधानसभा प्रभारी चौधरी बनाए गए।

विकासशील इंसान पार्टी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह झारखंड प्रभारी चंदन साहनी ने कहा कि आगामी लोकसभा एवं विधानसभा पार्टी मजबूती के साथ लड़ेगी। इसके लिए बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को जोड़ने का काम किया जा रहा है। निश्चित तौर पर झारखंड में ताकतवर पार्टी बनकर उभरेगी। वीआईपी पार्टी की विचारधारा को अपनाते हुए काफी संख्या में लोग जुड़ रहे हैं। पार्टी सुप्रीमो सन ऑफ मल्लाह मुकेश साहनी का सपना है कि निषाद समाज के साथ-साथ अन्य लोगों का भी हर क्षेत्र में विकास हो। 25 जुलाई को फूलन देवी शहादत दिवस के अवसर पर पटना से संकल्प यात्रा की शुरुआत हो रही है, जो बिहार उत्तरप्रदेश और झारखंड होते हुए पटना पहुंचेगी। इस संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में लोग शामिल होंगे और अपने अधिकार और न्याय के लिए सड़क पर उतरेंगे। वहीं वीआईपी के प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर राज कुमार ने पार्टी का विस्तार करते हुए जिला अध्यक्ष सरोज चौधरी के ऊपर जिम्मेवारी सौंपी है। नवनियुक्त अध्यक्ष बनने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी हैं। उन्हें सुझाव देते हुए कहा है कि जिला स्तर से लेकर बूथ स्तर तक लोगों को जोड़ने के लिए प्रयासरत रहने की जरूरत है और जब अगले महीना वीआईपी सुप्रीमो सन ऑफ मल्लाह मुकेश साहनी संकल्प यात्रा लेकर गढ़वा की धरती पर पहुंचेंगे तो उस समय हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत करने की तैयारी में जुट जाएं। मौके पर गढ़वा रंका विस के पूर्व प्रत्याशी सह प्रदेश सचिव मंदीप मल्लाह, प्रदेश महासचिव बचनदेव चौधरी, सुमेर चौधरी, विजय राम, राजकुमार राम, मथुरा विश्वकर्मा, शशि पासवान, संजय राम, प्रिंस शर्मा, प्रभु चौधरी, राजू चौधरी, विजय चौधरी, सुनील चौधरी, कन्हाई चौधरी, रविंद्र चौधरी, अमित चौधरी, राजेंद्र चौधरी आदि उपस्थित थे।

## मेराल पूर्वी पंचायत क्षेत्र में एक साथ दो हजार पौधरोपण का बनाया जायेगा रिकॉर्ड : मुखिया



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के ग्राम पंचायत मेराल पूर्वी में विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर पौधरोपण करने एवं उसका संरक्षण करने को लेकर रविवार को पंचायत सचिवालय में मुखिया रामसागर महतो की अध्यक्षता में पंचायत प्रतिनिधियों तथा समाजसेवियों की एक बैठक हुई। बैठक में आगामी 1 अगस्त को पंचायत क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर 2000 पौधा लगाने तथा उसका संरक्षण के लिए ग्रामीणों को जागरूक करने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में मुखिया रामसागर महतो ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण तथा उसका संरक्षण के लिए पंचायत के सभी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर नुक्कड़ सभा के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 30 जुलाई को राजकीय प्राथमिक विद्यालय पुवार्रा टोला के प्रांगण में पौधा का वितरण किया जाएगा तथा 1 अगस्त को एक साथ पंचायत क्षेत्र में 2000 पौधा लगाने का रिकॉर्ड बनाया जाएगा। बैठक में सांसद प्रतिनिधि रूपू महतो, वार्ड सदस्य भोला राम, बिनेश कुमार मेहता, देवव्रत कुमार, अरविंद महतो, रंजीत कुमार, कमलेश कुमार, सुनील कुमार, विनोद कुमार कुशवाहा, धनंजय चौधरी, वीरेंद्र चौधरी, सतीश प्रसाद गुप्ता, राम कुमार महतो, डॉ लाल मोहन, विनय कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

## मणिपुर हिंसा के विरोध में आदिवासी महासभा ने निकाला प्रतिरोध मार्च



**बड़गड (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय आदिवासी महासभा बड़गड़ प्रखंड इकाई द्वारा रविवार को मनीपुर में दो महिलाओं के साथ अनाचार एवं हो रहे हिंसा के विरोध में प्रतिरोध मार्च निकाला गया। रैली गोठानी गांव से होते हुए बड़गड़ मुख्य बाजार तक आकर सभा में तब्दील हो गई। रैली में शामिल लोग सेव वुमेन्स, सेव मणिपुर, मणिपुर के कुकी समुदाय को न्याय दो, देश में नफरत फैलाना बंद करो, मणिपुर मामले में हम आपके साथ हैं आदि का नारा लगाया जा रहा था। रैली में शामिल लोगों ने मणिपुर हिंसा के विरोध में केंद्र एवं मणिपुर राज्य सरकार के प्रति विरोध प्रकट करने के लिए माथे पर काली पट्टी बांध कर रैली में भाग लिया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि मणिपुर में महिलाओं को नग्न कर घुमाने वाले कौन हैं उनकी पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जाए। मौके पर महासभा के केंद्रीय सदस्य सुनील मिंज, ज्योति लकड़ा, पुनम खलखो, दोमनिका कुजूर, अहिल्या कुजूर, अर्जुन मिंज, विश्राम बाखला, सुनीता खलखो, लालमनी किस्पोट्टा, सुचिता बाड़ा, सत्यावती बाखला, प्रेम तिर्की, पाल लकड़ा, मिलियानुस केरकेट्टा, चंदन केरकेट्टा, बुद्धलाल केरकेट्टा, संजय कुजूर, साइना दिपाली कुजूर आदि ने सभा को संबोधित किया।

## ट्रक ने सवारी उतारने के लिए खड़े ऑटो में मारी टक्कर, दो युवती समेत पांच घायल

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** एनएच 343 गढ़वा-अंबिकापुर मार्ग पर गढ़वा थाना क्षेत्र के नावाडीह मोड़ के समीप रविवार को एक तेज रफ्तार ट्रक ने सवारी उतारने के लिए खड़े आटो में टक्कर मार दी। इस घटना में आटो में सवार दो युवती समेत पांच लोग घायल हो गए। घायलों में गढ़वा थाना क्षेत्र के हूर-मधेया गांव निवासी विनोद चौधरी पिता भीखू चौधरी, उसका दामाद गढ़वा थाना क्षेत्र के छतरपुर गांव निवासी मनोहर चौधरी पिता जकीरा चौधरी, नाती नीरज चौधरी पिता मनोहर चौधरी तथा रंका थाना क्षेत्र के केला झरिया गांव की सुनीता कुमारी उर्फ गुड्डी पिता सुरेश सिंह व उसकी फुफेरी बहन गढ़वा थाना क्षेत्र के कीतासोती गांव की रीता कुमारी पिता टेनी सिंह शामिल हैं। सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल नीरज चौधरी, मनोहर चौधरी, विनोद चौधरी व सुनीता कुमारी को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

कार्यक्रम : गढ़वा उत्तरी वन प्रभाग के 74वें वन महोत्सव में मुख्य अतिथि भानु प्रताप शाही ने कहा

# यह वन महोत्सव पूरे विस क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा

**अतिथियों ने संयुक्त रूप से पौधरोपण कर दिलाया पेड़-पौधों के संरक्षण का संकल्प**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बंशीधर नगर।** वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग झारखंड सरकार के निर्देश पर गढ़वा उत्तरी वन प्रभाग के वन क्षेत्र नगर के तत्वावधान में रविवार को राजकीयकृत उच्च विद्यालय चित्रविश्राम के प्रांगण में 74वां वन महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक भानु प्रताप शाही, गढ़वा उत्तरी वन प्रभाग के डीएफओ दिलीप कुमार यादव, गढ़वा दक्षिणी वन प्रभाग के डीएफओ शशि कुमार, श्री बंशीधर नगर अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार, प्रशिक्षु डीएफओ ईबी इब्राहम, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, शिक्षाविद शारदा महेश प्रताप देव, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुराज पांडेय ने संयुक्त रूप से पौधरोपण कर किया। तत्पश्चात वर्षा और हरियाली की कामना करते हुए गुब्बारा छोड़कर प्रकृति से आह्वान किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर विधिवत वन महोत्सव का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि आज श्री बंशीधर नगर क्षेत्र के प्रबुद्ध गांव चितविश्राम में आयोजित यह वन महोत्सव पूरे विधानसभा क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा। जितने पौधे लगाए जा रहे हैं इसे सुरक्षित एवं संरक्षित करना हम सबों की जिम्मेवारी होगी। उन्होंने आज बदलते परिवेश से पर्यावरण को होते नुकसान पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि आज आधा सावन बीतने के बाद यदि हम आसमान निहार रहे हैं तो इसका जिम्मेदार कौन है? जब वन वृक्ष ही नहीं रहेंगे तो वर्षा कैसे होगी।

गढ़वा उत्तरी डीएफओ दिलीप कुमार यादव ने सभी का वन महोत्सव में स्वागत करते हुए विस्तार से वन एवं पर्यावरण की उपयोगिता पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे धरती के बढ़ती गर्मी से हम सभी परेशान हैं और इसका एक मात्र विकल्प है पौधरोपण। उन्होंने जल संरक्षण पर जोर देते हुए किसी नदी, तालाब को अतिक्रमण नहीं करने की अपील की। गढ़वा दक्षिणी डीएफओ शशि कुमार ने कहा जीवन का अर्थ है जीव और वन। यदि वन नहीं रहेगा तो जीवन कैसे बचेगा? विशिष्ट अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार ने ग्लोबल वार्मिंग क्लाइमेट चेंज की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा आज हम अनावृष्टि और अतिवृष्टि दोनों से परेशान हैं। इसके लिए आज का ग्लोबल वार्मिंग जिम्मेवार है। अतः हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर उसकी रक्षा करने की आवश्यकता है। उन्होंने बच्चों से संकल्प लेने को कहा अपने जन्मदिन पर एक वृक्ष जरूर लगाएं। मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि को नगर वन क्षेत्र के वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार के द्वारा पौधा स्मृति प्रदान किया गया। धन्यवाद ज्ञापन प्रशिक्षु डीएफओ ईबी अब्राहम ने किया तथा स्वागत गान विद्यालय की कक्षा आठ की छात्राओं के द्वारा गाया गया।

मौके पर वरीय शिक्षक द्वारिका नाथ पांडेय, आचार्य सुशील पांडे, प्रबंध समिति के पूर्व अध्यक्ष संजय पांडे, सोनू सिंह, मुखिया सुनीता सोनी, नरही मुखिया मनोज ठाकुर, पेंशनर समाज अध्यक्ष गजाधर पांडे, अधिवक्ता बृजेंद्र पांडे, लक्ष्मण राम, लवली आनंद, दिलु चौबे, कुमार कनिष्क, सेनि शिक्षक परशुराम पांडेय, बृज किशोर पांडे, सुग्रीम पांडे, नंद किशोर पांडे, संजय सेठ, रामजी सेठ, अनुराग सोनी सहित स्वयं सहायता समूह के सदस्य शिक्षक विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कमलेश कुमार पांडे ने किया।

## जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा ने मच्छर जनित रोग से बचने के लिए बीरबंधा गांव के उरांव टोला में किया मच्छरदानी का वितरण

**पूरे साल जायंट्स ग्रुप की ओर से जरूरतमंदों की सेवा, समाज को जागरूक करने को लेकर कार्यक्रम किये जाते हैं : सचिव**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा द्वारा अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में बरसात में मच्छर जनित रोग से बचने के लिये सुदूरवर्ती ग्राम बीरबंधा के उरांव टोला गांव के प्रत्येक घर में एक-एक मछड़दानी वितरण किया गया। जायन्ट्स के स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय कुमार केशरी, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष एम पी केसरी, फेडरेशन सचिव नंदकुमार गुप्ता, ग्रुप के अध्यक्ष कमलेश गुप्ता, सचिव चंद्रभूषण सिन्हा आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

इस अवसर पर पदाधिकारियों ने मच्छर के प्रकोप को रोकने के लिये लोगों को मच्छरदानी लगा कर सोने को कहा ताकि मच्छर से बचाव किया जा सके। साथ ही बरसात में घर के आसपास के गड्ढे एवं कूलर में पानी को जमा नहीं होने दें, नहीं तो उसमें पलने वाले मच्छर के काटने से मलेरिया, डेंगू, आदि बिमारी का खतरा रहता है, उसके प्रति जागरूक रहें। दिन में पूरी बांह का पूरे शरीर को ढंक कर कपड़ा पहनें क्योंकि दिन में भी मच्छर के काटने से चिकनगुनिया जैसी खतरनाक बीमारी होती है। बरसात में होने वाली बीमारियों से बचने के लिये पानी उबाल कर पीने, बासी एवं ठंडा खाना नहीं खाने की सलाह दी गई। साथ ही इस बारिश के सीजन में लोगों से अधिक से अधिक पेड़ भी लगाने को कहा गया ताकि पर्यावरण सुधर सके।

ग्रुप के सचिव चंद्रभूषण सिन्हा ने बताया कि पूरे साल जायन्ट्स जरूरतमंदों की सेवा, समाज को जागरूक करने को लेकर तरह-तरह के कार्यक्रम किये जाते हैं।

इस मौके पर ग्रुप के सदस्य सुनील अग्रवाल, रविन्द्र केशरी, मनदीप सोनी,मीडिया प्रभारी मोजिबुद्दीन खान,चंदन चंद्रवंशी, मनोज केशरी हिंदुस्तान सेनेटरी आदि उपस्थित थे।

## मणिपुर हिंसा के विरोध में इसाई समुदाय ने मानव श्रृंखला बना कर किया मौन प्रदर्शन



**मणिपुर में हो रही हिंसा मानवता को शर्मसार करने वाली है : फा. मतियस कुल्लू**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बसिया।** मणिपुर में हो रही हिंसक घटना के विरोध में प्रखंड के कोनबीर नवाटोली में ईसाई समुदाय के लोगों ने फादर मतियस कुल्लू के नेतृत्व में मानव श्रृंखला बनाकर रांची-सिमडेगा मुख्य पथ के किनारे मौन प्रदर्शन किया। इस संबंध में मतियस कुल्लू ने कहा कि मणिपुर में हो रही हिंसा मानवता को शर्मसार करने वाली है। वहां के ईसाई आदिवासियों के साथ बर्बरता की सारी हदें पार हो चुकी हैं। जिसके विरोध में हम सभी ईसाई आदिवासी समाज आज यहां मानव श्रृंखला के रूप में खड़े हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि मणिपुर में जल्द शांति स्थापित हो। इस मानव श्रृंखला में उपस्थित ब्रदर जैकब ने कहा कि मणिपुर कई दिनों से जल रहा है और हमारे देश के प्रधानमंत्री चुप हैं। मणिपुर के कुकी समुदाय के लोगों का पलायन हो रहा है और कई परिवार इस बरसात के मौसम में टेंट में रहने को विवश हैं। हम इस मानव श्रृंखला के माध्यम से यह संदेश देना चाहते हैं कि मणिपुर के लोगों के साथ हैं और वहां जल्द शांति की व्यवस्था हो यह कामना करते हैं। यह मानव श्रृंखला कोनबीर नवाटोली चर्च से उसुर्लाइन कॉन्वेंट विद्यालय गेट तक बनाई गयी थी, जिसमें ईसाई धर्मावलंबी महिला, पुरुष, युवा हाथों में तख्ती लेकर विरोध प्रदर्शन किये।

इस मौके पर फादर अमृत, फादर अल्बर्ट, सिस्टर इमलिया, सिस्टर पुष्पा, सिस्टर ममता, सुबास एक्का, अमर एलिश एक्का, याकूब बाड़ा, अंजलुस डुंगडुंग, अंटोनी डुंगडुंग, सबनम अवतार समेत सैकड़ों ईसाई समुदाय के लोग शामिल थे।

## ग्राम सभा की बैठक में वृक्ष लगाने और उनके संरक्षण पर दिया गया जोर



**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** केरसई प्रखंड के पहाड़कोना गांव में वनाधिकार कानून 2006 के तहत ग्राम सभा की बैठक ग्राम सभा अध्यक्ष जुएल कुजूर की अध्यक्षता में की गयी। इस बैठक में झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन के वनोपज के बाजारीकरण प्रभारी कुन्दन कुमार गुप्ता, ग्राम सभा मंच के मीडिया प्रभारी खुशीराम कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता नॉमिता बा, मनीषा खलखो एवं प्रखंड प्रभारी अनूप लकड़ा को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। मौके पर कुन्दन कुमार गुप्ता ने कहा कि आज हमें ग्राम सभा को बाजार से जोड़कर सीधे लाभ लेना होगा। हमारे ग्राम सभा को भी महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिला के ग्राम सभा की तरह काम करने के जरूरत है। जिससे कि हमारी ग्राम सभा पूर्ण रूप से सशक्त बने। मौके पर खुशीराम कुमार ने कहा कि वनाधिकार कानून 2006 हमारे लिए रक्षा कवच के रूप में है। इसलिए हमें अपने जंगलों की जैव विविधता की रक्षा करने के साथ-साथ सरंक्षण, संवर्धन और प्रबंधन करते हुए रक्षा करना होगा। आज इसी को लेकर अनूप लकड़ा की अगुवाई में खाली पड़ी वन भूमि पर पौधरोपण किया जा रहा है। बैठक में चौराटांड़ ग्राम सभा अध्यक्ष राफेल कुल्लू, वनाधिकार समिति के अध्यक्ष एरिक कुजूर, मनीषा खलखो, जितेंद्र मांझी, महेश्वर मांझी, विजाधार मांझी, पुष्पा बिलुंग, अलमा केरकेट्टा, मालती देवी, तेलेस्फोर कुजूर, बिनोद कुजूर, सुनील आईद, नूतन कुल्लू, ईश्वर दास, स्वाति खाखा सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## फुटबॉल प्रतियोगिता में घोचोटोली ए टीम बनी विजेता

**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** घोचोटोली में चल रहे फुटबॉल प्रतियोगिता का फाईनल मैच खेला गया। फाईनल मैच नूर एफसी व यूथ क्लब घोचोटोली ए के बीच खेला गया। जिसमें घोचोटोली ए टीम 3-0 से जीत दर्ज कर चैंपियन बनी। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। वहीं विजेताओं को जोसिमा ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा के प्रयास से सिमडेगा जिला खेल के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आने वाले समय में सिमडेगा जिला निश्चित रूप से खेल के क्षेत्र में देश का अग्रणी जिला बनेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने सिर्फ हाथी उड़ाने का काम किया। लेकिन महागठबंधन सरकार ने नई खेल नीति बनायी है। सरकार द्वारा बनायी गई खेल नीति राज्य के खिलाड़ियों, कोच तथा प्रशिक्षकों के लिए समर्पित है। राज्य सरकार द्वारा बनायी गई नई स्पोर्ट्स पॉलिसी खिलाड़ियों को बिना रुकावट खेल की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए मदद कर रही है। विधायक भूषण बाड़ा भी खेल के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। विधायक ने जिले में बन रहे स्टेडियमों को और गति देने पर जोर दिया है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में समिति के सभी सदस्यों का अहम योगदान रहा।

### बैठक : मुहर्रम को लेकर पुलिस क्लब में शांति समिति की बैठक आयोजित

# आपसी सद्भाव व भाईचारा के साथ त्योहार मनायें : एसडीओ

**मुहर्रम गम का त्योहार है, इसे गमी के तरह मनायें : एसडीपीओ**

**शहर के जुलूस पर सेंट्रल मुहर्रम कमेटी की बैठक में निर्णय लेकर प्रशासन को कराया जायेगा अवगत : अंजुमन सदर**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** मुहर्रम पर्व को लेकर रविवार को थाना रोड स्थित पुलिस क्लब में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ रवि जैन ने की। वहीं मौके पर एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, सीओ केके मुंडू, थाना प्रभारी मनोज कुमार, अंजुमन के नवनिर्वाचित सदर अधिवक्ता मो. मोसाहिद आजमी उर्फ पम्मू, सेक्रेटरी अधिवक्ता मो. मकसूद, नाजिम ए आला हाजी खलील असरफी उपस्थित थे।

बैठक में पदाधिकारियों, मोहर्रम कमेटी के पदाधिकारियों, सदस्यों व शांति समिति के सदस्यों ने त्योहार को भाईचारा और शांति पूर्वक मनाने का निर्णय लिया। साथ ही एसडीओ रवि जैन ने सर्वप्रथम अंजुमन के नये पदाधिकारियों को मुबारकबाद दिया। साथ ही सौहार्द पूर्वक त्योहार मनाने की बात कही। एसडीओ कहा कि मोहर्रम के त्योहार के दौरान असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जायेगी। उन्होंने कहा कि मोहर्रम का जुलूस अपने परंपरागत मार्गों से जिस तरह निकाला जाता रहा है उसी तरह शांतिपूर्वक ढंग से व्यवस्था बनाते हुए उन्हीं मार्गों से निकाला जाएगा।

मौके पर एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने कहा कि इस्लाम धर्म में जो सिखाया गया है उसे हम भूलते जा रहे हैं। मोहर्रम गम का त्योहार है। इसे गमी के तरह मनाएं। रोजा रखें। नमाज अदा करें। हसन हुसैन ने कर्बला के मैदान में इसी धर्म को बचाने के लिए कुर्बानी दी थी। उनसे सीख लेकर भाईचारा दिखाएं। इस्लाम का झंडा को ऊंचा रखें। लाइसेंस व शर्तों को फूलफील करें। आपत्तिजनक गाना नहीं बजाएं। अफवाह पर ध्यान नहीं दें। मोबाइल में कंट्रोल रखें। इंसानियत का पाठ पढ़ें। जुलूस की समाप्ति के बाद झंडे का सम्मान करें। किसी प्रकार की सूचना त्वरित पुलिस प्रसाशन को दें। पुलिस उसपर कार्रवाई करेगी।

मौके पर अंजुमन के सदर मो. मोसाहिद आजमी ने कहा कि शहर के जुलूस पर अभी निर्णय बाकी है। रविवार को रात में सेंट्रल मोहर्रम कमेटी की बैठक में इस विषय पर निर्णय लेकर जिला प्रसाशन को निकाले जाने अथवा नहीं निकाले जाने के लिए गए निर्णय से अवगत करा दिया जाएगा।

मौके पर कतरी अंजुमन, कोटाम अंजुमन, अरमाई एवं अंबोआ अंजुमन के प्रतिनिधियों से भी मोहर्रम के जुलूस से संबंधित विधि व्यवस्था की विस्तृत जानकारी ली गई। इसके साथ ही सदस्यों ने साफ-सफाई पानी बिजली आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की बात रखी।

बैठक में हकमूल अंसारी, मनसूब अंसारी, सलमान अंसारी, शम्स ताज अंसारी, अफसर अनसरी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## कुलाबिरा पंचायत की पूर्व मुखिया की सड़क दुर्घटना में मौत, बेटी घायल

**टक्कर मारने वाले बाइक चालक को ग्रामीण अपने कब्जे में लेकर पूछताछ कर रहे हैं**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** प्रखंड अंतर्गत कुलाबिरा पंचायत की पूर्व मुखिया असमती देवी की रविवार की शाम सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। उसकी पुत्री प्रतिमा कुमारी आठ वर्ष घायल है। जानकारी के अनुसार पूर्व मुखिया गुमला के सरनाटोली स्थित अपने आवास में रहती थी। खेती-बारी के काम से गांव गई थी और शाम में गांव के ही किसी युवक के साथ अपनी बाइक में गुमला आ रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि कुलाबिरा मोड़ के समीप सामने से आ रही एक बाइक से टक्कर हो गई। जिससे पूर्व मुखिया और उसकी पुत्री घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल लाया, जहां चिकित्सक ने पूर्व मुखिया असमती देवी को मृत घोषित कर दिया। घायल पुत्री का इलाज चल रहा है। टक्कर मारने वाले बाइक चालक को ग्रामीण अपने कब्जे में लेकर पूछताछ कर रहे हैं।

## गुमला पुलिस ने मारपीट के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के बरिसा कुंबटोली गांव से गुमला पुलिस ने जमीन विवाद में मारपीट के मामले में एतवा बाड़ा एवं उसके पुत्र रोहित बड़ा और मोतीलाल बड़ा को रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना के संबंध में थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया एतवा बड़ा का छोटा भाई सोमा बड़ा से जमीन विवाद को लेकर पूर्व में तीनों आरोपियों ने मारपीट की थी। जिसमें गुमला थाना में सोमा बड़ा ने तीनों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था। तीनों आरोपी बाहर कमाने गए हुए थे। कुछ दिन पूर्व खेती बारी करने के लिए घर लौटे थे। तीनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर आज जेल भेज दिया।

## मणिपुर हिंसा के विरोध में हजारों आदिवासी महिलाओं ने केंद्र सरकार का पुतला फूंका

**महिलाओं के साथ हुए जघन्य अपराध से देश हुआ शर्मसार : जोसिमा खाखा**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिप सदस्य सह कांग्रेस नेत्री जोसिमा खाखा के नेतृत्व में हजारों आदिवासी महिलाओं ने मणिपुर घटना के विरोध में केंद्र सरकार का पुतला फूंका। पुतला दहन कार्यक्रम पाकरटांड़ प्रखंड मुख्यालय के अलावे सोगड़ा और नानेसेरा में किया गया। इस दौरान केंद्र और मणिपुर राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गयी। आदिवासी महिला एवं पुरुष मणिपुर के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस्तीफे की मांग कर रहे थे। जोसिमा खाखा ने कहा कि मणिपुर में हुई महिलाओं के साथ जघन्य अपराध की घटना ने पूरे देश को शर्मसार कर दिया है। मणिपुर में दो आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाए जाने का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसकी जानकारी केंद्र और मणिपुर राज्य के सरकार को 77 दिनों के बाद प्राप्त होती है। यह उनकी महिलाओं के प्रति सोच को दर्शाता है। इस प्रकरण के दोषियों पर कार्रवाई करने के बजाय सिर्फ दो पंक्तियां बोल देना भाजपा के चाल एवं चरित्र को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि मणिपुर सरकार को बर्खास्त किया जाए। मौके पर कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अजित लकड़ा ने भी मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। मौके पर मुखिया बिनीता खाखा, मुखिया ज्योति प्रकाश कुल्लू, अगाथा तिर्की, प्रतिमा कुजूर, पूनम लकड़ा, निर्मला कुजूर, नीलिमा मिंज, जोंहाती खाखा, नीलिमा बड़ा, कांति खेस, फातिमा मिंज, मकसीमा मिंज, प्रतिमा मिंज, प्रभा मिंज, अनिता बाड़ा, रोस केरकेट्टा, सरिता कुजूर, निर्मला लकड़ा, तरसीला खड़िया, बिंदु कुल्लू, गोरेती मिंज, समीरा बाड़ा, फ्लोरा मिंज, अल्मा मिंज सहित हजारों की संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल थे।

### समस्या : बारिश की कमी से खेती-किसानी में दिखने लगा है प्रतिकूल प्रभाव

# कम बारिश से किसानों को सताने लगा है सुखाड़ का भय

**रोपनी के लिए तैयार धान का बिचड़ा बनता जा रहा है परेशानी का सबब**



धान का तैयार बिचड़ा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिसई।** प्रखंड में बारिश की स्थिति अच्छी नहीं होने से इसका प्रतिकुल प्रभाव खेती किसानी में पड़ने लगा है। कम बारिश से किसानों में सुखाड़ का भय सताने लगा है। बीतते समय के साथ खेतों में रोपनी के लिए तैयार धान का बिचड़ा किसानों के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है। अधिकतर किसानों का बिचड़ा तैयार हो चुका है, किन्तु खेत में पानी नहीं होने से धान रोपनी नहीं हो पा रही है, जिससे बिचड़ा खेतों में पड़े-पड़े सुखने व बुढ़ाने के कगार पर है। नदी, तालाब, कुआं में भी पानी नहीं है। कुछ एक किसान पटवन कर रोपनी किये भी हैं जिनके खेत में पानी की कमी से दरारें पड़ने लगी हैं।

वहीं दूसरी ओर बारिश की कमी से खेती-किसानी की स्थिति बेहतर नहीं होने से प्रखंड स्थित खाद-बीज के दुकानदारों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। अच्छी बिक्री की आस में दुकानदार हजारों-लाखों रुपए पूंजी लगाकर खाद व कीटनाशक दवाएं अपने दुकानों में रखे हैं, किन्तु बारिश नहीं होने व सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए खेतीहर किसान खाद-कीटनाशकों की खरीदारी करने से कतरा रहे हैं।

प्रखंड स्थित कृषि विभाग के जुलाई माह के आंकड़ों के अनुसार प्रखंड में महीने की 1, 2, 3, 6, 10, 11, 13, 14, 15, 19 व 20 तारीख को जीरो वर्षा हुई है। वहीं 4 जुलाई को 1 एमएम, 5 को 5.6 एमएम, 7 को 10.4 एमएम, 8 को 5.2 एमएम, 9 को 6.4 एमएम, 12 को 2.6 एमएम, 16 को 10.4 एमएम, 17 को 28.2 एमएम, 18 को 4.2 एमएम, 21 को 3.2 एमएम व 22 को 10.4 एमएम वर्षा हुई है।

क्षेत्र में कृषि कार्य की प्रगति व स्थिति के संबंध में प्रखंड कृषि पदाधिकारी अजय कुमार साहू से पूछे जाने पर बताया कि प्रखंड में बारिश की स्थिति अच्छी नहीं है। इस मौसम में फसलों की बुनाई एवं धान रोपाई का काम लगभग 35-40 प्रतिशत हो जाता है, लेकिन वर्तमान में धान की रोपनी महज 6 प्रतिशत, मक्का 60 प्रतिशत, मड़ुआ 59 प्रतिशत, अरहर 15 प्रतिशत, उरद 65 प्रतिशत, मूंग 12 प्रतिशत, कुल्थी 5 प्रतिशत, मुंगफली 68 प्रतिशत बुआई या रोपाई हो पाई है। कम वर्षा होने व खेतों में पानी नहीं होने के कारण प्रखंड में कृषि कार्य की स्थिति संतोषजनक नहीं है। मौसम की यही स्थिति बनी रही तो क्षेत्र में सुखाड़ की स्थिति होने की प्रबल संभावना है।

## बॉक्साइट ट्रक के धक्के से स्कूटी सवार युवक घायल

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र के नौडीहा करंज टोली के समीप बॉक्साइट ट्रक व स्कूटी की भिड़ंत में स्कूटी सवार मनोज उरांव घायल हो गया। घटना रविवार रात्रि 8:30 बजे की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कूटी सवार मनोज घाघरा की ओर से अपने गांव इंचा जा रहा था, इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रहे बॉक्साइट ट्रक में स्कूटी सवार मनोज जा टकराया और घायल हो गया। सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही एसआई अभिषेक कुमार ने घटनास्थल पहुंचकर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा पहुंचाया। वहीं दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर थाना लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया है। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर भाग निकला।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## श्री सर्वेश्वरी समूह रांची का गंगड़ा गांव में पौधरोपण सह वितरण कार्यक्रम आयोजित



**बसिया (आजाद सिपाही)।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा रांची औघड़ भगवान राम आश्रम, अघोर पथ, लेक रोड पश्चिम, रांची के द्वारा 'सर्वेश्वरी वृक्षारोपण अभियान' वर्ष 2023 के पहले चरण का आयोजन बसिया प्रखंड अंतर्गत गंगड़ा गांव में किया गया। कार्यक्रम में आम, अमरूद, मोहगनी, सागवान, आँवला, जामुन, बेल इत्यादि के 319 पौधों का रोपण एवं वितरण किया गया। कार्यक्रम में समूह सदस्यों द्वारा स्थानीय समलेश्वरी धाम एवं ग्राम देवी के मंदिर में विधिवत पूजन कर दीपदान भी किया गया। उसके उपरांत ग्रामीण बंधुओं के बीच एक लघु गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें श्री सर्वेश्वरी समूह का संक्षिप्त परिचय देते हुए समूह द्वारा किये जा रहे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के बारे में भी ग्रामीण बंधुओं को अवगत कराया गया। गोष्ठी के बाद ग्रामीण बंधुओं के बीच 275 पौधों का वितरण किया गया एवं 44 पौधों का रोपण भी किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में गंगड़ा ग्राम से वार्ड सदस्य गोपाल बड़ाईक, कर्मपाल साहू, अहम्बा पुजार, दयाल खड़िया के साथ अन्य ग्रामीण बंधुओं ने सराहनीय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में समूह शाखा की ओर से विभूति शंकर सहाय, राधेश्याम सिंह, अभय सहाय, आनंद सिंह, नवीन कुमार, यशवन्त नाथ शाहदेव, आश्रम कुमार, नवल किशोर सिंह, हेमन्त नाथ शाहदेव, रंजीत सिंह, समरेन्द्र सिंह, उदय नारायण पांडेय, सुनील साहू, राधामोहन मिश्रा, गौरीशंकर षाड़ंगी, अंजनी सिंह, हर्षवर्धन नाथ शाहदेव इत्यादि शामिल हुए।

## जमगाई एवं बरवे नगर गांव में मुहर्रम पर्व को लेकर पुलिस-पब्लिक मीटिंग



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत जमगाई एवं बरवेनगर गांव में मुहर्रम पर्व को लेकर चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव की अध्यक्षता में पुलिस पब्लिक मीटिंग का आयोजन किया गया। मौके पर चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 29 तारीख को मुहर्रम का जुलूस शांति पूर्वक निकालें। यदि कोई भी व्यक्ति द्वारा हुड़दंग या नशा पान कर गलत नारे लगाता है तो उसके ऊपर कानूनी करवाई की जाएगी। इसलिए आप सभी लोग आपसी भाईचारे एवं शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार को मनाएं। वहीं चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया एवं फेसबुक में अगर कोई गलत पोस्ट डालता है तो तुरंत इसकी सूचना थाना को दें। वहीं मुहर्रम जुलूस के दौरान जितने भी लोग वोलेंटियर के रूप में शामिल रहेंगे, उनके नाम और मोबाइल नंबर थाने में उपलब्ध करायें। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से आपकी भाईचारे के साथ त्योहार को मनाने की अपील की। मौके पर मुख्य रूप से चैनपुर थाना के एएसआई मदन शर्मा के साथ जमगाईं के नेफाज खान, उस्मान खान, इम्तियाज खान, हबीबुल्ला खान, जमरूदीन खान एवं बरवेनगर से सदर अयुब खान, सेकेट्री जाबिर खान, जुबैर खान, इस्राफील खान, आसिफ खान, सफरुदीन खान, मुदीन खान उपस्थित थे।

## पुसो थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित



**सिसई (आजाद सिपाही)।** मोहर्रम को लेकर रविवार को पुसो थाना परिसर व सिसई बस्ती में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल, बसिया सर्किल इंस्पेक्टर एस एन मंडल, मोहर्रम जुलूस कार्यक्रम की तिथि, जुलूस मार्ग, वालंटियर्स,मेला स्थल, डीजे साउण्ड इत्यादि के बारे में चर्चा की गई। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख मीना देवी, सिसई थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी, पुसो थाना प्रभारी सत्यम गुप्ता, मुखिया सुफल उरांव सहित दोनों थाना क्षेत्र के कई गणमान्य प्रबुद्ध जन व ग्रामीण उपस्थित थे।

## सुरसांग थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सुरसांग थाना परिसर में रविवार को थाना प्रभारी देवप्रताप प्रधान की अध्यक्षता में मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें थाना प्रभारी ने कहा कि सभी लोग शांतिपूर्वक सौहार्द व उल्लास के साथ पर्व को मनाएं। किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देना है और अगर कहीं किसी प्रकार की कोई सूचना है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। बैठक में एएसआई गफ्फार अंसारी, मुखिया आशा सुचिता एक्का, मार्था एक्का, मोक्तार शाह, शंकर पांडेय, सेराज खान, जाबीर खान, अनुप बाड़ा और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## पालकोट में शांति समिति की बैठक आयोजित



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अन्तर्गत बस स्टैंड में मोहर्रम पर्व को लेकर रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान थाना प्रभारी संदीप राज, एएसआई बीडी रॉय उपस्थित रहे। मौके पर सामूहिक रूप से मोहर्रम जुलूस, जुलूस मार्ग आदि विभिन्न विषयों पर चर्चा की गयी। साथ ही मौके पर एसआई संदीप राज ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। वहीं थानेदार ने बैठक में नशा पान, डायन बिसाही, साइबर क्राईम और भी कई तरह के कानूनी विषयों पर चर्चा की। मौके पर कांग्रेस प्रखड अध्यक्ष विकाश कुमार गुप्ता, रिजवान खान, बसन्त गुप्ता, दया केसरी, साजिद, अजित गुप्ता, गुड्डू खान, फिरोज खान के अलावे कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### आजसू के प्रमंडल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर दिनभर रही गहमा-गहमी

# नेताओं ने कार्यकर्ताओं को दिया चुनाव जीतने का मंत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लंबे समय से राजनीतिक सन्नाटा झेल रहे पलामू का प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर रविवार को आजसू के प्रमंडल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की गहमा-गहमी को लेकर गुलजार रहा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन में आयोजित इस सम्मेलन में पार्टी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के अलावा दूसरे केंद्रीय नेताओं के साथ स्थानीय नेताओं की मौजूदगी में कार्यकर्ता बेहद उत्साहित नजर आये। नेताओं ने कार्यकताओं को चुनाव जीतने का मंत्र दिया।

सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि सह आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष शिवपूजन मेहता, हसन अंसारी, पंकज श्रीवास्तव और कारोबारी बबन सिंह ने संयुक्त रूप से किया। सम्मेलन को लेकर पूरे शहर को आजसू पार्टी के झंडा-बैनर और पोस्टरों से सजाया गया था। तोरण द्वार भी बनाये गये थे। सम्मेलन को लेकर आम लोगों में भी काफी उत्सुकता थी। बड़ी संख्या में लोग इसमें भाग लेने के लिए पहुंचे।

### हर कदम उठ रहे थे पंडित दीनदयाल स्मृति भवन की ओर, दिखा जबरदस्त उत्साह








आजसू के प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित गणमान्य लोग। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो को गुलदस्ता देकर सम्मानित करते आजसू नेता बबन सिंह और दीप प्रज्ज्वलित करते सुदेश महतो।

## बुढ़वा तालाब के सौंदर्यीकरण में अनियमितता को लेकर जारी है भाजपा नेताओं का संघर्ष : प्रो विनीता




**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** पचंबा स्थित बुढ़वा तालाब के सौंदर्यीकरण में अनियमितता व खराब सामग्री के इस्तेमाल का विरोध करते हुए भाजपा नेता पवन कंधवे ने प्रतिवाद किया। साथ ही इसकी सूचना भाजपा नगर कमेटी के साथ ही पार्टी की महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री प्रो विनीता कुमारी एवं जिला महामंत्री संदीप डेंगेच को दी गई। मामला संज्ञान में आते ही, पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा ने नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, अन्नपूर्णा देवी, गिरिडीह के डीसी, सदर एसडीएम और नगर आयुक्त के साथ ही दिल्ली स्थित पीएमओ आफिस में भी अनियमितता की सूचना दे दी गयी है। साथ ही गिरिडीह में भाजपा नगर कार्यालय में बैठक कर निर्णय लिया गया कि जबतक काम की शुरूआत सही रूप से नहीं किया जाता संघर्ष जारी रहेगा। भाजपा नेताओं ने कहा कि उक्त समस्या की जानकारी सदर एसडीएम को दी गई थी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने आश्वासन दिया कि जल्द ही एक टीम का गठन कर तालाब के कार्य की जांच की जाएगी। भाजपा नेताओं ने कहा कि अगर उनकी मांगों व शिकायत पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री प्रो विनीता कुमारी, नगर अध्यक्ष हरमिंदर सिंह बग्गा, जिला महामंत्री संदीप डेंगेच, भाजपा नेता पवन कंधवे, समीर दीप, ज्योतिष शर्मा, अमित आर्या, आदित्य यादव आदि के साथ पूरी गिरिडीह भाजपा की टीम धरना एवं आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

## मुहर्रम की तीसरी पर जनाब-ए-हुर का ताबूत किया गया बरामद



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** मुहर्रम की तीसरी पर हुसैनाबाद सदर इमामबाड़ा से शनिवार की रात मजलिस जनाब-ए-हुर अ.स. का ताबूत बरामद किया गया। इस मजलिस को खिताब फरमाया आली मौलाना नाज़िम अली साहब किब्ला (खैराबादी) ने जबकि मर्सियाखानी की शुरूआत रजा इमाम, मोहम्मद रजा चांद, बाकर हुसैन और हसन द्वारा की गई। वहीं मिसम अब्बास, हाशिम हुसैन और हसन ने अपने पुरदर्द नौहों से अजादारो को गमगीन किया। इस मौके पर वक्फ वकफ वासला बेगम, सदर इमामबाड़ा हुसैनाबाद के मुतवल्ली सैयद हसनैन जैदी साहब आदि मौजूद रहें।

## चिन्मय मिशन में सावन महोत्सव का आयोजन

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** चास स्थित चिन्मय मिशन के प्रांगण में रविवार को देवी समूह की ओर से सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। चिन्मय मिशन के स्वामी राघवानंद ने सावन माह की महिमा बताया एवं सभी से पृथ्वी की रक्षा के लिए एक-एक वृक्ष लगाने की अपील की। कहा कि एक वृक्ष का पालन करने से 10 संतानों के पालन के बराबर पूण्य मिलता है। इसके बाद महिलाओं ने कजरी, भोजपुरी समेत अन्य लोकगीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। चिन्मय मिशन के कार्यालय प्रमुख संदीप तिवारी ने उपस्थित लोगों से कहा कि आज के परिवेश में बच्चों का पालन करना बहुत जिम्मेदारी का विषय है। उन्होंने बच्चों के पालन में आने वाली जिम्मेदारी व चुनौतियों के बारे में समझाया।

## शहर में कई संभावनाएं : अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने रांची रोड हुंडई शोरूम के बगल में न्यू इरा इंटीरियर और एक्सटीरियर शोरूम का उद्घाटन किया। यहां घर और ऑफिस के सजावट का हर समान उपलब्ध है। अरुणा शंकर ने कहा कि हमारा शहर बदल रहा है। पहले जहां लोग रांची पर निर्भर थे। आज हर बेहतर चीज अपने शहर में मिल रहा है। इसका श्रेय हमारे शहर के युवा व्यवसायियों एवं उद्यमियों को जाता है। प्रथम महापौर ने कहा कि आज हमारे शहर के युवा अपने शहर में ही एक विजन के साथ बेहतरीन शोरूम बना रहे है। वही लोगों को शानदार रोजगार भी मुहैया करा रहे है जो शुभ संकेत है। इस बदलते शहर में कई संभावनाएं हैं जिसे तलाशने एवं तराशने की आवश्यकता है। मैं इस बढ़ते एवं बदलते शहर में बैंकों की भूमिका को अहम मानती हूं जहां पहले बैंकर्स लोन देने में कतराते थे आज आपके दरवाजे पर आकर लोन देने को उत्सुक रहते है। जो बदलाव की निशानी है। इस मौके पर संस्था के मालिक अरविंद गुप्ता, कृष्णा प्रसाद, राजीव प्रसाद व प्रथम उप महापौर मंगल सिंह,फिरोज उद्दीन अंसारी आदि थे।

## हुसैनाबाद राजद कार्यकर्ताओं ने मणिपुर हिंसा के प्रतिवाद में निकाला कैंडल मार्च



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** मणिपुर में महिलाओं के साथ घटित दरिंदगी की घटना के विरोध में राजद कार्यकर्ताओं ने शनिवार की देर शाम कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताया। साथ ही दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। गांधी चौक पर एकत्रित हुए राजद नेताओं-कार्यकर्ताओं ने हाथों में कैंडल लेकर शहर के मुख्य बाजार, अंबेडकर चौक होते हुए जेपी चौक पहुंचे। जुलूस का नेतृत्व राजद युवा मोर्चा के प्रदेश महासचिव रवि कुमार, राजद के प्रदेश सचिव राज अली, निवर्तमान नगर अध्यक्ष सह राजद नेता शशि कुमार, उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, प्रखंड अध्यक्ष सुदेश्वर राम कर रहे थे। शशि कुमार ने कहा कि मणिपुर की घटना दिल दहला देने वाली और शर्मनाक घटना है। वहीं, रवि यादव ने कहा कि इस घटना ने पूरा देश शर्मसार हुआ है। उन्होंने राष्ट्रपति से मणिपुर सरकार को बर्खास्त करते हुए राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। इस मौके पर राजद के वरिष्ठ नेता विनय कुमार सिंह यादव, समाजसेवी पवन चौधरी, रामजनम सिंह, विजय गुप्ता, कामाख्या नारायण सिंह, अशोक यादव, बिमलेश पासवान, भरत पासवान, मोहिउद्दीन अंसारी, प्रमोद सिंह, अशोक पाल, राम लखन यादव, भारत पासवान, विमलेश पासवान, चंदन बैठा और देवकुमार, रामलखन सिंह यादव आदि उपस्थित थे।

## आपसी समन्वय से ही होगा क्षेत्र का समुचित विकास : मीना देवी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** प्रखंड क्षेत्र के महुडंड पंचायत की मुखिया मीना देवी ने 15वीं वित्त योजना की राशि से रविवार को महुडंड ग्राम में बलेश्वर यादव के घर से नंददेव यादव के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि महुडंड पंचायत में जितने भी विकास कार्य हैं उसे प्राथमिकता के आधार किया जा रहा है। आपलोग समन्वय बनाए रखें। प्राथमिकता के साथ विकास योजनाओं को पूरा किया जाएगा। वहीं, युवा समाज सेवी शिवशंकर यादव ने कहा कि पंचायत क्षेत्र काफी समय से विकास के मामले में पिछड़ा हुआ है। धीरे-धीरे कार्य प्रगति पर आ रहा है। नाली-गली के कार्य किये जा रहे है। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य रमेश पासवान, उप मुखिया रामबली यादव, वार्ड सदस्य विष्णु साह, रामजी यादव, विनोद यादव, राकेश रवि, संजय यादव, वीरेंद्र रवि, नगीना यादव, हरी यादव, स्वयंम सेवक जितेंद्र यादव, राम स्वरूप यादव, सुरेंद्र पासवान, बलेश्वर यादव और मंदिश यादव आदि उपस्थित थे।

## पंचायत कमेटी विस्तार को लेकर राजद की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज में राजद के पंचायत कमेटी के विस्तार को लेकर खड़गपुर पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय परिसर में रविवार को बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव और संचालन जिला उपाध्यक्ष रंजीत पासवान ने किया। बैठक में राजद के प्रदेश महासचिव रवि कुमार यादव, क्रीडा प्रदेश प्रकोष्ठ अध्यक्ष चंदन कुमार बैठा, पलामू जिला प्रधान महासचिव राजेन्द्र यादव, जिला उपाध्यक्ष रंजीत पासवान, छात्र राजद जिला अध्यक्ष आनंद यदुवंशी के नेतृत्व में सरसोत, खड़गपुर, सेमरवार और तुरी पंचायत कमेटी विस्तार किया गया। युवा प्रदेश महासचिव रवि कुमार सिंह यादव ने कहा कि एक परिवार की तरह संगठन को मजबूत बना कर रखे। आगामी चुनाव के मध्यनजर कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा का संचार की जा रही है। वहीं प्रधान महासचिव राजेन्द्र यादव ने कहा कि पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के विचारधारा पर चलने के लिए कार्यकर्ता हमेशा तत्पर हैं। बैठक में जिला और प्रखण्ड के सदस्यों ने मंटु कुमार यादव को प्रखण्ड सचिव बनाया गया। के रामप्रवेश पासवान, खड़गपुर के विनोद बैठा, सेमरवार के जितेंद्र पासवान और तुरी से घुरेंद्र भुइंया को अपने-अपने पंचायतों का अध्यक्ष पद की कमान सौंपत्ते हुए निष्ठा पूर्वक कार्य करने की जिम्मेदारी दी गई। जबकि खड़गपुर से मनोज कुमार यादव और संतोष यादव को तुरी पंचायत सचिव की पदभार सौंपी गई। खड़गपुर पंचायत के श्रवण कुमार यादव को कोषाध्यक्ष बनाया गया। मौके पर छात्र प्रखण्ड अध्यक्ष दीपक कुमार यादव, कमलेश यादव आदि थे।

## जपला आरपीएस पब्लिक स्कूल में लेमोनेड डे का आयोजन




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला आरपीएस पब्लिक स्कूल के प्री प्राईमरी के छात्र-छात्राओं ने स्कूल परिसर में **लेमोनेड डे** मनाया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के जूस बनाए और उन्हें गर्मी के दिनों में विभिन्न तरल पदार्थों के पौष्टिक मूल्यों के बारे में पता चला। शिक्षकों के साथ जूस के स्वाद और सुगंध का आनंद लिया और सेवन के कारणों और उपचारों के बारे में बताया। शिक्षिका रंजना, अमृता, मधुस्मिता आदि ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए इस कार्यक्रम में कौशल और निपुणता दिखाने में मदद की। वहीं, प्राचार्य मनुज शर्मा ने छात्र-छात्राओं को गर्मियों में खुद को सुरक्षित रखने का सुझाव दिया और स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन और स्वस्थ जीवन के महत्व को बताया। कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य गर्मी में शीतल पेय पदार्थों के सेवन की आदत और उपयोगिता को रेखांकित करना था।

# स्पोर्ट्स




भारतीय बैडमिंटन स्टार सात्विक साइराज और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने विश्व की नंबर एक फजर अल्फियान और मो रियान को हरा कोरिया ओपन का खिताब जीता।

### वर्ल्ड नंबर 1 जोड़ी को हराया, यह खिताब जीतने वाली पहली भारतीय जोड़ी

# चिराग-सात्विक ने जीता कोरिया ओपन बैडमिंटन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन स्टार सात्विक साईराज और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने कोरिया ओपन का खिताब जीत लिया है। चिराग-सात्विक की जोड़ी ने वर्ल्ड नंबर 1 फजर अल्फियान और मोहम्मद रियान की इंडोनेशियाई जोड़ी को 17-21, 21-13, 21-14 के अंतर से हराया। फाइनल मुकाबला 62 मिनट तक चला। इस मुकाबले से पहले इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ रिकॉर्ड 2-2 से बराबरी पर था।

### खिताब जीतने वाली पहली भारतीय जोड़ी

कोरिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट पहली बार 1991 में हुआ। तब से हर साल दक्षिण कोरिया के अलग-अलग शहरों में हो रहा है। ये ग्रेड-2 का टूर्नामेंट है, जो बैडमिंटन सुपर-500 कैटेगरी में आता है। इसमें भी मेंस सिंगल्स, विमेंस सिंगल्स के साथ मेंस डबल्स, विमेंस डबल्स और मिक्स्ड डबल्स के 5 इवेंट होते हैं। बतातें चलें कि 2017 में पीवी सिंधु ने विमेंस सिंगल्स का खिताब जीता था। वह कोरिया ओपन का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय शटलर बनी थीं। उनके बाद अब मेंस डबल्स में सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने 2023 में खिताब जीता। दोनों की जोड़ी डबल्स इवेंट का खिताब जीतने वाली पहली डबल्स जोड़ी बनी। इससे पहले सात्विक-चिराग की जोड़ी ने सेमीफाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन चाइनीज जोड़ी वेइ केंग लिआंग-चंग वांग को सीधे गेमों में हराया था। जबकि क्वार्टर फाइनल में जापानी जोड़ी ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी, राउंड ऑफ 16 में चीन की हे जी टिंग और झोउ हाओ डोंग की जोड़ी और राउंड ऑफ 32 में सुपक जोमकोह-किटिनुपोंग केड्रेन की थाई जोड़ी को हराया था।




### भारतीय जोड़ी ने बीडब्ल्यूएफ का सुपर-500 इवेंट तीसरी बार जीता

**दुनिया में बैडमिंटन चलाने वाली संस्थान बीडब्ल्यूएफ-3 ग्रेड के टूर्नामेंट कराती है। इनमें ग्रेड-1 में वर्ल्ड चैंपियनशिप, ओलिंपिक गेम्स और ऑल इंग्लैंड ओपन जैसे टूर्नामेंट शामिल हैं, वहीं ग्रेड-2 में वर्ल्ड टूर फाइनल्स, सुपर सीरीज शामिल हैं। सुपर सीरीज भी 5 लेवल की होती है, इसमें लेवल-1 वर्ल्ड टूर फाइनल्स, लेवल-2 में सुपर-1000, लेवल-3 में सुपर-750, लेवल-4 में सुपर-500 और लेवल-5 में सुपर-300 इवेंट्स शामिल हैं। इसके बाद बारी आती है ग्रेड-3 टूर्नामेंट की। इनमें इंटरनेशनल चैलेंज, इंटरनेशनल सीरीज और फ्यूचर टूर जैसे इवेंट शामिल हैं।**

### सात्विक-चिराग ने जीता लगातार दूसरा टाइटल

सात्विक और चिराग ने इस साल इंडोनेशिया सुपर 1000 और स्विस ओपन सुपर 500 खिताब जीते हैं। जून में अपने पिछले टूर्नामेंट इंडोनेशिया ओपन को जीतने वाली भारतीय जोड़ी का यह लगातार दूसरा खिताब है। वहीं यह उनका तीसरा बीडब्ल्यूएफ 500 खिताब है। इससे पहले उन्होंने 2019 में थाईलैंड ओपन और पिछले साल इंडिया ओपन जीता था।

## भाजपा का 21 सदस्यीय शिष्टमंडल केंद्रीय जलशक्ति मंत्री को सौंपेगा मांगपत्र



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** विधानसभा अंतर्गत विभिन्न अर्धनिर्मित सिंचाई परियोजनाएं जो बर्षों से लंबित पड़े हैं उन्हें पूरा करवाने को लेकर भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कर्नल संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में 21 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल सोमवार को दिल्ली के लिए रवाना होगा। वहां केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को मांग पत्र सौंपेंगे और सिंचाई परियोजना स्वीकृत कराने की मांग रखेंगे। विदित हो कि कर्नल संजय सिंह द्वारा केंद्रीय मंक्षी से मिलने का समय मांगा था। जिसके बाद 26 जुलाई का समय दिया गया है। इससे पूर्व कर्नल संजय सिंह अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ वर्षों लंबित इन सभी सिंचाई परियोजना स्थल का निरीक्षण किया। इसी क्रम में रविवार को कुंडपर घाघरा सिंचाई योजना स्थल का निरीक्षण करते हुए कर्नल संजय सिंह ने बताया कि ऐसे कई सिंचाई परियोजना जो वर्षों से लंबित है जिसे पूर्ण हो जाना चाहिए था। लेकिन झारखंड सरकार के उदासीन रवैया के कारण ये सभी योजनाएं अधर में लटकी है। उन्होंने कहा कि कुंड पर, नॉर्थ कोयल नहर जीरो आरडी योजना, हरिहरगंज बटाने नदी सिचाई परियोजना, अमकर सिचाई परियोजना पिपरा आदि के पूरा होने से हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में हरित क्रांति और भूजल स्तर भी ऊपर आता है, जिससे पेयजल की समस्या खत्म होती। प्रतिनिधिमंडल में भुनेश प्रसाद सिंह, लालधन ठाकुर, महेन्द्र रजवार, विंदेश्वरी यादव, बुटन यादव, अजय सिंह, मनोज शर्मा, लालबहादुर सिंह, राजीव रंजन मेहता, डबल सिंह, सत्यनारायण यादव, अमित सिंह, धीरेंद्र बैठा आदि शामिल हैं।

## बेरमो को जिला बनाने की मांग, 111 किमी चलकर सीएम को ज्ञापन सौंपने का निर्णय




तेनुघाट (आजाद सिपाही)। बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के बैनर तले 26 जुलाई को तेनुघाट अनुमंडल मुख्यालय से बेरमो को जिला बनाने की मांग को लेकर 111 किलोमीटर पदयात्रा कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है। इसे लेकर रविवार को तेनुघाट अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा की अगुवाई में बैठक की गयी। जिसमें यह निर्णय लिया गया की तेनुघाट से रांची विधानसभा तक पैदल चलकर मुख्यमंत्री के हांथो में बेरमो को जिला बनाने का मांग पत्र सौंपा जायेगा। इस पद यात्रा का नेतृत्व करने वाले समिति के सह संयोजक कुलदीप प्रजापति ने बताया कि रांची पैदल पहुंचने में पांच दिनों का समय लगेगा। यह पद यात्रा नहीं कष्ट यात्रा है। हमें उम्मीद है कि हमारी मुश्किलों को मुख्यमंत्री जी अवश्य समझेंगे और मांगों पर विचार करेंगे। जिप अध्यक्ष सुनीता देवी ने कहा कि बेरमो अनुमंडल के 15 लाख लोगों की भावनाओं का कद्र करते हुए मुख्यमंत्री जी निश्चित विचार करेंगे।

### महाजनसंपर्क अभियान के तहत भाजयुमो की ओर से निकाली गयी बाइक रैली

# मोदी सरकार में हुआ देश के हर तबके का विकास : राज सिन्हा

### मोदी राज में पूरे विश्व में मिली देश को अलग पहचान : रागिनी सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** भाजयुमो प्रदेश महामंत्री रूपेश सिन्हा के नेतृत्व में रविवार को भाजपा के महाजनसंपर्क अभियान के तहत बाइक रैली निकाला गया। जो भुइंफोड़ मंदिर से शुरू होकर स्टील गेट होते हुए तिलका मांझी चौक पहुंच कर समाप्त हुई। इस दौरान मोदी सरकार के नौ साल की उपलब्धियों के पर्चे बांटकर प्रधानमंत्री के समर्थन में मिस कॉल कराया गया। धनबाद के विधायक राज सिन्हा, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह, धनबाद महानगर के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष हरि प्रकाश लाटा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश राही, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजीव अग्रवाल आदि ने झंडा दिखाकर रैली को रवाना किया। इस अवसर पर विधायक राज सिन्हा ने कहा कि मोदी सरकार के नौ साल के शासनकाल में देश के हर तबके का सामूहिक विकास हुआ है। देश-विदेश में भारत का सुनाम हुआ है। लोगों से अपील है कि 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा को फिर से वोट देकर नरेंद्र मोदी को ही तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में भूमिका निभाएं। वहीं, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 9 वर्षों का कार्यकाल ऐतिहासिक रहा है। इस अविध में देश ने पूरे विश्व में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। देश आत्म निर्भर बना और तेजी से विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को हर दृष्टिकोण से सशक्त करने का कार्य किया। मुद्रा योजना के माध्यम से करोड़ों युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया गया। जबकि भाजयुमो प्रदेश महामंत्री रूपेश सिन्हा ने कहा कि 2014 में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अगुवाई में सरकार बनने के बाद युवाओं के हित में अनेकों कार्य हुए। धनबाद में ही केंद्र सरकार ने आईएसएम को आइआइटी बनाकर ऐतिहासिक कदम उठाया। धनबाद शैक्षणिक दृष्टि से और मजबूत हुआ। इस मौके पर नितिन भट्ट, श्रवण राय, संजय झा, मानस प्रसून, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमलेश सिंह, मुकेश सिंह, राजकुमार अग्रवाल, जयंत चौधरी, तमाल राय, विशाल सिन्हा, बृजनंदन, अजय कांत सिन्हा और पिंटू सिंह आदि उपस्थित थे।




भाजयुमो की ओर से निकाली गई बाइक रैली को रवाना करते विधायक राज सिन्हा, जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह व अन्य। रैली में शामिल रागिनी सिंह व अन्य

## आर्ट ऑफ लिविंग की तीन दिवसीय विशेष हैप्पीनेस कार्यशाला का समापन



### जीवन जीने की कला व समस्याओं के निवारण से संबंधित दिए गए कई गुरुमंत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** रोटरी गिरिडीह की ओर से श्याम सेवा समिति में आयोजित आर्ट ऑफ लिविंग की तीन दिवसीय विशेष हैप्पीनेस कार्यशाला संपन्न हुई। साधना, सेवा, सत्संग, सुदर्शन क्रिया से जीवन जीने की कला व समस्याओं के निवारण से संबंधित कई गुरुमंत्र दिए गए। तीन दिवसीय कार्यशाला में प्रतिभागियों ने ज्ञान, ध्यान प्राणायाम, योगआसन और दी आर्ट ऑफ लिविंग की फ्लैगशिप लयात्मिक स्वांस की प्रक्रिया सुदर्शन क्रिया को सीखा। जिसके निरंतर अभ्यास से मन शांत, एकाग्रता, रोग प्रतिरोधक शक्ति की वृद्धि, जीवन कार्य में कुशलता व तनावमुक्त और क्रोध संयम की तकनीक जानी। दी आर्ट ऑफ लिविंग की विभिन्न कार्यशाला समाज के सभी स्तर के लोगों (जेल में सजा काट रहे कैदी, गांव में नशामुक्ति और बच्चों के लिए पढ़ाई के साथ सफाई, कॉर्पोरेट लेवल के लिए स्ट्रेस मैनेजमेंट और मीडिया और पुलिस कर्मी के लिए तनावमुक्त व रोगप्रितरोध शक्ति वृद्धि) के लिए है। इसलिए दुनिया भर के 180 से भी ज्यादा देशों में कार्यशाला लोकप्रिय है जिसकी लाभ लाखों जन ने पाया है। इस मौके पर रोटरी गिरिडीह के अध्यक्ष मनीष तरवे, सचिव आशीष तारवे के अलावा 35 सदस्य भी शिविर में शामिल हुए।

## इकबाल मार्केट में राज मिस्त्री की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** बैंक मोड़ थाना अंतर्गत टिकियापाड़ा डुमरिया टांड़ स्थित इकबाल मार्केट में पेशे से राज मिस्त्री वृद्ध व्यक्ति की हत्या कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान शुभान अंसारी (60) के रूप में की गयी है। हत्या की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। देखते ही देखते सैकडों लोग घटनास्थल पर जुटने लगे। वहीं, पड़ोसियों का कहना है की सुभान के कमरे में रात भर टीवी चालू था। रविवार की सुबह जब टीवी बंद नहीं हुआ तो उनके घर के बगल में ही रहेन वाले भतीजे खबर दी गयी। वह घर पहुंचा तो देखा कि शुभान अंसारी के शरीर से खून निकल रहा है। उसने तुरंत परिजनों को इसकी सूचना दी। साथ ही बैंक मोड़ पुलिस को भी खबर दी गयी। सूचना मिलते ही बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए और जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद ही डीएसपी (विधि व्यवस्था) अरविंद कुमार बिन्हा भी मौके पर पहुंच दए। वहां रह रहे अन्य किरायेदारों का कहना है कि सीसीटीवी कैमरा चालू था। घटना को अंजाम देने वाला कैमरा का तार नोच दिया होगा। बता दें कि शुभान अंसारी कालूबथान चीरूडीह के रहने वाले था। बहुत दिन से इकबाल मार्केट में किराये के मकान में रह कर राजमिस्त्री का काम करते थे। सुभान ने दो शादी की थी। वहीं, मौके पर पहुंचे शुभान अंसारी की पहली पत्नी के बेटे बसीर अंसारी निरसा विधासभा कलियासोल पंचायत के सरपंच है। उन्होंने बताया कि एक महिला से कोर्ट मैरिज की थी। महिला ने पूर्व में एक बार कुछ लोगों को भेज कर उनके पिता से मारपीट भी करवाया था। महिला वासेपुर में रहती है। उशका नाम मेहरूम बीबी जो, गोमो लालूडीह की रहने वाली है। बेटे ने आशंका जताई कि हत्या के पीछे उसी महिला का हाथ है। वहीं, दूसरी मां की बेटी जोया प्रवीन और नगमा परवीन घटनास्थल पर पहुंची। बताया कि उनकी मां का चार साल से आना जाना नहीं है। छोटी बेटी ने कहा कि पिता से बीते 13 जुलाई को मुहर्रम को लेकर बात हुई थी। जोया ने कहा कि जैसा की पहली पत्नी के पुत्र कह रहे हैं कि पिता की हत्या मां ने करवाया है यह सरासर गलत है। वहीं, डीएसपी विधि व्यवस्था अने बताया कि सीसीटीवी कैमरा की जांच की जा रही है, जिसने भी घटना को अंजाम दिया है उसकी शिनाख्त कर उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## राशन कार्डधारियों के बीच खराब किस्म के कपड़ों का वितरण नहीं करें: जिप अध्यक्ष



आजाद सिपाही संवाददाता

**ललपनिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत होसिर पश्चिमी पंचायत सचिवालय भवन के डीलर समूहों की ओर से संयुक्त रूप से सोना-सोबरन धोती-साड़ी व लुंगी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बोकारो जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी के अलावा मुखिया पार्वती देवी, पंचायत समिति सदस्य महेश रविदास, समाजसेवी चितरंजन साव उपस्थित थे। इस दौरान सैकड़ों राशन कार्डधारियों के बीच धोती-साड़ी व लुंगी का वितरण किया। मौके पर वार्ड सदस्य युगेश्वर रविदास, गीता देवी, संतोषी देवी, ठोकरी देवी भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी व समाजसेवी चितरंजन साव ने कहा कि यह सरकार की एक अच्छी योजना है। जिसमें महिला और पुरूष को वस्त्र दिया जा रहा है। लेकिन शिकायतें मिल रही कि जिस तरह के धोती-साड़ी गरीब लाभुकों को दिया जा रहा है वह काफी खराब किस्म का है। सरकार कीओर से यह योजना इसी लिए लागू की गई, ताकि कार्डधारियों को अच्छा से अच्छा वस्त्र दे सकें। कहा कि इसकी शिकायत डीसी से करते हुए मांग करेंगे कि जांच कर गरीब कार्डधारियों के लिए डीलरों के बीच लाभुकों के पसंद लायक धोती साड़ी व लुंगी उपलब्ध कराएं। वहीं, मुखिया पार्वती देवी ने कहा यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। 10 रुपये में गरीब कार्डधारियों को तन ढकने के लिए झारखंड सरकार की ओर से उक्त योजना की शुरूआत की गई है। पंसस महेश रविदास ने कहा कि सोना-सोबरन योजना के तहत कार्डधारियों के बीच धोती, साड़ी एवं लुंगी का वितरण किया गया। सभी लाभुकों को सही तरीके से योजना का लाभ मिले। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। इस मौके पर डीलर चिड़न रविदास, नरेश रविदास, मनोज रविदास, लालमोहन साव, मानस डे रंजीत कुमार, नारायण रविदास, मानिकचंद रविदास मिहीलाल रविदास, महावीर प्रजापति, राजकुमार रविदास छोटी यादव, परमेश्वर रविदास आदि थे।

# समाज के प्रति हम सभी की बड़ी जिम्मेवारी है, जिसे समय पर पूरा करना हमारा कर्तव्य : प्रधान जिला जज

### दुष्कर्म पीड़ितों की गरिमा बनाये रखने में न्यायपालिका की अहम भूमिका : पोक्सो जज

आजाद सिपाही संवाददाता




मंच पर उपस्थित प्रधान जिला जज समेत अन्य गणमान्य।

**धनबाद।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर टाउन हॉल में आयोजित एकदिवसीय जिला स्तरीय मल्टी स्टेक होल्डर कंसल्स्टेशन कार्यक्रम का उद्घाटन रविवार को धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा, डीडीसी शशि प्रकाश सिंह, ग्रामीण एसपी रेष्मा रमेशन और बार एसोसिएशन के महासचिव जीतेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर न्यायाधीश ने कहा कि समाज के प्रति हम सभी की जिम्मेवारी है जिसे समय पर पूरा करना हमारा कर्तव्य है। सड़क दुर्घटना में समय पर कागजात कोर्ट में जमा नहीं किए जाने के कारण मृतकों के परिजनों को मुआवजा नहीं मिल पाता है। इस विषय पर पुलिस पदाधिकारियों को संदेश देते हुए जिला जज ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा है कि सड़क दुर्घटना के मामले में किसी भी हालत में 48 घंटे के अंदर दुर्घटना सूचना रिपोर्ट ट्रिब्यूनल को भेज देनी है। ऐसा नहीं करने पर थाने के भार साधक अधिकारी पर कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने कहा कि यदि समय पर पुलिस ऐसा कर दे तो मृतक के परिजनों को तमाम मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा। यह समाज के प्रति हमारा कर्तव्य है। वहीं, डीडीसी शशि प्रकाश सिंह ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के कमजोर वर्ग के लोग इतनी मजबूत नहीं होते कि वह अपने अधिकारों के लिए सक्षम तरीके से लड़ाई लड़ सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकार उनको स्वस्थ, सुलभ और सस्ता न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं, कार्यशाला को संबोधित करते हुए धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह ने कहा कि दुष्कर्म पीड़ितों के अधिकार की सुरक्षा में न्यायपालिका का अहम रोल है अनुसंधान में चूक के कारण कई अपराधी अपराध करके भी बच जाते है। उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को अनुसंधान की बारीकियों के बारे में भी बताया। कहा कि नाबालिग से दुराचार के मामले में पुलिस पदाधिकारियों का दायित्व है कि वह चौबीस घंटे के अंदर पीड़िता का मेडिकल जांच कराएं और उसके उम्र निर्धारण के लिए संबंधित दस्तावेज एकत्रित करें। जबकि जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप ने बच्चों के संबंध में नालसा की ओर से चलाए जा रहे फोस्टर केयर प्रोजेक्ट, शिशु प्रोजेक्ट के विषय में जानकारी दी। इसके पूर्व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजय कुमार सिंह की ओर से स्वागत भाषण किया गया। मंच संचालन प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी अनुष्का जैन व धन्यवाद ज्ञापन अवर न्यायाधीश निताशा बारला ने किया। इस मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश तोफिकुल हसन, अवर प्रधान न्यायाधीश प्रेमलता त्रिपाठी, लेबर जज नीरज कुमार श्रीवास्तव, जिला एवं सत्र न्यायधीश सुजीत कुमार सिंह, प्रभाकर सिंह, रजनीकांत पाठक, नीरज कुमार विश्वकर्मा, अखिलेश कुमार, स्वंयभू, राजकुमार मिश्रा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजय कुमार सिंह, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कुलदीप, अवर न्यायाधीश राजीव त्रिपाठी, सफदर अली नायर, शिवम चौरसिया, स्वेता कुमारी, ऐंजोलिना जॉन, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी अंकित कुमार सिंह, डीएसपी मुख्यालय अमर पांडे, ट्रैफिक डिएसपी राजेश कुमार सभी थानों के थाना प्रभारी व अवर पुलिस निरीक्षक पद के पदाधिकारी, अपर लोक अभियोजक, अवधेश कुमार, मो जब्बार हुसैन, सहायक लोक अभियोजक उमेश दीक्षित, राजीव उपाध्याय, सोनी कुमारी, समित प्रकाश रोहित आनंद, उदय प्रकाश, सौरव विशाल सामत, प्रीतम कुमार बंटी, मनिंदर कुमार, डालसा सहायक, सौरव सरकार, अरुण कुमार, संजय सिन्हा, अनुराग पांडे, अक्षय कुमार, हेमराज चौहान ,चंदन कुमार, राजेश कुमार सिंह, डीपेंटी गुप्ता, गीता कुमारी आदि उपस्थित थे।

## रेलवे अस्पताल में नवजात शिशु मिलने से सनसनी

**कतरास (आजाद सिपाही।** कतरास रेलवे ग्राउंड के समीप रेलवे अस्पताल परिसर में स्थित मंदिर के पास कलियुग मां द्वारा अपना नवजात बच्चा छोड़ कर फरार हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। रविवार की सुबह नवजात शिशु (लड़का) को लावारिस अवस्था में रोत देख लोगों की भीड़ जुट गई। इस दिन सबसे पहले पानी भरने पहुंचे स्थानीय लोगों की नजर बच्चे पर पड़ी। यह खबर जंगल में लगी आग की तरह चारो ओर फैल गयी। इसके बाद बच्चे को देखने के लिए काफी संख्या में लोग जुट गए हैं। हालांकि भीड़ के बीच से निकली एक महिला ने नवजात को गोद लेकर उसका भरण पोषण करने की बात कही है। उधर, नवजात बच्चे के मिलने की सूचना कतरास थाने को भी दे दी गई। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दिया है। समाचार लिखे जाने तक बच्चों को वहां फेंकने वाली महिला का पता नहीं चल सका है।

## विधायक राज सिन्हा, रागिनी सिंह, बॉबी पांडे ने किया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन




**कतरास (आजाद सिपाही)।** समर्पण एक नेक पहल संस्था की ओर से आयोजित बी ब्लॉक विवाह भवन परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन रविवार को धनबाद विधायक राज सिन्हा, रागिनी सिंह एवं बॉबी पांडे ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में बंगाल के दुगार्पुर स्थित विवेकानंद अस्पताल के विशिष्ट चिकित्सकों द्वारा ह्रदय रोग, स्त्री रोग, त्वचा रोग, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ईसीजी समेत कई अन्य प्रकार की जांच की गई। शिविर में 220 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराया। साथ ही भूली ब्लड डोनर ग्रुप एवं रोटी बैंक धनबाद के संयुक्त तत्वधान में समर्पण एक नेक पहल संस्था के साथ-साथ संस्था की महिला दात्रियों को रक्तदान एवं सामाजिक कार्य में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाने के लिए सम्मानित भई किया। इस मौके पर भूली समर्पण एक नेक पहल संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान, ब्लड डोनर ग्रुप के संस्थापक रवि सिंह, रोटी बैंक यूथ क्लब के अध्यक्ष रवि शेखर, तारा देवी रूपा चौहान, रूपा कुमारी, ममता बरनवाल, सोनाली नायक, धीरज सिंह, सोनू कुमार और अमन कुमार आदि उपस्थित थे।

### सर जेसी बोस सीएम उत्कृष्ट बालिका विद्यालय में वृहद पौधरोपण का आयोजन

# वृक्ष लगाओ जीवन बचाओ : प्रधानाचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता




पौधारोपण कार्यक्रम में शालि स्कूली छात्राएं, प्रबंधकीय पदाधिकारी व अन्य।

**गिरिडीह।** झारखंड सरकार की स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के माध्यमिक निदेशालय की ओर से उपलब्ध कराए गए एकेडमिक कैलेंडर के तत्वावधान में सर जेसी बोस सीएम उत्कृष्ट विद्यालय बालिका में वृहत वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। साथ ही विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा, योगा और पीटी के आयोजन के साथ ही 9वीं और 10वीं के 10 शिक्षण के 22 चयनित विद्यार्थियों के बीच हिंदी और अंग्रेजी कविता पाठ की प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बतौर निर्णायक की भूमिका में सीसीए की टीम संध्या संथालिया सपना कुमारी और राकेश कुमार उपस्थित थे। चाइनीस हिंदी के तीन सर्वश्रेष्ठ और अंग्रेजी के तीन सर्वश्रेष्ठ कविता पाठ करने वाले विद्यार्थियों को 15 अगस्त को सम्मानित किया जाएगा। वृक्षारोपण कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक देवेंद्र प्रसाद सिंह और वर्तमान प्रधानाध्यापक मुन्ना प्रसाद कुशवाहा द्वारा वृक्ष लगाकर आरंभ किया गया। वृक्षारोपण में विद्यालय के बाल संसद के तमाम पदाधिकारी, सभी कक्षाओं के मॉनिटर और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने करीब 22 पौधे लगाकर विद्यालय के सौंदर्य में वृद्धि किया. ळघए डांत वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ के थीम पर्यावरण को स्वच्छ और जीवन को संभव बनाने के लिए सरकार के निर्देश पर वृक्षारोपण सप्ताह में सहभागी बने। इसमें कई तरह के शो प्लांट्स विद्यालय परिसर में लगाए जायेंगें। बाल संसद, पर्यावरण मंत्री और सभी पदाधिकारियों ने इसे सीखने और सवारने की शपथ की। प्रार्थना सभा में ही शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने वृक्ष लगाओ जीवन बचाओ का नारा दिया। प्रधानाध्यापक ने विद्यार्थियों के बीच वृक्ष की महत्ता सुंदरता और इसके सकारात्मक प्रतिफल पर विस्तार से चर्चा की। इस कार्यक्रम में पापिया सरकार, संध्या सुनपालिया, गीता कुमारी, मोहम्मद अख्तर अंसारी, कुसुम कुमारी, अमृता कुमारी, नाजिया शाहीन, इंद्रदेव साहू, राकेश कुमार, खुर्शीद अंसारी, शोभा पांडे, वीणा पुलेज मरांडी, समीर सोरेन, वादिनी नरेश मुर्मू आदि उपस्थित थे।

## दर्जी दुकान की छत तोड़ कर चोरी



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** लोयाबाद मोड़ स्थित हनुमान मंदिर के समीप शनिवार की रात में चोरों ने न्यू दुल्हन नामक दर्जी दुकान की छत के एस्बेस्टर्स शीट को तोड़कर करीब 15 हजार रुपये के कपड़े चोरी कर लिये। इसकी सूचना पाकर लोयाबाद पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच में जुट गयी। दुकानदार जहीर अंसारी ने बताया कि रविवार की सुबह में जब उसने दुकान खोला तो घटना की जानकारी हुई। देखा कि एस्बेस्टर्स शीट टूटा हुआ है और दुकान में रखे कपड़े इधर उधर बिखरा पड़े है। गल्ला में रखा 150 रुपये नकद और चार जोड़ा मंहगा सलवार सूट गायब है। ये ग्राहकों के कपड़े थे जो सीने के लिए आया हुआ था। दुकान में एक साल के अंदर चोरी की यह दूसरी घटना है। दुकानदार ने बताया कि करीब एक साल पहले दुकान में चोरी हुई थी। तब चोरों ने 15 हजार रुपए नकद व करीब 20 हजार रुपए के सामान चोरी कर लिए थे। इस बाबत थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की थी। हालांकि तब से आज तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई। इस बाद भी लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग करेंगे। देखते हैं इस बार भी पुलिस घटना का उद्भेदन कर पाती है कि नहीं।

## न्यूज रील्स

### नालंदा : बोरवेल में गिरा शिवम निकाला गया



नालंदा। बिहार के नालंदा में 90 फीट गहरे बोरवेल में गिरे तीन साल के मासूम को जिंदा बाहर निकाल लिया गया है। लगभग 8 घंटों के रेस्क्यू के बाद टीम को सफलता मिली। बाहर निकलते ही मेडिकल टीम ने बच्चे का चेकअप किया और उसे स्थानीय अस्पताल में इलाज के लिए भेज दिया। बच्चा डोमन मांझी का पुत्र शिवम कुमार है। बताया जा रहा है कि बच्चे की मां खेत में मिर्च तोड़ने गई थी, इस कारण वह भी पीछे-पीछे चला गया। वह बोरवेल के गड्ढे के पास खेल रहा था। इसी दौरान वह उसमें गिर गया था।

### अबकी बार नीतीश कुमार का आखिरी 'पलट'

वाराणसी। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय राज्य मंत्री अश्विनी चौबे ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा है। वाराणसी में पत्रकारों से बातचीत में अश्विनी चौबे ने नीतीश कुमार के प्रधानमंत्री बनने के सपने पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रहे हैं, जो कभी पूरा होने वाला नहीं हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने जब-जब ऐसा सपना देखा है, वे जीरो पर चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि पलटू राम का भविष्य भी गर्त में है। नीतीश कुमार हमेशा पलटते रहते हैं, अब उनका अंतिम पलट होगा।

### ज्ञानवापी मस्जिद का खंडवा के शिव मंदिर से है खास कनेक्शन

वाराणसी। ज्ञानवापी मस्जिद के मामले में मस्जिद के वजु स्थान को छोड़ कर एएसआइ सर्वे की अनुमति मिली है। वाराणसी कोर्ट के इस फैसले के आने के बाद खंडवा के प्राचीन शिव मंदिर की यादें ताजा हो गईं। कुछ इसी तरह एएसआई के सर्वे के आधार पर मध्य प्रदेश के खंडवा में एक शिव मंदिर का फैसला हुआ था। खंडवा में भी एएसआई ने सर्वे कर कार्बन डेटिंग कर एक शिव मंदिर को 12वीं सदी का बताया था। इस मामले की जानकारी लेने ज्ञानवापी मस्जिद मामले में हिंदू धर्म के पक्षकार वकील खंडवा पहुंचे थे।

# हीराकुंड बांध से बाढ़ का पहला जल छोड़ा गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर, संबलपुर।** हीराकुंड बांध से 5 स्लुइस गेट के जरिए बाढ़ का पानी खुला गया। साल का पहला बाढ़ का पानी नदी में छोड़ा गया। परंपरा के अनुसार पूजा अर्चना के बाद सबसे पहले गेट नंबर सात से छोड़ा गया। इसके बाद चार गेट को समय-समय पर खोले जायेंगे। रविवार को सुबह नौ बजे हीराकुंड डैम से बाढ़ का पहला पानी छोड़ा गया। कुल पांच स्लुइस गेट के माध्यम से बाढ़ के पानी को छोड़ा जायेगी। प्रति सेकंड 75,000 लीटर पानी छोड़ा गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक भारी बारिश के कारण हीराकुंड जलाशय में पानी का स्तर धीरे-धीरे बढ़ रहा है। अभी बांध का जलस्तर 614.43 फीट है। हीराकुंड जलाशय में हर सेकेंड 64 हजार 659 क्यूसेक पानी आ रहा है जबकि हर सेकेंड 16 हजार 869 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज हो रहा है। इसमें से 37,378 क्यूसेक पानी बिजली चैनलों के माध्यम से नदी में छोड़ा गया है, जबकि 3073 क्यूसेक पानी सिंचाई के लिए नहरों में छोड़ा गया है। पिछले साल 18 जुलाई को उस साल की पहली बाढ़ का पानी निकाला गया था जलस्तर को देखते हुए बांध के अधिकारियों ने यह फैसला लिया है। ऊपरी इलाकों में हो रही बारिश के कारण जलाशय में जलस्तर बढ़ रहा है। बाढ़ के पानी की निकासी से महानदी और शाखा नदी का जलस्तर बढ़ेगा। इस संबंध में बांध के अधिकारियों ने नदी से गुजरने वाले जिलों को सतर्क रहने की चेतावनी दी है।

# केनरा बैंक की मेगा ग्राहक बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** केनरा बैंक, अंचल कार्यालय, भुवनेश्वर द्वारा क्राउन होटल नयापल्ली, भुवनेश्वर में आयोजित मेगा ग्राहक बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बी चंद्रशेखर राव, महाप्रबंधक, केनरा बैंक, प्रधान कार्यालय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। दीप प्रज्ज्वलन के बाद बैठक की औपचारिक शुरुआत हुई। केनरा बैंक अंचल प्रमुख जगदीश चंद्र ने बी चंद्रशेखर राव, महाप्रबंधक, केनरा बैंक, प्रधान कार्यालय, हमारे सम्मानित ग्राहकों और गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए एक संक्षिप्त स्वागत संबोधन दिया। फिर मंडल प्रबंधक विवेक पाटनी द्वारा बैंक के विभिन्न उत्पादों पर एक पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन दिया गया। उसके बाद बातचीत सत्र शुरू हुआ और हमारे सम्मानित ग्राहकों को केनरा बैंक के साथ बैंकिंग सेवा पर अपने अनुभव और यदि कोई शिकायत हो तो उसे साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया। अध्यक्षीय संबोधन बी चंद्रशेखर राव, महाप्रबंधक, केनरा बैंक, प्रधान कार्यालय द्वारा दिया गया। बैठक में उपस्थित सभी ग्राहकों को केनरा बैंक, प्रधान कार्यालय के महाप्रबंधक बी चंद्रशेखर राव और भुवनेश्वर अंचल प्रमुख जगदीश चंद्र द्वारा शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन केनरा बैंक के सहायक महाप्रबंधक रीता दास द्वारा दिया गया।

# भुवनेश्वर मार्केट बिल्डिंग कब खुलेगी!

**परमानेंट मर्चेंट्स एसोसिएशन, बीएमसी और ऊठा दुकानदार के बीच विवाद के कारण बंद है मार्केट बिल्डिंग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राजधानी का सबसे बड़ा व्यवसाय बाजार मार्केट बिल्डिंग है, जहां न केवल राजधानी के वासिंदे, बल्कि खुर्दा पुरी के ग्राहक भी व्यापार करने के लिए यहां आते हैं। अफसोस की बात है कि मार्केट बिल्डिंग परमानेंट मर्चेंट्स एसोसिएशन, बीएमसी और ऊठा दुकानदार के बीच विवाद के कारण दुकान पिछले 17 तारीख से बंद है।

मार्केट बिल्डिंग परमानेंट मर्चेंट्स एसोसिएशन ने मांग की है कि बीएमसी ऊठा दुकानदार को तुरंत अंदर से हटा दे। हालांकि, बीएमसी उन्हें कानूनी प्रतिबंधों के साथ बेदखल नहीं कर सकती है। इस बीच ऊठा दुकानदार संघ भी हड़ताल पर चला गया है। उनकी मांग है कि हमारा वहां पुनर्वास किया जाये। हालांकि मार्केट बिल्डिंग परमानेंट मर्चेंट्स एसोसिएशन वर्तमान में राजधानी में विभिन्न व्यापारी संघों के साथ बातचीत कर रहा है। राजधानी में सभी व्यवसायों को बहुत जल्द बंद करने का प्रस्ताव है। यदि ऐसा होता है, तो व्यापारिक परिवारों सहित हजारों ग्राहकों को भी नुकसान होगा। यह बीएमसी को महंगा पड़ेगा।

मार्केट बिल्डिंग के स्थायी संघ और ऊठा दुकानदार के बीच विवाद पुराना है। उनके बीच कई सालों से अनबन चल रही है। समस्या दूर करने के लिए दुकानदार को बीच में हटा दिया गया था। हालांकि कुछ महीनों के बाद वे धीरे-धीरे जमीन पर वापस आने लगे। मामला अब अदालत में पहुंच गया।

अब बीएमसी बार-बार कहती है कि वह कोर्ट के आदेश पर विचार करेगी और कार्रवाई करेगी, लेकिन यह कार्रवाई में तब्दील नहीं होती है। परमानेंट ट्रेडर्स एसोसिएशन ने बीएमसी मेयर, कमिश्नर से मुलाकात की, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला है।

कमिश्नर का कहना है कि हमें कुछ और समय दीजिए। आंदोलन छोड़िये, जबकि वह स्थायी ट्रेड यूनियन के साथ मानने के बजाय आंदोलन को और तेज करने पर तुले हैं। वे आने वाले दिनों में राजधानी के सभी ट्रेड यूनियनों के साथ बैठक कर पूरे भुवनेश्वर को बंद करने की योजना बना रहे हैं।

# कोल इंडिया अध्यक्ष पीएम प्रसाद ने एमसीएल के ईब वैली कोयलाचंल के खनन कार्यों का किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर/झारसुगुड़ा।** कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पीएम प्रसाद ने ईब वैली कोलफील्ड्स का दौरा किया और कोयला खनन कार्यों और प्रेषण कार्यों का निरीक्षण किया। कोल इंडिया के अध्यक्ष का कार्यभार संभालने के पश्चात श्री प्रसाद ने महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) की अपनी पहली दौरा किया। एमसीएल के परिदर्शन में आने पर एमसीएल के निदेशक (तकनीकी/संचालन) जेके बोरा, निदेशक (वित्त) एके बेहुरा और निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) एएस बापट आदि ने उनका भव्य स्वागत किया।

एमसीएल की कॉर्पोरेट संयुक्त सलाहकार समिति (जेसीसी) की बैठक की अध्यक्षता करने के बाद कोल इंडिया के अध्यक्ष श्री प्रसाद ने बेलपहाड़ खुली खदान परियोजना और लखनपुर खुली खदान परियोजना का दौरा किया और खनन कार्यों का निरीक्षण किया। कोल इंडिया के अध्यक्ष श्री प्रसाद ने लखनपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ईब वैली कोल वाशरी जो कोल इंडिया की 10 एमटीपीए की सबसे बड़ी नॉन-कोकिंग कोल वाशरी का भी दौरा किया और स्टॉक स्थिति का भी जायजा लिया। अध्यक्ष श्री प्रसाद ने निमार्णाधीन न्यू वाई-कर्व रेलवे साइडिंग का भी निरीक्षण किया, जो कि ईब वैली क्षेत्र के समलेश्वरी ओसीपी से कोयला प्रेषण बढ़ाने में मदद करेगा।

# भुवनेश्वर में डेंगू से सात साल की बच्ची की मौत

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राजधानी में इस साल की पहली डेंगू से मौत की सूचना मिली है। खड़गिरी धर्मबिहार इलाके के वार्ड नंबर 63 में 7 साल की बच्ची की डेंगू से मौत की सूचना मिल रहा है। बच्ची का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा था। परिवार का आरोप है कि इलाज के कारण रविवार को उनकी मौत हो गयी। अब राजधानी के अलग-अलग हिस्सों में डेंगू फैल रहा है। खासकर पुराने भुवनेश्वर, नयापली, खड़गिरी, धर्मबिहार जैसे इलाकों में चिंता बढ़ रही है। वहीं, डेंगू से बचाव के लिए बीएमसी और स्वास्थ्य विभाग की ओर से कई उपाय किये जा रहे हैं।







# ओड़िशा के चार सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी कांग्रेस में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** कांग्रेस के सिद्धांतों और आदर्शों से प्रेरित होकर राज्य के 4 वरिष्ठ पूर्व प्रशासनिक अधिकारी पार्टी में शामिल हो गये हैं। वे हैं पूर्व एमएसएमई सचिव पंचानन दास, विशेष सचिव इस्पात एवं खान विश्वनाथ आचार्य, सेवानिवृत्त बीडीए गृह विभाग (प्रोटोकॉल) के सचिव एवं विशेष सचिव रवींद्र नाथ मिश्र, सेवानिवृत्त ओएएस उद्धव कर कांग्रेस में शामिल हो गये हैं। इस अवसर पर कांग्रेस प्रभारी डॉ ए चेल्ला कुमार और ओडिशा प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष शरत पटनायक और प्रचार कमिटी के अध्यक्ष बिजय पटनायक ने रविवार को पीसीसी कार्यालय में आयोजित समारोह में गुलदस्ते देकर आनुष्ठानिक रूप से कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया। इस कार्यक्रम में कांग्रेस नेता भुजबल माझी, डॉ ललाटेंदु महापात्र, मानस चौधरी, सुदर्शन दास, तरूण मिश्र, अशोक दास, मनोरंजन दास, रजनी महांति, प्रकाश मिश्र, सुब्रत महापात्र, मोतीलाल दास, नरोत्तम नायक, प्रदीप महापात्र, मिहिर आचार्य आदि मौजूद थे।







# केंद्रीय मंत्री ने भुवनेश्वर रोजगार मेले में 181 को दिया नियुक्ति पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** अपने देश को दुनिया की नंबर 1 अर्थव्यवस्था बनाने के लिए युवाओं में प्रतिभा का होना जरूरी है। इसके लिए आपको सॉफ्टवेयर की तरह दो कोडिंग अपने दिमाग में रखनी होगी। पहला मैं जो कर रहा हूं, वह समाज, देश और मानवता के लिए है और दूसरा हमें खुले दिमाग से निर्णय लेना है। केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नवनियुक्त युवाओं को सलाह दी है कि इन दो दृष्टिकोणों को अपनाकर ही विकसित भारत की परिकल्पना को पूरा किया जा सकता है।

श्री प्रधान ने शनिवार को भुवनेश्वर के रेलवे ऑडिटोरियम में 'राष्ट्रीय रोजगार मेले' के सातवें चरण का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने भारत सरकार के सीबीआइसी, नालको, सेल, डाक विभाग, आइआइटी भुवनेश्वर, बैंक, भारतीय रेलवे, भारतीय खाद्य निगम एवं विभिन्न विभागों में नव नियुक्त 181 युवक-युवतियों को स्थायी रोजगार पत्र वितरित किये. उन्होंने अपने जीवन का नया अध्याय शुरू करने वाले सभी युवाओं और उनके परिवारों को शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का विकास तेजी से हो रहा है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता बन गया है। भारत 3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन गया है। इसे दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में मान्यता दी गयी है। हाल के वर्षों में देश में डिजिटल मनी लेनदेन, दूरसंचार, बैंकिंग, डाक सेवाएं, भारतीय रेलवे, स्टार्टअप नयी ऊंचाइयों को छू रहे हैं।

हमारे पास अगले 25 वर्षों के लिए एक दृष्टिकोण है। प्रधानमंत्री मोदी ने नवनियुक्त युवाओं को विकसित भारत के योद्धाओं में से एक बताया है। उन्होंने सभी को आधुनिक दुनिया में जीवन जीने में आसानी की आदत डालने की सलाह दी। इसलिए अगर भारत को आगे बढ़ना है तो उसे योजना बनानी होगी। अनुसंधान को नवाचार के साथ-साथ चलना होगा।

वर्तमान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) और मानव बुद्धिमत्ता के बीच प्रतिस्पर्धा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसे देखते हुए भारत को नई दुनिया में नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए नये विचारों के माध्यम से अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करना होगा।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**